सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 06 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 6, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा**

इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा। } 14

**विकसित राष्ट्र बन गया निश्चित लक्ष्य : धनखड़**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं, बल्कि एक निश्चित लक्ष्य है। } 16



## संक्षेप

### नदी में गिरा वाहन चार लोगों की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर नदी में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पद्दार इलाके में हुई दुर्घटना के बाद चालक समेत दो लोग लापता हैं। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है। उधमपुर से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह जानकर दुख हुआ कि वाहन में सवार चार यात्री मृत पाए गए हैं। चालक सहित दो अन्य व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। शोकसंतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

### जेलेंस्की सहयोगियों से मांगेंगे मदद

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह जर्मनी में इस सप्ताह होने वाली बैठक में अपने सहयोगियों से अपनी हवाई सुरक्षा बढ़ाने का आह्वान करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि जर्मनी के रामस्टीन वायुसेना ठिकाने पर बृहस्पतिवार को होने वाली रामस्टीन समूह की बैठक में दर्जनों साझेदार देश हिस्सा लेंगे, जिनमें वे देश भी शामिल होंगे जो न केवल मिसाइलों से बचाव के लिए, बल्कि निर्देशित बमों और रूसी विमानन के खिलाफ भी हमारी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शनिवार को अपने रात्रिकालीन संबोधन में कहा कि हम उनके साथ इस पर चर्चा करेंगे और उन्हें मनाने का प्रयास जारी रखेंगे। हमारा लक्ष्य अब भी हमारी वायु रक्षा को मजबूत करना है। अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड जे. ऑस्टिन इस बैठक में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अक्टूबर में रामस्टीन में होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले थे, लेकिन अमेरिका में आए तूफान मिल्टन के कारण वह शामिल नहीं हो सके। जेलेंस्की यह मांग ऐसे समय करेंगे जब अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को कार्यभार संभालेंगे।

### दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष कारावास की सजा

बलिया (उप्र)। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले की एक अदालत ने 15-वर्षीया नाबालिग किशोरी को अगवा कर उसके साथ बलात्कार करने के एक वर्ष पुराने मामले में एक आरोपी को शनिवार को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अभियोजन विभाग के प्रभारी संयुक्त निदेशक पी एन स्वामी ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश प्रथमकांत की अदालत ने शनिवार को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी विक्की को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और तीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। स्वामी ने घटना के संदर्भ में बताया कि जिले के चितबड़ागांव ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पोरबंदर में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत



एजेंसी

पोरबंदर। गुजरात के पोरबंदर के बाहरी इलाके में स्थित हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर उतरने के दौरान भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई जिससे चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पोरबंदर के पुलिस अधीक्षक भागीरथसिंह जडेजा ने बताया कि यह घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई जब आईसीजी का एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) नियमित उड़ान से लौट रहा था। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के रनवे पर उतरने की कोशिश करते ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दिल्ली में 12,200 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

### पीएम मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में की यात्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने वाले साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से सहित 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की और इस दौरान यात्रियों से संवाद भी किया।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के इस हिस्से के निर्माण की लागत करीब 4,600 करोड़ रुपये है। इस उद्घाटन के साथ ही दिल्ली को अपना प्रथम नमो भारत संपर्क मिल गया। इससे दिल्ली और मेरठ के बीच लाखों यात्रियों को तीव्र गति और आरामदायक यात्रा के



साथ उत्कृष्ट सुरक्षा और विश्वसनीयता का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो चरण-4 के अंतर्गत जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब I,200 करोड़ रुपये की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन किया। यह दिल्ली मेट्रो चरण-4 का पहला खंड है जिसका उद्घाटन किया गया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी, जनकपुरी के कुछ क्षेत्रों और इनसे जुड़े ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भुवनेश्वर में नौ को मोदी करेंगे प्रवासी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन

नयी दिल्ली। भुवनेश्वर में आठ जनवरी से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान तथा भारत के साथ उनके जुड़ाव को और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर मुख्य जोर होगा। सम्मेलन में प्रवासी भारतीय निवेशकों को आकर्षित करने के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि, नीतिगत सुधार और कई प्रमुख क्षेत्रों में विकास की प्रगति को भी प्रदर्शित किए जाने की संभावना है। अठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के शीर्ष व्यापारियों, उद्यमियों और अर्थशास्त्रियों सहित बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों के भाग लेने की उम्मीद है। 1915 में महात्मा गांधी के भारत लौटने के उपलक्ष्य में 9 जनवरी को पीबीडी मनाया जाता है।

## यूपी के विकास में कल्याण सिंह का अहम योगदान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रविवार को कहा कि उनका समाज के पुनर्निर्माण में अविस्मरणीय योगदान है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती पर यहां द मॉल एवेन्यू में आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने कहा उनकी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक कैंसर इंस्टीट्यूट और बुलंदशहर के मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी कल्याण सिंह के नाम पर किया है। योगी ने कहा कि सत्ता के लिए लोग सिद्धांतों की तिलांजलि दे देते हैं।

कुछ सत्ता प्राप्त करने के लिए मूल्यों के साथ समझौता करते हैं, लेकिन कल्याण सिंह जैसे व्यक्ति ने मूल्यों तथा सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। देश 1947 में आजाद हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों को पहली बार इसका अहसास तब हुआ जब मुख्यमंत्री पद की शपथ



ग्रहण करके कल्याण सिंह ने शासन व्यवस्था को आगे बढ़ाया। उस समय भी बहुत से लोग उन्हें अस्थिर करने के लिए अव्यवस्था फैलाने पर उतारू थे। इसकी परवाह किए बिना उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए सरकार की तिलांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण सिंह ने जो सपना देखा वह साकार हो गया। आज अयोध्या में राम जन्मभूमि पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### जनजातीय संस्कृति का संरक्षण तत्परता से कर रहा देशः योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि पूरा देश जनजातीय संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवा संवाद कार्यक्रम-2025 के तहत रविवार को अपने सरकारी आवास पर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने अपनी बातें रखीं और अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर की तिथि को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय दिवस) के रूप में घोषित की। योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार राष्ट्रपति पद पर जनजातीय महिला द्रौपदी मुर्मू भारत के गौरव को नयी उंचाई तक पहुंचाने में योगदान दे रही हैं। उत्तर प्रदेश का ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से नजदीकी संबंध है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। चित्रकूट में भगवान राम ने वनवास का सर्वाधिक समय यहीं व्यतीत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## झारखंड में एनआईए की नौ स्थानों पर छापेमारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने धन और आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी से जुड़े नक्सलवाद के मामले के सिलसिले में झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नौ स्थानों पर छापेमारी की। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया कि शनिवार को नौ स्थानों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा (माओवादी) से जुड़े संदिग्धों और ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के कई परिसर पर ली गई तलाशी के दौरान एनआईए ने मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड और अन्य वस्तुएं बरामद कीं। यह मामला 10,50,000 रुपये की नकदी, एक वॉकी-टॉकी, एक सैमसंग टैबलेट, एक पावर बैंक, एक रेडियो सेट, एक लेवी वसूली रसीद, एक पुल थ्रू, जिलेटिन की छड़ों की बरामदगी और जब्ती से जुड़ा है। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया कि भाकपा (माओवादी) के सदस्य मिसिर बेसरा का एक नेक बैंड, टाइटन चश्मा और अन्य वस्तुएं ...शेष पृष्ठ 14 पर

### नक्सली गतिविधियों में शामिल मनीष को यूपी एटीएस ने पकड़ा

लखनऊ। यूपी एटीएस नें नक्सली गतिविधियों में संलिप्त आरोपी मनीष को प्रयागराज से गिरफ्तार किया। बीती पांच जुलाई 2019 को नक्सल गतिविधियों को लेकर एटीएस नें धारा 121ए व 120 आईपीसी दर्ज किया था। यूपी एटीएस नें उत्तर प्रदेश के चार विभिन्न शहरों भोपाल व मध्य प्रदेश के कानपुर, देवरिया व कुशीनगर में सभी नामजद आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर उनके पास से उपलब्ध इलैक्ट्रॉनिक उपकरण व दस्तावेज बरामद किए है। एटीएस के मुताबिक इस मुकदमे की विवेचना के दौरान मनीष श्रीवास्तव व अमिता श्रीवास्तव उर्फ वर्षा के कब्जे से दूसरे के नाम पता के पहचान पत्र व वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पास बुक बरामद हुई थी। यह असली नाम-पता छिपाने के उद्देश्य से बनवाए गये थे। इसको लेकर इस मुकदमे में धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राज्य के दूसरे ट्रैक रूट में भी करेंगे सुधारः धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून से मसूरी रूट (राजपुर-झड़ीपानी रूट) पर ट्रैकिंग कर 'चले आइये -शीतकालीन यात्रा पर देवभूमि उत्तराखंड' का संदेश दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ट्रैकिंग न केवल साहसिक गतिविधियों का हिस्सा है बल्कि यात्रा के दौरान प्रकृति की अद्भुत सुंदरता व शुद्ध हवा और शांत वातावरण का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री की पत्नी गीता धामी ने भी साथ में ट्रैकिंग की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में इस तरह के अनेक ट्रैक विशेष आकर्षण का केंद्र है। शीतकालीन यात्रा के दौरान पर्यटक व स्थानीय लोग ट्रैकिंग का आनंद उठा सकते हैं। उन्होंने ट्रैक का पैदल निरीक्षण करते हुए इस मार्ग पर बेसिक



सुविधाओं को देखा। उन्होंने एमडीडीए को निर्देश दिये कि ट्रैक के नैचुरल लुक को बरकरार रखते हुए इस मार्ग पर देश-विदेश से आने वाले ट्रैकर्स, टूरिस्ट और आम-जनमानस को बैठने, खाने-पीने, शौचालय इत्यादि की बेसिक सुविधायें डेवलप की जाए। बेहतर स्वच्छता, रूट मार्गदर्शन के लिए आकर्षक साइनेज और रेलिंग लगायी जाये। इसके साथ ही सुरक्षा और आपातकालीन उपाय भी किये जायें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीनियर सिटीजन और पुराने ट्रैकर्स से भी बातचीत की और उनके द्वारा प्राप्त फीडबैक को भी रूट डेवलपमेंट में शामिल करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

### कोहरे से 100 उड़ानों के संचालन में देरी

नयी दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण रविवार को 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी भी उड़ान को न तो रद्द किया गया है और न ही मार्ग बदला गया है। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से पिछले तीन दिन से उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे पर अब भी दृश्यता कम है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने सुबह 8:45 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें। अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। डीआईएएल राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करता है।

## छत्तीसगढ़ में चार नक्सली ढेर

### छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी ने भी जान गंवाई

एजेंसी

दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक हेड कांस्टेबल की भी जान चली गई।

अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम को सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल नक्सल रोधी अभियान पर था तभी नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर दक्षिण अबूझमाड़ के एक जंगल में मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात गोलीबारी थमने के बाद घटनास्थल से चार नक्सलियों के शव और एके-47



राइफल तथा सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) सहित स्वचालित हथियार बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में डीआरजी के हेड कांस्टेबल सन्नू करम की भी जान चली गई। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को नक्सल रोधी अभियान शुरू किया गया था और इसमें नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और बस्तर जिलों की डीआरजी टीमें शामिल हुईं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को कहा कि नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए लड़ाई जारी रहेगी। साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा से लगे दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में अब तक चार नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुख्यमंत्री ने मुठभेड़ में पुलिसकर्मी की मौत होने पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि डीआरजी के हेड कांस्टेबल सन्नू करम मुठभेड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** अपने पिता डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की प्रेरणा से सामाजिक सरोकार से जुड़े : विराज सागर दास

## डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास द्वारा राजधानी में भीषण सर्दी से जरूरतमंदों

> कार्यक्रम में बशीरतगंज-गणेशगंज वार्ड के पार्षद एवं उपसभापति गिरीश गुप्ता रहे मौजूद

को राहत दिलाने के उद्देश्य से एक तरफ जहां स्थान-स्थान पर अलाव जलाये जाने की व्यवस्था की गयी है। वहीं गरीबों को कम्बल वितरण कर सर्दी से राहत दिलाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर बशीरतगंज- ...शेष पृष्ठ 14 पर





राजधानी के पांडेयगंज स्थित गुरुनानक द्वार के सामने कम्बल वितरण करते डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास



कम्बल वितरण में बड़ी संख्या में उमड़े लोग

फोटो : अमित वर्मा

# 11 जनवरी को रामलला का अभिषेक करेंगे मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के एक वर्ष पूरे होने पर अयोध्या में 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन होगा। 11 जनवरी को पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 बजे गर्भगृह में श्रीरामलला का अभिषेक करेंगे। उसके बाद अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर

- **प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन रामलला को समर्पित भजन किया जायेगा लॉन्च**
- **नगर में सभी महत्वपूर्ण जगहों पर वाद्य यंत्रों के साथ कीर्तन करेंगे युवा**

श्रद्धालुओं को संबोधित भी करेंगे। उसी दिन रामलला को एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोनू निगम, शंकर महादेवन व मालिनी अवस्थी समेत कई मशहूर कलाकारों के द्वारा गाया गया भजन भी रिलीज किया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के अधिष्ठाता मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के जन्मस्थान अयोध्या याम में नवनिर्मित मन्दिर की स्थापना के एक वर्ष पौष शुक्ल पक्ष, द्वादशी, विक्रम सम्वत, 2001 तद् ?नुसार 11 जनवरी को सम्पन्न हो रहा है। इस दौरान 13 जनवरी तक उत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को रामलला का अभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव के मद्देनजर नगर के प्रमुख चौराहों लता चौक, जन्मभूमि पथ, श्रृंगार हाट, राम की पैड़ी, सुग्रीव किला, छोटी देवकाली समेत अन्य स्थलों पर कीर्तन भी होगा। इसमें युवा कलाकार वाद्य यंत्रों से नगरी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस अवसर पर तीन



दिवसीय श्रीराम राग-सेवा का कार्यक्रम मन्दिर परिसर में गर्भगृह के निकट मण्डप में सम्पन्न होगा। इसमें प्रभु श्रीराम की भक्ति के प्रति विनीत भाव से संगीत, नृत्य और वादन के द्वारा उन्हें सेवा प्रदान करने का उपक्रम होगा। अनुष्ठान के परिकल्पनाकार और समन्वयक अयोध्या के कलाविद् यतीन्द्र मिश्र हैं। इस कार्य में उनका सहयोग संगीत नाटक अकादमी कर रहा है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सभी संतों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से बड़ी संख्या में लोग महाकुंभ में गए हैं। उन्होंने आग्रह किया कि तीन दिन के कार्यक्रम में एक दिन लोग अयोध्या पहुंच कार्यक्रम में शामिल हों।

कार्यक्रम के तीन दिन में **पहला दिन:** 11 जनवरी को लता मंगेशकर की बहन व प्रख्यात गायिका ऊषा मंगेशकर और मयूरेश पई भगवान के सम्मुख भजन से राग-सेवा का आरम्भ करेंगी। इसके बाद साहित्य नाहर सितार व सन्तोष नाहर वॉयलिन की जुगलबन्दी से भक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पहले दिन का समापन डॉ. आनन्दा शंकर जयन्त द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से होगा।

**दूसरा दिन:** 12 जनवरी को महोत्सव की शुरूआत राग सेवा प्रसिद्ध लोकगायिका शैलेश श्रीवास्तव के बधावा, सोहर गायन से होगी। इसके बाद प्रख्यात शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली श्रीराम भजन व निर्गुण गायन से राग-सेवा प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम का समापन विश्वविख्यात बांसुरी वादक राकेश चौरसिया के बांसुरी वादन से होगी।

**तीसरा दिन:** तीसरे व अन्तिम दिन 13 जनवरी को राग-सेवा का आरम्भ आरती अंकलिकर के शास्त्रीय गायन से होगा, जिसके बाद प्रख्यात कथक नृत्यांगना शोभना नारायण की कथक प्रस्तुति होगी। अन्त में दक्षिण के गायक श्रीकृष्ण मोहन एवं श्रीराम मोहन त्रिचूर ब्रदर्स के शास्त्रीय गायन व श्रीराम भजन से कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## सीएम योगी का मास्टर स्ट्रोक, देंगे हर वर्ष एक लाख युवाओं को रोजगार

### उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने में होगी बड़ी भूमिका: आलोक कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव में अभी दो साल का भले ही वक्त है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मास्टर स्ट्रोक चल दिया है। सीएम योगी यूपी दिवस 24 जनवरी को देश के सबसे बड़े मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरूआत करेंगे। इसके तहत हर वर्ष एक लाख युवाओं को और 10 वर्षों में 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। खास बात यह है कि युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए बिना ब्याज और गारंटी लोन उपलब्ध कराया जाएगा।

**600 बिजनेस आइडिया भी दिये गये :** सीएम योगी ने कई बार अपने भाषणों में इस बात का जिक्र किया है कि यूपी का युवा जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बनेगा। इसी के तहत यूपी दिवस पर देश के सबसे बड़े मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरूआत कर रहे हैं और 25,000 लाभार्थियों को लोन

- **10 वर्षों में 10 लाख युवाओं को बनायेंगे उद्यमी, युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए बिना ब्याज और गारंटी मिलेगा लोन**
- **ऑनलाइन आवेदन, 400 परियोजना रिपोर्ट और लगभग 600 बिजनेस आइडिया उपलब्ध**
- **सीएम योगी यूपी दिवस पर देश के सबसे बड़े मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान की करेंगे शुरुआत**

उपलब्ध कराएंगे। अभियान में युवाओं को उद्यम लगाने के लिए ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। योजना से संबंधित जानकारी https//msme.up.gov.inपर उपलब्ध है और उद्योग शुरू करने के लिए 400 परियोजना रिपोर्ट और लगभग 600 बिजनेस आइडिया भी विभिन्न फार्मेट में दिए गए हैं। विभाग की ओर से योजना का लाभ लेने के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन स्वीकार है। एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि सीएम योगी के परिकल्पना के अनुसार यह योजना प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होने जा रही है। इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने में भी बड़ी भूमिका होगी।

**ऐसे मिलेगा योजना का लाभ :** अभियान के तहत कौशल प्रशिक्षित, न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीर्ण, 21 से 40 वर्ष के युवाओं को बिना ब्याज, बिना गारंटी लोन के लिए https://msme.up.gov.in पर आवेदन करना होगा। इन आवेदन पत्रों को बैंकों को ऑनलाइन लोन स्वीकृत करने और वितरित करने के लिए भेजा जाएगा। बैंकों द्वारा ऑनलाइन लोन देने हुए लाभार्थी को देय ब्याज उपादान, मार्जिन मनी, उपादान, गारंटी फीस आदि ऑनलाइन मिलेगी। लाभार्थी को हर स्तर पर एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

**आइडिया से लेकर गाइडेंस भी मिलेगा :** एमएसएमई विभाग द्वारा विकसित इस पोर्टल पर न केवल निःशुल्क करीब 400 परियोजना रिपोर्ट, बल्कि 600 बिजनेस आइडिया भी उपलब्ध है। विभिन्न परियोजनाओं की स्थापना और संचालन के बारे में विडियोज व एक्सपर्ट का गाइडेंस भी उपलब्ध है। इन सभी सुविधाओं को पोर्टल पर सिर्फ एक क्लिक के माध्यम से प्राप्त कर लाभान्वित हुआ जा सकता है।

## श्रद्धालुओं को शिकायत का मौका नहीं देगा परिवहन विभाग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी 13 जनवरी से प्रयागराज में होने जा रहे सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ में यात्रियों की सुविधा को सुगम बनाने के लिए योगी सरकार

- **सभी चालकों और परिचालकों का कराया गया पुलिस वैरिफिकेशन**
- **पूरे स्टाफ की कराई जा रही है बिहेवियर ट्रेनिंग**

व्यापक पैमाने पर कार्य कर रही है।

यहां आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए यात्री सुविधाओं में काफी सुधार किया गया है। इसी क्रम में यूपी रोडवेज के कर्मचारियों को भी श्रद्धालुओं के साथ अच्छे व्यवहार की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की ओर से महाकुम्भ को देखते हुए सभी चालकों और परिचालकों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया है,




ताकि श्रद्धालुओं की सेवा में जो भी स्टाफ लगे, उसकी पृष्ठभूमि आपराधिक छवि की न हो। इसके बावजूद यदि कोई स्टाफ किसी श्रद्धालु के साथ अभद्र व्यवहार करता है तो उसकी शिकायत विभाग में की जा सकेगी। सरकार की मंशा है कि महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन में जो भी श्रद्धालु आएं, वो यहां से आतिथ्य सेवा की एक सकारात्मक छवि लेकर वापस जाएं। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों से लेकर रोडवेज कर्मियों तक सभी की स्किल और बिहेवियर ट्रेनिंग कराई जा रही है। परिवहन विभाग की ओर से भी अपने स्टाफ की बिहेवियर ट्रेनिंग कराई जा रही है, क्योंकि अनुमान है कि बड़ी संख्या में लोग रोडवेज बसों के माध्यम से प्रयागराज आएंगे। ऐसे में परिवहन विभाग श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए अपने स्टाफ को श्रद्धालुओं के साथ अच्छे व्यवहार के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके साथ ही विभाग की ओर से सभी चालकों एवं परिचालकों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्टाफ में कोई भी ऐसा व्यक्ति शामिल न हो जो श्रद्धालुओं के लिए किसी तरह का खतरा बन सके। प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि ऐसे सभी चालकों और परिचालकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है, जो प्रयागराज में बसों का संचालन करेंगे। इनमें प्रयागराज से संचालित होने वाली परिवहन विभाग की बसों के साथ-साथ अन्य जिलों से आने वाली बसों के चालक परिचालक भी शामिल हैं। हारा प्रयास है कि जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं वो परिवहन विभाग की सेवा और उसके कार्मिकों के प्रति एक अच्छी छवि लेकर वापस जाएं। इसके लिए समस्त स्टाफ की बिहेवियर ट्रेनिंग भी लगातार संचालित की जा रही है। स्टाफ को प्रेरित किया जा रहा है कि वो श्रद्धालुओं से अच्छी तरह पेश आएं और उन्हें बेहतर से बेहतर सेवा प्रदान करें। यदि इसके बावजूद किसी श्रद्धालु को किसी स्टाफ से शिकायत होती है या कोई स्टाफ का सदस्य किसी श्रद्धालु से मिसबिहेव करता है तो वो टोल फ्री नंबर पर या व्यक्तिगत रूप से विभाग में इसकी शिकायत कर सकता है। इसको संज्ञान में लेकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## केशव मौर्य ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को किया नमन



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित कल्याण सिंह को जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि बाबू जी का जीवन उनके सिद्धांतों, निडरता एवं लोक सेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक रहा। उनका न कोई पछतावा, न कोई पश्चाताप, न कोई दुःख, न ही कोई शोक का मूलमंत्र उनकी गंभीरता व आत्मिक सत्यता का प्रतीक रहने के साथ-साथ हम सभी को राष्ट्रोत्थान व सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रति मार्गदर्शन करता रहेगा।

## आरोग्य मेले में 173618 रोगियों को लाभ हुआ

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सुविधायें एवं सेवायें जनसामान्य, विशेषकर समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लोगों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के द्वारा 02 फरवरी, 2020 से शुभारम्भ किये गये मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के 182वां मेला रविवार को पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। मेलों के प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य सुविधाओं यथा जॉच-उपचार, गोल्डेन कार्ड के वितरण के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता के कारण यह मेला जनता में निरन्तर लोकप्रिय रहा है।

इन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में सभी आगन्तुकों/रोगियों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के अतिरिक्त व्यक्तिगत व पर्यावरणीय स्वच्छता की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में महत्ता के विषय में अवगत कराया गया। जल-जनित रोगों से बचाव के विषय में चर्चा की गयी। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये सोते समय मच्छरदानी लगाने एवं आस-पास पानी न जमा होने देने की सलाह दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार मेले में किया गया। शुद्व पेयजल तथा मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी। तम्बाकू प्रयोग के कारण होने वाली हानियां एवं

- **मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का 182वां आयोजन हुआ**
- **1128 गंभीर रोगियों को उच्च चिकित्सा केंद्रों पर भेजा गया और 3187 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये**

गैर संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के सन्दर्भ में भी स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण करने के विषय में संवेदीकृत किया गया। संतुलित आहार तथा व्यायाम की आवश्यकता के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय में भी लोगों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त गम्भीर रोगियों को निःशुल्क एम्बुलेंस से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों पर संदर्भित किया गया। मेले में गोल्डेन कार्ड भी बनाकर वितरित किये गये।

रविवार को आयोजित 182 वां मुख्यमंत्री आरोग्य मेलें में कुल 173618 रोगी 73307 पुरूष 71039 महिलाये 29272 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1128 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन किया गया तथा 3187 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। मेले में कुल 4927 चिकित्सक तथा 14719 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 2694 आईसीडीएस स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। आज के मेले में कुल 11079 फीवर केसेज आये, जिनमें 4242 रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किये गये तथा 05 मलेरिया हेतु धनात्मक पाये गये। डेंगू के 1603 टेस्ट किये गये, जिसमें 02 मरीज धनात्मक पाये गये। आज के आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 872 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें 0 कोविड के लिए धनात्मक पाये गये। इस प्रकार अब तक आयोजित कुल मेलों में 133129771 रोगी लाभान्वित हुये। 312244 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 1825863 गोल्डेन कार्ड बने।

## समाजवादी विजन विकास का है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से रविार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में नेपाल देश के तीन बार रहे उपप्रधानमंत्री, सांसद और जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने भेंट की और दोनों देशों के बीच सामाजिक,

- **अखिलेश ने नेपाल के पूर्व डिप्टी पीएम उपेन्द्र यादव से की भेंट**

राजनैतिक, आर्थिक और वैचारिक मसलों पर चर्चा की।

उपेन्द्र यादव ने बताया कि नेपाल में राजशाही को हटाकर लोकशाही की स्थापना में समाजवादियों का बड़ा हाथ रहा है। भारत में नेपाल के आंदोलनकारियों को प्रश्रय मिला। आज नेपाल के लोगों को समान नागरिकता का अधिकार मिला हुआ है। यद्यपि वहां नेपाल कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी की मिलीजुली सरकार सत्ता में है तथापि समाजवादी भी वहां



कम प्रभावी नहीं है। उपेन्द्र यादव ने याद दिलाया कि सन 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के समय नेपाल में ऊषा मेहता के साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया ने आजाद रेडियो स्थापित किया था। जयप्रकाश नारायण और डॉ. राममनोहर लोहिया को हनुमान नगर जेल तोड़कर आजाद कराया गया था। अच्युत पटवर्धन और मीनू मसानी के अतिरिक्त नेताजी भी नेपाल गये थे। नेपाल में भी समाजवादियों का अच्छा प्रभाव है। माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई का बेसकैम्प नेपाल में ही है। उपेन्द्र यादव ने कहा कि वे 15 वर्षों से बाद लखनऊ आये तो लखनऊ बहुत बदला-बदला दिखाई दिया। समाजवादी सरकार में बना जनेश्वर मिश्र पार्क, प्लासियों माल, इकाना स्टेडियम, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे मेट्रो रेल आदि ने प्रदेश की काया पलट कर दी है। राजधानी की सड़कों में भी काफी सुधार हुआ है।

## अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। दूसरे दलों और नेताओं को बदनाम करती है। बदनाम करने के लिए भाजपा सौ गुना खर्च करती है। वह षडयंत्रकारी पार्टी है। उसकी प्रवृत्ति तानाशाही है, लेकिन इतिहास गवाह है हर तानाशाह को अपमानित होकर ही जाना पड़ता है। भाजपा सरकार को नकारात्मक राजनीति नहीं करनी चाहिए। पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदेश के कई जिलों से आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी काम करती है। सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। बजट की लूट कर रही है। भाजपा हर तरह के भ्रष्टाचार में शामिल है। चुनावों में पुलिस-प्रशासन को अपने पक्ष में अनुचित इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता है। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता ईमानदारी से कार्य करें।

## युवा कांग्रेस का संगठन बहुत तेजी के साथ मजबूत हो रहा : राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (मध्य जोंन) का तीन दिवसीय युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा ध्वजारोहण एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन और संविधान रक्षा के संकल्प के साथ हुआ।

- **उप्र युवा कांग्रेस (मध्य जोन) का तीन दिवसीय युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ**

कांग्रेस विचारधारा से लैस युवा उत्तर प्रदेश में नफरती राजनीति के खिलाफ राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के मोहब्बत के पैगाम को लेकर संघर्ष करेंगे। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य के तत्वावधान में मरीनो वाटर पार्क एंड रिसोर्ट, बक्शी का तालाब, निकट मां चंद्रिका देवी मंदिर, लखनऊ में रविवार से आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण



शिविर का उद्घाटन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि युवा कांग्रेस का संगठन बहुत तेजी के साथ मजबूत हो रहा है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं को न सिर्फ कांग्रेस की नीतियों को जानने बल्कि राजनीतिक तौर पर परिपक्क होने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा कांग्रेस के साथी समाज के खिलाफ हो रहे अन्याय, बेरोजगारी, मंहगाई, महिला उत्पीड़न, सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर आगे बढ़िये। उन्होंने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे और भी करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी फ्रंटल संगठन विश्व विजय सिंह, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव विनीत कम्बोज, प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य के अध्यक्ष दीपक शिवहरे, कार्यवाहक अध्यक्ष अंकित तिवारी, राष्ट्रीय प्रशिक्षक युवा कांग्रेस सीताराम लाम्बा, सुमित अवस्थी, शिबी चौहान सहित युवा कांग्रेस के 28 जिलों के जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष व मध्य जोन के प्रदेश पदाधिकारी सहित 200 कार्यकर्ता शिविर में शामिल होकर रह रहे हैं।

## भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता जिलाध्यक्षों के रूप में होंगे निर्वाचित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा संगठन पर्व-2024 के तहत आयोजित संगठन चुनाव प्रदेश कार्यशाला रविवार को राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश

- **भाजपा में आगामी 7 से 10 जनवरी के बीच जिलाध्यक्ष नामांकन की प्रक्रिया प्रदेश में होगी सम्पन्न**
- **भाजपा संगठन पर्व के तहत आयोजित संगठन चुनाव प्रदेश कार्यशाला सम्पन्न**

चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापतिराम त्रिपाठी, स्वतंत्र देव सिंह तथा प्रदेश सह चुनाव पर्यवेक्षक संजय भाटिया व संजीव चौरसिया उपस्थित रहे। चरणबद्ध बैठकों में क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला चुनाव अधिकारी, जिला प्रभारी तथा जिलाध्यक्ष सम्मिलित रहे।

राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने संगठनात्मक चुनाव के अगले चरण की कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि विचारधारा, संस्कार और संगठनात्मक पद्धति ही लम्बे समय तक संगठन को जीवंत रखते है। उन्होंने कहा कि भाजपा मेरा संगठन है, इस विचार से जिलों में जाकर वर्तमान से अच्छा संगठन तैयार करने की समझ के साथ रायशुमारी करें। गुणात्मकता के साथ हमारे संगठनात्मक चुनाव के चार चरण पूर्ण हो चुके है। हम अगले चरण के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दायित्व परिवर्तन संगठनात्मक व्यवस्था है और इसके अनुरूप ही समय-समय पर प्रत्येक कार्यकर्ता के दायित्वों में परिवर्तन होता है।

राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि भारत में सिर्फ भाजपा ही एक मात्र राजनैतिक दल है जो संगठन की संरचना भी संगठनात्मक लोकतांत्रिक




व्यवस्था के अनुरूप करता है। यही कारण है कि भाजपा में बूथ का कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। संगठन पर्व के तहत पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम से सदस्यता अभियान में कीर्तिमान स्थापित किया है। अब संगठन बूथ समितियों के गठन, मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन के साथ जिलाध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया की ओर बढ़ा है। आगामी समय में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता जिलाध्यक्षों के रूप में निर्वाचित होगें और संगठन के अबतक के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के अभियानों, कार्यक्रमों और विचारधारा को गति प्रदान करेगें।

प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने संगठनात्मक चुनाव का वृत्त पटल पर रखते हुए कहा कि पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग और महिला कार्यकर्ताओं का मंडल अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन हुआ है। शीघ्र ही बचे हुए जिलों में भी मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होगी। आगामी 7 से 10 जनवरी के बीच जिलाध्यक्ष नामांकन की प्रक्रिया प्रदेश में संपन्न होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा ने अनुच्छेद 370 की समाप्ति, श्रीराम जन्मभूमि भव्य मंदिर निर्माण, सहित अपने सभी संकल्पो को पूर्ण किया है। यही कारण है कि देश में भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति देश के जनमानस का विश्वास अटल है। उन्होंने कहा कि भाजपा तथा भाजपा नेतृत्व के साथ ही भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की छवि भी समाज में राष्ट्रवाद के अग्रदूत के साथ ही संस्कारी तथा सेवाभावी व्यक्ति के रूप में होती है। यही भाजपा के निष्ठावान, अन्त्योदय विचारधारा के संवाहक तथा लोकसेवा में समर्पित कार्यकर्ता विभिन्न दायित्वों पर पहुंचकर संगठन का नेतृत्व करते है। संगठनात्मक चुनाव से 2027 विधानसभा चुनाव के लिए नेतृत्व चयन का कार्य पूर्ण होगा। केन्द्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश में संगठन चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। जो आम सहमति से योग्य कार्यकर्ताओं को नेतृत्व सौंपने का कार्य कर रही है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठनात्मक लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए आम सहमति के आधार पर जिलाध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष की आयु 60 वर्ष से अधिक ना हो यह ध्यान में रखना है। सभी जिला चुनाव अधिकारी अपने जिलो में चुनाव की तिथि और स्थान पूर्व में घोषित करेंगे। उन्होंने कहा कि वैचारिक पृष्ठभूमि के साथ ही दो बार सक्रिय सदस्य रहे भाजपा के दायित्वधारी कार्यकर्ता भाजपा जिलाध्यक्ष के नामांकन के लिए अर्ह होगें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संविधान गौरव अभियान के तहत पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करेंगे। पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिकों के साथ संविधान गौरव अभियान में शामिल होगें।

## अब 15 जनवरी तक करा सकेंगे फसल बीमा : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ।** रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा की अवधि को 31 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी किए जाने पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इस विस्तारित अवधि में किसानों से इस योजना में पंजीकृत होने की अपील की है, जिससे उन्हें बीमा योजना का भरपूर लाभ मिल सके।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश सरकार के आग्रह पर केंद्र सरकार ने रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अवधि को 15 जनवरी तक बढ़ा दिया है। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से अपील की है कि वे गेहूं, दलहन तिलहन सहित अपनी सभी रबी फसलों के लिए बीमा योजना का लाभ उठाएं। किसान केवल डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करके इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित अवधि 31 दिसंबर तक प्रदेश के कई किसानों द्वारा फसल बीमा योजना में पंजीकरण नहीं कराया जा सका था। जिस पर किसानों के हित में प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र सरकार से बीमा योजना में पंजीकरण की अवधि विस्तारित करने का आग्रह किया गया। केंद्र सरकार द्वारा 15 जनवरी 2025 तक इस योजना को विस्तारित कर दिया गया है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार को प्रदेश के किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया।

- **प्रदेश सरकार के आग्रह पर केंद्र ने 15 दिनों के लिए बढ़ाई अवधि**

# राजधानी में कंपकंपी बढ़ा रही सर्दी, आज बारिश के आसार

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने लगी है। ठंड के सितम से जनता अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गई है। रविवार सुबह यूपी के लखनऊ, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, रामपुर और बिजनौर जिलों

- **दिन का तापमान 7 डिग्री तक लुढ़का**

में घना कोहरा दिखाई दिया।

लोगों को कुछ दूरी का भी दिखाई नहीं पड़ रहा था। वहीं, ग्रामीण इलाकों में गलन वाली ठंड पड़ रही है। तापमान में लगातार गिरावट और बढ़ोतरी जारी है। जिसकी वजह से दिन के समय भीषण ठंड पड़ने लगी है। मौसम विभाग ने सोमवार को लखनऊ समेत पूर्वी एवं पश्चिमी इलाकों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। राजधानी लखनऊ में सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिसने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, शहर का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 6.6 डिग्री गिर गया यह 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। ठंडी हवाओं और कोहरे के चलते लोग घरों में दुबके रहे।

मौसम विभाग ने कई जिलों में शीत दिवस की चेतावनी जारी की है। यहां दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। विभाग ने बताया कि देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा, जिससे दृश्यता 50 मीटर तक सीमित हो सकती है। कोहरे और ठंड की वजह से शहर के कई हिस्सों में यातायात प्रभावित हुआ। वाहन चालकों को बेहद सावधानी बरतनी पड़ी। रेलवे और हवाई सेवाओं पर भी इसका असर देखा गया, जहां कुछ ट्रेनें और फ्लाइट्स देरी से चल रही हैं। लखनऊ में कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच लोग राहत के लिए धूप का इंतजार करते रहे। रविवार को सूरज के दर्शन ही नहीं हुए। इससे दिन में ठंड के और बढ़ने की संभावना है। छह जनवरी को संभाग के उत्तर-पश्चिमी भाग में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। देर रात सुबह के समय कहीं-कहीं छिछला से मध्यम कोहरा छाने की सम्भावना है। अगले दो दिन मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। कहीं देर रात सुबह के समय -कहीं छिछला से मध्यम कोहरा छाने की सम्भावना है। चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, गोंडा, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, फरुखाबाद, कन्नौज, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, महोबा एवं आसपास इलाकों में। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार को पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का यह भी अनुमान है कि 3 दिनों बाद यूपी के तापमाम में फिर से गिरावट होगी और हाड़ कंपाने वाली ठंड पूरे यूपी में कहर बरपाएगी। लखनऊ स्थित अमौसी मौसम केंद्र की तरह से दी गई जानकारी के मुताबिक रविवार को सुल्तानपुर और वाराणसी में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कानपुर और आगरा में सबसे ज्यादा ठंड रहा। यहां अधिकतम तापमान 7.8 डिग्री लुढ़कर क्रमशः 14.2 व 15.1 डिग्री डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं लखनऊ, अलीगढ़, आगरा, मेरठ में भी न्यूनतम तापमान इसी के आस पास रहा।

# नगर निगम अहाना के फ्लैटों की कीमत 15 प्रतिशत बढ़ायेगा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** औरंगाबाद खालसा स्थित अहाना ग्रीन एन्क्लेव बहुमंजिला आवासीय योजना के फ्लैट की कीमत नगर निगम बढ़ाने जा रहा है। 5 से 10 लाख रुपये फ्लैट के दाम बढ़ जाएंगे। नई दरें मंगलवार से लागू हो सकती हैं। अभियंत्रण विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर नगर आयुक्त की स्वीकृति के लिए भेजा है।

लगभग 250 खाली फ्लैट्स की 15 प्रतिशत कीमत बढ़ाई जाएगी। इसके बाद नई दरों पर फ्लैट्स का पंजीकरण खोला जाएगा। नगर निगम ने शहीद पथ के पास पहली बहुमंजिला आवासीय योजना 2018 में शुरू की थी। इसके लिए 2021 में पंजीकरण खोला था। इस योजना में विभिन्न प्रकार के 684 फ्लैट और 24 दुकानें बनाई हैं। लगभग 400 से अधिक फ्लैट बिक चुके हैं। इनमें ज्यादातर एमआईजी फ्लैट हैं। नगर निगम ने फ्लैट की दरें अभी तक नहीं बढ़ाई थीं। निर्माण में देरी के चलते लागत बढ़ जाने से अब नगर निगम बचे फ्लैट्स की कीमत बढ़ाने जा रहा है। मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने बताया कि अहाना एन्क्लेव के खाली फ्लैट्स की कीमत लगभग 15 प्रतिशत बढ़ाई जाएंगी। इसका प्रस्ताव बनाकर नगर आयुक्त की स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। अनुमति मिलते ही नई दरें लागू कर दी जाएंगी।

| फ्लैट टाइप | संख्या (वर्गमी.) | सुपर एरिया (लाख में) | विक्रय मूल्य (लाख में) | नई दरें |
|---|---|---|---|---|
| एचआईजी जी प्लस थ्री | 48 | 167.73 | 71 | 81.65 |
| एचआईजी जी प्लस 8 | 324 | 167.73 | 71 | 81.65 |
| एमआईजी 1 जी प्लस 6 | 112 | 92.09 | 39 | 44.85 |
| एमआईजी 2 जी प्लस 6 | 168 | 74.07 | 31.50 | 36.20 |

# भारतीय नव वर्ष का जोरदार स्वागत करेंगे व्यापारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के प्रमुख बाजार अलीगंज के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संदीप बंसल ने कहा की 1 जनवरी हमारा नव वर्ष नहीं है हमारा और भारत का नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम

- **अलीगंज इकाई का शपथ ग्रहण समारोह**

संवत 2082 को प्रारंभ होगा अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से उसकी तिथि 30 मार्च 2025 होगी।

इस दिन संगठन प्रयास करेगा की संपूर्ण व्यापारी वर्ग अपने नए वर्ष का गर्म जोशी से स्वागत करें अलीगंज इकाई ने पूरे बाजार को दुल्हन की तरह सजाने का संकल्प किया। संदीप बंसल ने कहा की व्यापारी समाज अपने देश की इस पहचान को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए पूरी ताकत लगाकर काम करेगा उन्होंने 1947 स्वतंत्रता प्राप्ति के समय उसे समय के व्यापारियों द्वारा अंग्रेजी कैलेंडर को ना स्वीकार करने और अपने भारतीय नव वर्ष के प्रथम दिन से ही अपने खाते वही प्रारंभ करने और अपने वित्तीय वर्ष को प्रारंभ करने के निर्णय पर उनका वंदन किया उन्होंने कहा कि अगर हमारा वित्तीय वर्ष भी तब एक जनवरी से प्रारंभ हो जाता तब तो हमें अपना इतिहास भी बचना मुश्किल हो जाता अपनी तिथियां की गणना करना हमें बिल्कुल भी ना आता।

संदीप बंसल ने अलीगंज के सैकड़ो व्यापारियों से यह संकल्प करवाया कि वह अपने किसी भी कार्य के लिए रिश्वत देने या लेने का कार्य नहीं करेंगे। भ्रष्टाचार में लिप्त होने के बजाय भ्रष्टाचार के विरुद्ध खड़े होने का काम करेंगे। अलीगंज इकाई के भव्य शपथ ग्रहण समारोह में संगठन के प्रदेश के अध्यक्ष अध्यक्ष रिपन कंसल, राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, महिला महामंत्री एकता अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अश्वन वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किया। अलीगंज इकाई के शपथ ग्रहण करने वाले प्रमुख पदाधिकारी में संरक्षक पद पर संदीप अग्रवाल अध्यक्ष पद पर विनय अग्रवाल महामंत्री शरद तिवारी उपाध्यक्ष विशाल सिंह आलोक एरन, राजेश अग्रवाल, आलोक निगम, महिला अध्यक्ष निशा अग्रवाल ने शपथ ली। इस अवसर पर लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वेद रतन श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पदम जैन, वरिष्ठ महामंत्री राजीवकक्कड़, महामंत्री अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार नाग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, नगर महिला अध्यक्ष कजरा निगम, महामंत्री बीनू मिश्रा, नितिन श्याम अग्रवाल जय मिगलानी सोशल मीडिया प्रभारी असीम चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# समय नही दूंगा अभी मीटर उतार कर ले जाऊंगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मेरे घर का बिजली बिल बकाया है तो जमा हो जायेगा अभी हमारे घर में कोई व्यक्ति नही है। लेकिन आप कह रहे है अभी मीटर उतार ले जाऊंगा। हमारे घर का मीटर तेज चल रहा है इसकी लिखित शिकायत भी हमारे पति ने पावर हाऊस पर किया है। फिर भी आप नही मान रहे है तो मै आनलाईन बिजली जमा कर दे रही हूं। ये बाते सेक्टर जी में रहने वाले गौ सेवा के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवार ने एक वीडियों जारी कर कहा।

बिजली उपभोक्ता को बिना किसी समस्या के बिजली मिले इसके लिए पावर कर्पोरेशन के अध्यक्ष आषीश गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है। यहा तक निर्देश दिया है कि बकाये पर कनेक्शन काटने से पहले उपभोक्ता बताया जाय। क्षेत्र में कोई सम्मानित व्यक्ति है तो उससे भी सम्पर्क रखा जाय। लेकिन ऐसा नही हो रहा है आशियान के जेई और एसडीओं ने सेक्टर जी में रहने वाले देवेन्द्र तिवारी जो एक सम्मानित आदमी है उनके घर में नही रहने पर भी जिस घर में उनका परिवार रहता है वहा का मीटर उतार लिया। ऐसे में देवेन्द्र की पत्नी ने बताये बिल का आनलाईन पैसा तत्काल जमा कर दिया। बिल जमा होने के बाद जब देवेन्द्र ने जेई से बात करना चाहा तो उन्होंने उनका फोन भी नही उठाया।

> **सम्मानित उपभोक्ता के घर का कनेक्शन काटने से पहले सूचना देनी चाहिए। जेई या किसी कर्मचारी ने कोई गलती किया है तो इसकी जांच कराया जायेगा। इसके लिए अधीक्षण अभियंता और न्यू कानपुर रोड़ के अधिशासी अभियंता को मौके पर जाकर जांच कराने के लिए निर्देश दिया गया है।**
> **रजत जुनेजा**
> **लेसा सिस गोमती प्रथम के मुख्य अभियंता**

उपभोक्ता का कहना है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मेरे घर पर बिना किसी के होने के बाद भी बिजली कनेक्शन काट दिया।

# कर्मचारियों ने कुंभ में बिजली व्यवस्था सही बनाने का लिया संकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रयागराज में हुई बिजली पंचायत में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की गई कि वे बिजली के निजीकरण का पॉवर कारपोरेशन का प्रस्ताव आम उपभोक्ताओं और किसानों के हित में वापस ले। प्रयागराज में जार्ज टाऊन में रविवार को हुई बिजली पंचायत में भारी भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में बिजली कर्मचारी, अभियंता और उपभोक्ता सम्मिलित हुए। संयुक्त किसान मोर्चा और अखिल भारतीय किसान सभा के लोग बड़ी संख्या में बिजली पंचायत में आए। बिजली पंचायत में निजीकरण के विरोध में करो या मरो की भावना से निर्णायक संघर्ष का निर्णय लिया गया। संघर्ष समिति ने कहा कि प्रयागराज में रविवार को यह कहते हुए बहुत अफसोस हो रहा है कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन ने निजीकरण से होने वाली समस्याओं पर बार-बार अनुरोध के बावजूद संघर्ष समिति से कोई वार्ता नहीं की है। इससे स्पष्ट है कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन निजीकरण की इतनी जल्दी में है कि उसे न्यायालय के आदेश की भी कोई परवाह नहीं है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का प्रयोग उड़ीसा, औरंगाबाद, नागपुर, जलगांव, समस्तीपुर, गया, भागलपुर, उज्जैन, सागर, ग्वालियर, आगरा और ग्रेटर नोएडा में पूरी तरह विफल हो चुका है। निजीकरण के इस विफल प्रयोग को देश के सबसे बड़े प्रांत उत्तर प्रदेश में लागू करना उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हित में नहीं होगा। संघर्ष समिति ने कहा कि जहां सरकारी क्षेत्र की कंपनी के लिए बिजली एक सेवा है वहीं निजी घरानों के लिए बिजली एक व्यापार है। उप्र की सरकारी बिजली कंपनियां घाटा उठाकर किसानों और आम घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली दे रही है। दूसरी ओर निजी बिजली कंपनियां मुनाफे के लिए काम करती हैं। मुम्बई में टाटा पावर और अदानी पॉवर काम करती हैं और मुम्बई में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए निजी कंपनी की बिजली की दरें 17-18 रुपए प्रति यूनिट है। उप्र में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की अधिकतम दरें 6.50 प्रति यूनिट है। सरकारी क्षेत्र में किसानों को मुफ्त बिजली मिलती है। निजीकरण होते ही घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कम से कम 15 रुपए प्रति यूनिट बिजली की दरें हो जाएगी। 5 हॉर्स पावर के ट्यूबवेल के 6 घण्टे चलने पर लगभग 15 हजार प्रति यूनिट का बिल आएगा। बिजली का निजीकरण किसानों और सामान्य उपभोक्ताओं की कमर तोड़ देगा। संघर्ष समिति ने कहा कि लाखों करोड़ों रुपए की बिजली की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल बेचने की साजिश है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की 21-21 जनपदों की सारी जमीन निजी घरानों को मात्र 1 रुपए प्रति वर्ष की लीज पर दी जाएगी। बिजली निगमों की लाखों करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन किए बिना मात्र 15 -16 सौ करोड़ की रिजर्व प्राइस पर बेचने का डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है जो किसी भी प्रकार प्रदेश के हित में नहीं है। प्रयागराज बिजली पंचायत में एक प्रस्ताव के जरिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास व्यक्त करते हुए अपील की गई कि प्रदेश के व्यापक हित में बिजली निगमों के निजीकरण का निर्णय निरस्त करने की कृपा करें। बिजली पंचायत में बिजली कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि महाकुंभ के दौरान श्रेष्ठतम बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिजली कर्मी दिन रात प्रयास करेंगे और श्रेष्ठतम बिजली आपूर्ति का कीर्तिमान बनाएंगे। प्रयागराज बिजली पंचायत को मुख्यतया शैलेन्द्र दुबे, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, पीके दीक्षित, सुहेल आबिद, श्रीचन्द, वीसी उपाध्याय, जवाहर लाल आदि मौजूद थे।

# मौसम खराब, इंटरनेशनल विमान को किया गया डायवर्ट

**लखनऊ।** मौसम खराब होने के कारण रविवार को लखनऊ पहुंचे एक इंटरनेशनल विमान को जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। बाद में वह करीब डेढ़ घण्टे बाद वापस लखनऊ लौटा। वहीं लखनऊ से दम्माम जाने वाला विमान करीब 8 घंटे देरी से लखनऊ से रवाना हुआ। इसके अलावा दिल्ली से आने वाला एक विमान निरस्त कर दिया गया। दम्माम से तड़के 5:30 बजे लखनऊ पहुंचने वाला फ्लाइनॉस का विमान ( एक्सवाई 896 ) चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका। बल्कि उसे जयपुर के लिए डायवर्ट कर दिया गया।

तब यह विमान चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर चक्कर काटने के बाद जयपुर चला गया। बाद में जयपुर से करीब डेढ़ घंटे बाद लखनऊ एयरपोर्ट पहुंच सका। इसके कारण लखनऊ से वापस सुबह 6:30 बजे दम्माम जाने वाला यह विमान ( एक्सवाई 897 ) करीब 8 घंटा देरी से दम्माम के लिए दोपहर 2:25 बजे रवाना हुआ। इसके अलावा दिल्ली से दोपहर 2:35 बजे लखनऊ आने वाला इंडिगो का विमान ( 6ई 2172 ) रद्द कर दिया गया। उधर लखनऊ से सुबह 10:40 बजे पटना जाने वाला इंडिगो का विमान ( 6ई 6902 ) करीब 1 घंटे देरी से रवाना हुआ। लखनऊ से शाम 4 बजे बेंगलुरु जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान ( आईएक्स 2718 ) शाम 6:15 पर गया। वहीं लखनऊ से रात 8:10 बजे दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस ( आईएक्स 1119 ) आधा घंटा लेट 8:40 पर रवाना हुआ। जबकि लखनऊ से दोपहर 2:55 बजे पुणे जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान ( आईएक्स 1118 ) करीब आधा घंटा देरी से 3:25 बजे उड़ान भर सका। बेंगलुरु से दोपहर बाद 3:30 बजे लखनऊ आने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान ( आईएक्स 2717 ) शाम 5:15 बजे लखनऊ पहुंचा। लखनऊ से शाम 7:20 बजे दिल्ली जाने वाला इंडिगो का विमान ( 6ई 5072 ) एक घंटा देरी से 8:20 बजे रवाना हुआ। इसी तरह लखनऊ से शाम 8:10 बजे दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान ( आईएक्स 1119 ) एक घंटा देरी से रात 9:10 बजे रवाना हुआ। इसके अलावा लखनऊ से रात 9:35 बजे बेंगलुरु जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान ( आईएक्स 2734 ) एक घंटा देरी से 10:35 बजे उड़ान भर सका।

# एनसीसी कैडेट्स ने राजभवन परिसर का किया भ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एनसीसी निदेशालय द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों की स्मृति में आयोजित की गयी संग्राम 1857 साइकिल अभियान दल रैली बरेली से लखनऊ पहुंचने पर

- **राज्यपाल ने संग्राम 1857 साइकिल अभियान दल रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना**
- **एनसीसी निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित साइकिल रैली अभियान एक सराहनीय प्रयास**

राजभवन में एनसीसी कैडेट्स से संवाद किया तथा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने साइकिल रैली टीम को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रैली अपने उद्देश्यों में सफल हो। एनसीसी निदेशालय का यह सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से देश-प्रदेश के लोग विशेषकर युवा पीढ़ी देश के स्वंतत्रता संग्राम के अमर सेनानियों के बलिदान और त्याग को स्मरण कर उनके संघर्षों से प्रेरणा प्राप्त करेंगे, जिससे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होगी।

बता दें कि एनसीसी निदेशालय (उप्र) द्वारा आयोजित संग्राम 1857 साइकिल रैली एक अनूठी पहल है, जिसमें ब्रिगेडियर एनएस चारग के नेतृत्व में एनसीसी के 14 कैडेट्स प्रतिभाग कर 1900 किमी की यात्रा कर रहे हैं। रैली 01 जनवरी, 2025 को मेरठ से शुरू होकर बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, ग्वालियर, आगरा, मथुरा के विभिन्न महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए उन स्थलों के इतिहास और वीर सेनानियों के संघर्ष व बलिदान को उजागर करेगी। इसका समापन 25 जनवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में नई दिल्ली में होगा। संग्राम रैली न केवल प्रतिभागियों की शारीरिक फिटनेस को सुधारने में मदद करेगी, बल्कि उनके नेतृत्व, संगठनात्मक कौशल और साहसिक भावना को भी मजबूत करेगी। ऐतिहासिक मार्गों पर साइकिल चलाते हुए कैडेट्स न केवल शारीरिक सहनशक्ति प्राप्त करेंगे बल्कि 1857 के वीर सेनानियों द्वारा दिखाये गये साहस, दृढ़ता और संकल्प को स्मरण करेंगे। यह यात्रा भारत की स्थायी भावना और उनके द्वारा किये गये बलिदानों का शक्तिशाली अनुस्मारक होगी, ताकि भविष्य की पीढ़ियां आजादी के लिए किये गये त्याग और बलिदान को याद रखें और उसका अनुसरण कर सकें। रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स ने राजभवन परिसर का भ्रमण भी किया और राजभवन की भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, एडीजी एनसीसी निदेशालय, लखनऊ मेजर जनरल विक्रम कुमार, एनसीसी ग्रुप कमांडर, लखनऊ ब्रिगेडियर नीरज पुनेथा, कमांडिंग ऑफिसर 64 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ कर्नल पीपीएस चौहान व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# परिवहन आयुक्त से व्यापारी मिले

**लखनऊ।** व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन आयुक्त और परिवहन निगम के एमडी से मुलाकात की। उत्तर प्रदेश अपना व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय यादव ने कहा कि अहिमामऊ, कमता, मड़ियांव, पॉलीटेक्निक, चारबाग, दुबग्गा, आईआईएम रोड, बालागंज, चौक में डग्गामार वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम लगता है। इस पर अंकुश लगना चाहिए। रोडवेज की जर्जर बसों को हटाया जाए। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए सर्वर की दिक्कत के कारण लाइसेंस बनने में असुविधा होती है। अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाए। रोडवेज चालक व परिचालकों द्वारा यात्रियों को चलती बसों से न उतारा जाए। सिटी बसें अपने स्टॉपेज पर ही रुकें। चारबाग, गोमतीनगर और जानकीपुरम में पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशनों का निर्माण कराया जाए और सड़कों पर खड़े होनेवाली बसों को रोका जाये।

# सर्द मौसम में स्वयंसेवकों ने की गोमती नदी की सफाई



**लखनऊ।** हाड़ कंपाती ठंड में रविवार को स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना के स्वयं सेवकों ने गोमती नदी सफाई अभियान का 343वा रविवार पूर्ण किया। हनुमान सेतु निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर सुबह 6:30 बजे से आरम्भ हुआ ये अभियान लगभग 2 घंटे चला। गोमती नदी सफाई अभियान में लगभग 10 कुंतल पूजन सामग्री युक्त कचरा, सड़े गले कपड़े तथा सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियां गोमती नदी के अंदर से बाहर निकाली गईं। गोमती सफाई अभियान में लगभग 50 से अधिक स्वयं सेवकों ने हिस्सा लिया। गोमती नदी सफाई अभियान के संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में उपासना तिवारी शिखा सिंह, अर्चना सिंह पलक , आर्या त्रिपाठी , कृपा शंकर वर्मा, उदय सिंह , रामकुमार बाल्मीकि, विष्णु तिवारी आनंद वर्मा, हरिनाम सिंह , रिंकू सिंह परवेश यादव , नाथ शरण त्रिपाठी, जे पी गुप्ता , आयुष बंसल राकेश सोनकर दिनेश दत्त पाण्डेय, ललित कश्यप, शिव सोनी अजय जोशी, पवन कुमार, परमेश जोशी विनय तिवारी मनोज सिंह शिवराज इत्यादि स्वयं सेवकों ने सफाई के बाद आदि गंगा गोमती मां की विधिवत आरती की तथा सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री से गोमती नदी में गिरने वाले गन्दे नालों को बंद करने तथा विसर्जन सामग्री के लिए विसर्जन स्थल बनाने की मांग की।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# डीजीपी की फर्जी आईडी बनाकर पैसे मांगने वाला गिरफ्तार






विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार की फर्जी आईडी बनाकर जयपुर की घटना पर पैसे मांगने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने डीजीपी के नाम से इंस्टाग्राम आईडी और यूट्यूब चैनल बनाया था। शुरूआत में फॉलोवर बढ़ाने के लिए काम किया। इसके बाद उससे पैसा कमाने लगा। साइबर टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

साइबर थाना इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया, 30 दिसंबर को उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक की फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर जयपुर में हुई दुर्घटना में पीड़ित की मदद के नाम पैसे मांगने का मामला सामने आया। मामले में पुलिस ने नांगल सहारनपुर के रहने वाले अमित कुमार (43) पुत्र ताराचंद को गिरफ्तार किया। अमित ने साल 2022 में उतर प्रदेश पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी। प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन के बाद डीजीपी ने दौरा किया था। जिसकी फोटो उनके ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर पोस्ट की गई थी। जिसे आरोपी ने ट्विटर हैंडल से डाउनलोड कर फेक इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट करने लगा। जिसके बाद इंस्टाग्राम आईडी पर फॉलोवर्स की संख्या करीब 76 हजार पहुंच गई थी।

अरोपी ने फेक इंस्टाग्राम आईडी को वास्तविक दिखाने के लिए ब्लू टिक वेरिफाइड भी करवाया गया। इसके बाद अमित ने डीजीपी के नाम एक फर्जी अकाउंट भी बनाया। इंस्टाग्राम पर फॉलोवर्स बढ़ने के बाद जयपुर में हुई दुर्घटना में पीड़ित की मदद के नाम धन उगाही करने के लिए जयपुर हादसे का वीडियो चलाकर उसमे अपने बैंक खाते का दफकोड लगाकर लोगों से मदद के नाम पर रूपए ट्रांसफर करने की रिक्वेस्ट का पोस्ट किया गया था। जिसमें कई लोगों ने पैसे भी दिए। इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया आरोपी को घटना की भनक हो गई थी। इसके बाद उसने अपने सारे अकाउंट डिलीट कर दिए थे। जिसकी वजह से ट्रेस करना और सबूत जुटाना मुश्किल हो रहा था। हालांकि बैंक डिटेल व सर्विलांस की मदद से आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने सच कबूल कर लिया। आरोपी अमित आईटीआई पास है, टेक्निकल में काफी निपुण है।

## मोबाइल चुराने वाले दो लोगो को पुलिस ने दबोचा

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में दो मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया गया है। वे किन्नर का भेष बनाकर चोरियां करते थे। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी के दो आई फोन सहित तीन सौ रुपए नगदी बरामद की है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। पीजीआई थाना प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि 4 जनवरी की रात रुपेश कुमार पुत्र रवींद्र यादव निवासी सेक्टर-16 वृंदावन योजना की दुकान से मोबाइल फोन व गल्ले से रुपए चोरी हो गए थे। इस सूचना पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही थी।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वृंदावन गेट थाना पीजीआई के पास से दो किन्नर वैशाली उर्फ विकास कश्यप पुत्र प्रमोद कश्यप निवासी रजनी खंड शारदा नगर थाना आशियाना व तमन्ना उर्फ निजामुद्दीन पुत्र मुस्ताक अली निवासी ग्राम लोना निकट सरैया स्टेशन महमूदाबाद कुर्सी रोड थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी के दो आई फोन बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि दोनो मोबाइल (आईफोन) उन्होनें परसों रात में रायबरेली रोड पर स्थित दुकान से चोरी किया था। इसे वो बेचने की तैयारी कर रहे थे।

## सड़क दुर्घटना में हुई अधेड़ की मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा में करीब सप्ताह भर पहले सड़क दुर्घटना में हुई अधेड़ की मौत के मामले में उसकी बेटी ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते चलें कि मूल रूप से लखीमपुर खीरी जिले के निघासन थाना स्थित तिकुनिया गांव निवासी राजा उर्फ पप्पू कश्यप (48) बंथरा के बनी में अपनी पत्नी चंदा देवी के साथ किराए पर रहकर पास ही स्थित अमेजॉन वेयरहाउस के पास एक ढाबे पर मजदूरी करता था। पप्पू बीते सोमवार को साइकिल से ढाबे पर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उसे जोरदार ठोकर मार दी थी। घायलावस्था में उसे सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक की बेटी रितु देवी ने वाहन (यूपी 32 एनएन 2554) के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसके पिता पप्पू कश्यप को ठोकर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर गाड़ी नंबर के आधार पर उसके चालक का पता लगा रही है।

## युवती ने जान से मारने की धमकी देने वाले युवक पर दर्ज कराया मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर प्रेम जाल में फंसा कर मंदिर में विवाह करने और पांच बार गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। युवती का यह भी कहना है कि इसने दूसरी युवती से विवाह कर दिया। जब विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, सुशांत गोल्फ थाना क्षेत्र मे रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शिवांशु सिंह निवासी सेक्टर 6 गोमती नगर ने 2014 में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक मंदिर में प्रेम विवाह किया था। पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाया। नशीला पदार्थ खिलाकर यौन शोषण किया और बहला फुसलाकर दो चेन, एक अंगूठी, दो ब्रासलेट, चांदी के गहने, सोने के सामान एक लॉकेट, स्कूटी और 8 लाख रुपए मकान खरीदने के लिए ले लिया। इस दौरान बार-बार गर्भपात कराया। मारता और पीटता था। परिवार का भी समर्थन है। पति शिवांशु का साथी रोहन सिंह व सौरभ मिश्रा भी इसमें शामिल है। पीड़िता का आरोप है, कि जब उसने पुलिस से शिकायत की बात कही तो बंदूक उठाकर गोली से मारने की धमकी देता है। शिवांशु ने दूसरा विवाह भी कर लिया है। जिसमें परिवार का समर्थन था। इस मामले में स्थानीय पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

# साइकिल सवार की सड़क दुर्घटना में मौत, बुजुर्ग घायल




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार 11वीं के छात्र की मौत हो गई। उसका बाबा घायल है। हादसा बिजनौर इलाके में शनिवार शाम हुआ है।

अलीनगर के रहने वाले सुमेर कुमार लोधी का बेटा साहिल राजपूत (18) निजी स्कूल में 11वीं का छात्र था। वह शनिवार शाम साइकिल से अपने बाबा मेवा लाल (70) के साथ घर लौट रहा था। तभी किसान पथ स्थित माती अंडरपास में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साहिल की साइकिल में टक्कर मार दी। साहिल गाड़ी के पहिया के नीचे चला गया। जबकि मेवालाल को गंभीर चोट आई है। सूचना पाकर पहुंची बिजनौर पुलिस ने साहिल को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घायल मेवालाल का निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत :** बिजनौर में शनिवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार 11वीं के छात्र की मौत हो गई। जबकि उसका बुजुर्ग बाबा घायल हो गया। बिजनौर के अलीनगर निवासी सुमेर कुमार लोधी का बेटा साहिल राजपूत 18 वर्ष पास के गांव में स्थित एक निजी विद्यालय में 11वीं का छात्र था। वह शनिवार शाम साइकिल से अपने बुजुर्ग बाबा मेवा लाल 70 वर्ष को लेकर बिजनौर कस्बे जा रहा था। तभी बिजनौर - माती रोड पर किसान पथ स्थित माती अंडरपास के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साहिल की साइकिल में ठोकर मार दी। जिससे साहिल उसके पहिए के नीचे आकर बुरी तरह घायल हो गया। जबकि मेवालाल को भी गंभीर चोट आ गई। सूचना पाकर पहुंची बिजनौर पुलिस ने गंभीर हालत में साहिल को केजीएमयू स्थित ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। वहीं घायल मेवालाल का पास के निजी अस्पताल में इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस ने साहिल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फुटपाथ दुकानों में घुसी कार ने कई वाहनों को मारी टक्कर, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली की चंदरनगर चौकी के पास फुटपाथ पर लगने वाली दुकानों में बीते शुक्रवार की रात्रि एक कार सवार नशे की हालत में दुकानों के बाहर खड़े कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर फुटपाथ दुकानों में रखे सामान को कार चढा नष्ट कर दिया। वहीं पीड़ित दुकानदारों व वाहन चालकों की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र की चंदरनगर चौकी के पास फुटपाथ पर कपड़े की दुकान संचालक जितेन्द्र सोनकर पुत्र प्रेम चन्द्र सोनकर निवासी अलमबाग नटखेरा में अनुसार वह और दीनेश सोनकर अलमबाग चौराहा पर कपड़े की दुकान करता है। आरोप है कि बीते 3 जनवरी की रात्रि करीब 10:30 बजे कार नम्बर यूपी यूपी 78 सी एम 6677 पर सवार चालक ने अनियंत्रित होकर उसकी दुकान में कार को घुसेड उसकी दुकान सहित दूसरी दुकान वाले दिनेश सोनकर और तीसरे नन्नू सोनकर की दुकान पर रखे सामान को नष्ट करने के साथ उसकी दुकान के बाहर खडी अलीम सलमानी की बाइक संख्या यूपी 32 एन एफ 8815 व विनोद राजपाल की स्कूटी संख्या यूपी 32 ई वी 4147 क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके चलते उसने आरोपित कार चालक के खिलाफ स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से शिकायत की है। वहीं पीड़ित दुकानदारों का कहना था कि उसके व दिनेश सोनकर, नन्नू सोनकर की दुकान पर रखे सामान को उक्त कार चालक ने कुचल नुकसान किया है। जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपए के आस पास है। वहीं उक्त घटना से रोड पर चल रहे कई लोग बाल बाल बच गए लेकिन कई गाडी क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन उक्त कार का चालक पुरी तरह नसे में धुत्त था। पुलिस के अनुसार पीड़ित दुकानदारों व वाहन चालकों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जीएसटी विभाग के स्टेनों की पत्नी से जालसाजों ने 8 लाख ठगे




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमती नगर इलाके में साइबर जालसाजों ने ऋष्ळ विभाग के स्टेनो की पत्नी से लाखों की ठगी की। जालसाजों ने स्टॉक मार्केट में इंवेस्ट कराकर पहले मुनाफा दिया। इसके बाद इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड के मामले की शिकायत में फंसने का डर दिखाकर लाखों ठगे। कस्टम्स एंड सेंट्रल एक्साइज कॉलोनी, विभूति खंड की रहने वाली आरती प्रजापति पत्नी सुनील कुमार प्रजापति हाउस वाइफ हैं। आरती ने बताया कि सोशल मीडिया पर आ रहे ऐड के जरिए से नाम के व्हाट्सएप ग्रुप से अगस्त महीने में जुड़ी थी।

आरती ने बताया कि ग्रुप में यह बताते थे कि कौन सा ट्रेड लेना है। उस ट्रेड को लेने के लिए ब्रोकेरेज अकाउंट ओपन करना था। ब्रोकेज अकाउंट ओपन करने के लिए ग्रुप में ही मैसेज आता था। इस पर चैटिंग के जरिए बात होने लगी। फिर दूसरा लिंक देकर ज्वाइन करने के लिए बोला गया। यहां पर दिए गए लिंक से मैंने ब्रोकरेज अकाउंट ओपन किया। ट्रेडिंग के लिए 5 लाख 73 हजार रुपए चार बार में बैंक अकाउंट में जमा कराए।

उस आईडी पर कुछ दिन बाद ज्यादा अमाउंट दिखने लगा। आरती ने 27 अगस्त को 1 लाख 50 हजार रुपए निकाला, पैसा मिल गया। इसके बाद आरती का भरोसा बढ़ गया। इसके बाद ट्रेडिंग के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए जमा किए। इन ट्रांजेक्शन के बाद पल्लवी नाम की महिला ने इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड के मामले में शिकायत कर दी। आरती को इसमें फंसाने का डर दिखाया गया। इस चीज की जानकारी तब हुई, जब आरती ने पति के अकाउंट में 20 हजार रुपए भेजे। वह अकाउंट में शो नहीं हुए तो बैंक गई। वहां पता चला कि अकाउंट होल्ड कर दिया गया है। इधर, ग्रुप में जोड़ने वाले आगे ट्रेडिंग के लिए और पैसे की डिमांड करने लगे। मना करके पैसा वापस लेने की कोशिश की लेकिन नहीं हो पाया। इसके बाद जालसाजों ने ट्रेडिंग अकाउंट लॉक कर दिया। ट्रेडिंग एकाउंट में शिकायत के लिए दिए गए मोबाइल पर शिकायत की, लेकिन जवाब नहीं मिला। कुछ दिन बाद लिंक पर लॉग इन होना ही बंद हो गया। तब मालूम हुआ कि यह सब फेक है और फ्रॉड हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सब्जी खरीदने निकली महिला से हुई टप्पेबाजी

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली के विजय नगर चौकी के पास शनिवार को सब्जी खरीदने के दौरान दो टप्पेबाज युवको ने पता पता पूछने के बहाने महिला की चैन और कान का टप्स ले रूमाल में लकडी का टुकड़ा सिक्का थमा रफूचक्कर हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित केसरी खेड़ा निवासी शुभावती देवी पत्नी हीरालाल यादव के अनुसार वह शनिवार शाम करीब 6.30 बजे सब्जी लेने विजय नगर चौकी के सामने नहर पर आई थी। उस दौरान सब्जी लेते समय 2 अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति ने उनके पास आ कानपुर जाने का रास्ता पुंछने के बहाने अपनी बातों में फसा लिया और इस दौरान गले से सोने की चैन और कान का टाप्स निकाल उन्हें रखने के लिए कह एक रूमाल में उनकी ज्वैलरी की जगह दो रूपय का सिक्का एवं छोटी लकडी के टुक्कड़े थमा रफूचक्कर हो गए। जिसकी जानकारी उन्हें रूमाल खोलने पर हुई। वहीं पीड़िता का कहना था घटना के थोड़ी देर बाद उन्हें मालूम हुआ कि दोनो युवकों का थोड़ा आगे दुर्घटना हो गया है। जिनकी गाड़ी थाना कृष्णा नगर पर पहुँच गई है। और वह दोनो लड़के दुर्घटना के बाद वहा से भाग गए हैं। जिसके पश्चात उन्होंने घटना की शिकायत स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली पहुंच पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर उक्त बाइक सवार टप्पेबाजों की तलाश की जा रही है।

## विवाहिता ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी की दर्ज कराई रेपोर्ट

**लखनऊ।** सरोजनीनगर की एक विवाहिता ने क्षेत्र के ही रामनगर कॉलोनी, गिंदन खेड़ा निवासी युवक सौरभ मौर्य के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के साथ ही सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित विवाहिता का कहना है कि जब वह अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जाती है तो सौरभ रास्ते में छेड़छाड़ करता है। मना करने पर गाली गलौज और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसका कहना है कि विरोध करने पर उसने घर में घुसकर मारा पीटा और वह जब नौकरी करने जाती है तो दो-चार लड़के लेकर रास्ते में परेशान करता है। उसने पीड़िता के कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़ित विवाहिता का कहना है कि आरोपी ने उसका फोटो भी इंस्टाग्राम में वायरल कर दिया। साथ ही फोन पर भी धमकता रहता है। फिलहाल सरोजनी नगर पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## शेरो-शायरी से रोशन हुई खादी प्रदर्शनी की शाम

लखनऊ। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से रिवरफ्रंट निकट चटोरीगली में जारी दस दिवसीय पीएमईजीपी आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी के दूसरे दिन खूब भीड़ उमड़ी। दूसरे दिन बज्मे मुशायरे ने माहौल को खुशनुमा कर दिया। मुशायरे में प्रदेश भर से आये शायरों ने अपने कलाम से सुनने वालों का दिल जीत लिया। मुशायरे में उस्मान मीनाई बाराबंकवी, सगीर नूरी बाराबंकवी, शोएब अनवर बाराबंकवी, आदर्श बाराबंकवी, इरशाद बाराबंकवी, सलीम हमदम रुदौल, असलम सैदनपूरी, मुजीब सिद्दीकी करनैलगंजवी, याकूब अजम गोंडवी, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार शुक्ला, गोबर गणेश, अबरार सारिम, इरशाद खलीली, रफत शैदा सिद्दीकी, व अन्य शायरों ने कलाम सुनाए।13 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में भिन्न भिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा 75 स्टाल लगाए गए हैं। स्टेट डायरेक्टर केवीआईसी डा. नीतेश धवन ने बताया दो दिन में दो लाख से अधिक की बिक्री ने हुई है। पश्चिम बंगाल, जम्मू, कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड उत्तर प्रदेश के स्टाल लगे हैं।

## महाकाल मंदिर में यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुति

लखनऊ। राजेंद्र नगर श्रीमहाकाल मंदिर में आयोजित 21वें श्री पंचकुंडीय महालक्ष्मी, महामृत्युंजय यज्ञ में रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहूतियां दीं। बेदी पूजन कर हवन-पूजन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महादेव तिवारी के सानिध्य में आचार्यों ने महायज्ञ करवाया। यज्ञ के मुख्य यजमान पीपी चतुर्वेदी, आलोक गुप्ता, जितेंद्र साहू, शैलेंद्र आदि ने भी यज्ञ में आहुतियां डालीं। संयोजक अतुल मिश्रा ने बताया कि इस बार तिथि के अनुसार स्थापना दिवस 11 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। बताया कि उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर श्रीमहाकाल भस्म आरती सोमवार तड़के चार बजे होगी। महाआरती और महारुद्राभिषेक सोमवार शाम छह बजे से होगा। उसके बाद भंडारा, प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## रिटायर सूबेदार समेत तीन से हड़पे 48 लाख

लखनऊ। आशियाना कोतवाली में रिटायर सूबेदार ने रियल एस्टेट फर्म संचालकों के खिलाफ 18 लाख हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, विभूतिखंड और सुशांत गोल्फ सिटी में दो लोगों ने जमीन के बदले 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशियाना रक्षाखण्ड निवासी रिटायर सूबेदार पुत्तन लाल मौर्या के मुताबिक वर्ष 2015 में उन्हें रियल्टी इंवेस्टमेंट सल्यूशन के बारे में पता चला। जिसका संचालन वृंदावन कॉलोनी निवासी बलवीर सिंह, आशियाना निवासी शिव कुमार करते थे। कम्पनी में कैंट दुगार्पुरी निवासी प्रदीप सिंह, रकाबगंज निवासी अंकित खरे और शिवाजीपुरम निवासी आनन्द कुमार शर्मा भी शामिल है। आरोपियों ने मोहनलालगंज न्यू जेल रोड पर कॉलोनी बनाने का दावा किया। पुत्तन ने भी कम्पनी में निवेश किया था।

# गिट्टा गैंग के सदस्य गिरफ्तार, ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर की थी चोरी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कृष्णा नगर पुलिस ने बंद दुकानों की रेकी कर चोरी करने वाले निलोफर उर्फ गिट्टा गैंग को पकड़ा है। यह गैंग बंद दुकानों की रेकी करके चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। गैंग की सरगना एक युवती है।

इनके पकड़े जाने से एक कृष्णा नगर और एक बाजार खाला में हुई चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है। पुलिस ने उनके पास दुकान में चोरी हुए जेवरात सहित घटना में प्रयोग की गई बाइक, 1500 रुपए बरामद किए हैं। गैंग में शामिल दो साथियों की तलाश पुलिस कर रही है।

एडीसीपी साउथ अमित कुमावत ने बताया कि 31 दिसंबर को कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के अली नगर में रहने वाले रामेंद्र यादव की ज्वेलरी की दुकान पुष्पांजलि ज्वेलर्स का शटर तोड़कर लाखों रुपए की चोरी हुई थी। इस प स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज था। चोरों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया गया था। आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पुलिस टीम को अहम सुराग लगे। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह निलोफर उर्फ गिट्टा (गैंग लीडर) निवासी 461 एवर रेड्डी चौराहा निकट हमीदी मस्जिद एफसीआई गोदाम के पास दरियापुर थाना बाजारखाला को गिरफ्तार किया। इसके अलावा अमन निवासी काजीपुरा मोहल्ला निकट वसीरगंज पुलिस चौकी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच, हाल पता काशीराम कालोनी थाना पारा जनपद लखनऊ और सिराजुद्दीन निवासी काजीपुरा मोहल्ला निकट वसीरगंज पुलिस चौकी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच को लखनऊ को गंगा खेड़ा अंडरपास के नीचे से गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी सौम्या पांडेय ने बताया कि गैंग की लीडर युवती है। यह गिरोह दुकानों में देर रात चोरी करता है। सामान्य तौर पर ऐसे दुकान जिसमें शटर ढीला होता है, जिसे उठाकर थोड़ी सी जगह बन जाती है। इसमें घुसकर फिर अंदर के दरवाजे तोड़कर चोरी को अंजाम देते हैं। गैंग में चोरी करने के बाद चोरी का माल को आपस में बांट लेते थे। पकड़े गए आरोपियों का कोई मूल पता नहीं है। वह लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में स्थित काशीराम कॉलोनी या बस्तियों में किराए पर रहते हैं, जिस कारण से इन्हें ट्रेस कर पाना भी मुश्किल होता है। इनके पास से एक जोड़ी सोने का झुमका, एक सोने की नथ, नौ लॉकेट, तीन टप्स, एक मंगलसूत्र और 1500 रुपए नगद बरामद किए गए हैं।

**घर के सामने खड़ा ई रिक्शा चोरी, रिपोर्ट दर्ज :** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कालोनी में एक युवक का ई-रिक्शा संख्या उसके घर के सामने से पार कर दिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया एलडीए कालोनी निवासी जयनारायण सैनी पुत्र स्व सिद्ध गोपाल सैनी के अनुसार बीते 22 नवम्बर की रात्रि करीब एक बजे अपना ई रिक्शा घर के सामने खड़ी किया था। जिसे चोरों ने पार कर दिया। जिसकी जानकारी उन्हें अगले दिन तड़के करीब साढ़े चार बजे हुई, जिसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## जालसाज ने आईपीएस अधिकारी बन एक लाख रुपये कराये ट्रांसफर, रिपोर्ट दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक खाताधारक से जालसाज कालर ने आईपीएस अधिकारी बन एक लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा हडप लिए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित नया सरदारी खेडा निवासी सतनाम सिंह रेखी पुत्र प्रहलाद सिंह के अनुसार बीते 30 अक्टूबर व 11 नवम्बर को एक जालसाज अपने को फोन कॉल पर आईपीएस अधिकारी बता दो बार में ऑनलाइन एक लाख रुपये ट्रांसफर करा हडप लिए। वहीं पीड़ित ने अपने संग धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल सहित स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद धोखाधड़ी सहित आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# 144 साल बाद महाकुंभ पर बन रहा दुर्लभ संयोग, उमड़ेगा भक्तों का हुजूम



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुंभ इस बार कई मायनों में खास है। मेले का विस्तार और आधुनिक सुविधाओं से तो क्षेत्र लैस है ही साथ ही इस बार का महाकुम्भ अक्षय पुण्य लाभ देने वाला होगा। यह पूर्ण महाकुम्भ होगा। धमार्चार्यों और ज्योतिषाचार्यों की मानें तो ऐसा दुलर्भ संयोग 144 साल बाद बन रहा है। साधु-संतों और ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि महाकुम्भ प्रत्येक 12 वर्ष के बाद लगता है, जबकि 12-12 के 12 चरण पूरे होने पर जो कुम्भ होता है, उसे पूर्ण महाकुम्भ कहा जाता है। पं. बिन्द्रेस दुबे का कहना है कि योग लगन, गृह और तिथि जब सब अनुकूल होते हैं तो यह दुर्लभ संयोग बनता है। प्रत्येक 12 वर्ष के बाद महाकुम्भ, प्रयागराज में छठवें वर्ष पर अर्धकुम्भ और 144 वर्ष के अंतराल पर पूर्ण महाकुम्भ का योग बनता है।

**अंकगणित का भी संयोग:** इस बारे में ज्योतिष का गणितीय विश्लेषण भी है। जैसे 144 का कुल योग नौ होता है। यानी एक और इसमें चार और फिर चार जोड़ने पर नौ होता है। ऐसे ही वर्ष 2025 में दो में दो और फिर पांच जोड़ने पर नौ का पूर्ण अंक प्राप्त हो रहा है। यह भी विशेष संयोग इस महाकुम्भ में दिखाई देगा।

**पूर्ण महाकुम्भ के ज्योतिषीय विश्लेषण:** पूर्ण महाकुम्भ के ज्योतिषीय विश्लेषण भी हैं। उत्थान ज्योतिष संस्थान के निदेशक डॉक्टर दिवाकर त्रिपाठी पूर्वांचली का कहना है कि प्रत्येक 12 वर्ष के अंतराल पर प्रयागराज की पावन भूमि पर महाकुम्भ का आयोजन होता है। जब देवगुरु बृहस्पति शुक्र की राशि वृष में गोचर करते हैं तथा जब सूर्य देव मकर राशि में गोचर करते हैं तब देवगुरु बृहस्पति की नवम दृष्टि सूर्य देव पर पड़ती है। यह अवधि परम पुण्यकारक होती है। जब देवगुरु बृहस्पति अपनी 12 राशियों की यात्रा करने के बाद पुन वृष राशि में आते हैं, तब प्रत्येक 12 वर्ष के अंतराल पर महाकुम्भ लगता है। इसी प्रकार जब बृहस्पति का वृष राशि में गोचर 12 बार पूर्ण हो जाता है। अर्थात वृष राशि में बृहस्पति के गोचर का 12 चक्र पूर्ण हो जाता है तब उस कुम्भ को पूर्ण महाकुम्भ कहा जाता है। बकौल डॉ. त्रिपाठी इस वर्ष भी देवगुरु बृहस्पति का गोचर वृष राशि में हो रहा है। जो 14 मई 2025 तक रहेगा। 14 जनवरी 2025 को दिन में 2:58 बजे के बाद सूर्य देव का गोचर मकर राशि में आरंभ होगा। तब देवगुरु बृहस्पति की नवम दृष्टि सूर्य देव पर होगी। इसी पुण्यदायक संयोग में ही महाकुम्भ का आयोजन होता है।

**बनेंगे कई लाभकारी शुभ योग:** इस वर्ष हमारे कर्म फल के प्रदाता ग्रह शनि अपनी राशि कुम्भ में गोचर कर रहे हैं। यह भी एक श्रेष्ठ संयोग है। महाकुम्भ पर्व के दौरान ऐश्वर्य, सौभाग्य, आकर्षक, प्रेम, सुख आदि के कारक ग्रह शुक्र अपनी उच्चाभिलाषी स्थिति शनि देव की राशि कुम्भ में एक जनवरी से 29 जनवरी के बीच में गोचर करते रहेंगे। उसके बाद 29 जनवरी 2025 दिन बुधवार की रात में 1212 बजे से अपनी उच्च राशि मीन में 31 मई 2025 दिन शनिवार तक गोचर करेंगे। मीन राशि के स्वामी ग्रह देव गुरु बृहस्पति होते हैं। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति के साथ राशि परिवर्तन राजयोग का निर्माण होगा। जो परम पुण्य दायक परिणाम प्रदान करने वाला होगा। बुधादित्य योग, गजकेसरी योग, गुरुआदित्य योग, सहित शश व मालव्य नामक पंच महापुरुष योग का निर्माण होगा जो इस महाकुम्भ को श्रेष्ठ फल प्रदायक बनाने वाला होगा।

## इस साल 74 दिन बजेगी शहनाई, 14 जनवरी से खरमास होगा खत्म

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** खरमास पर शादी विवाह व अन्य मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लगा हुआ है। हिन्दू धर्म में शुभ मुहूर्त-तिथि का काफी महत्व है। कोई भी मांगलिक कार्य शुभ लग्न-मुहूर्त में ही होते हैं। अभी मांगलिक कायों पर विराम है। दरअसल, खरमास पर एक महीने के लिए शादी-विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्य नहीं होंगे। इस कारण अब इस साल के बचे दो दिनों में भी कई शादियां होंगी। अब विवाह के लिए सिर्फ 13 व 14 दिसम्बर का ही शुभ मुहूर्त बचा है। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि खरमास इस बार 16 दिसंबर, सोमवार को सुबह 7:35 बजे से शुरू हो रहा है यानि अब एक माह तक कोई मांगलिक कार्य नहीं होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण हो जाएंगे। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश होने के साथ ही खरमास समाप्त होगा और शिशिर ऋतु आरंभ हो जाएगा। वैसे खरमास में पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और भगवान विष्णु की आराधना कर सकते हैं।

**74 दिन शहनाई बजेगी:** साल 2025 में 14 जनवरी को खरमास समाप्त होगा। इसके बाद विवाह समेत अन्य मांगलिक काम शुरू हो सकेंगे। नये साल में 16 जनवरी से विवाह सहित अन्य सभी तरह के मंगल कार्य शुरू होंगे। विभिन्न पंचांगों के अनुसार जनवरी में 10 दिन, फरवरी में 14 दिन, मार्च में 5 दिन, अप्रैल में 09 दिन, मई में 15 दिन, जून में 5 दिन विवाह के शुभ मुहूर्त होंगे। इसके बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर व अक्टूबर में विवाह के मुहूर्त नहीं है। चार माह के लिए भगवान विष्णु शयन में चले जाते हैं यानि हरिशयनी एकादशी के दिन से। जिसके बाद फिर मांगलिक कार्य देवोत्थान एकादशी पर नवंबर में शुरू होगा। अगले साल नवम्बर में 13 दिन और दिसंबर में मात्र तीन दिन विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

# आंखों में तेरी झांक के फिर जुर्म कर लिया...सुन दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

## संगीत नाटक अकादमी में आयोजित शान-ए-अवध में दिखी अवध की साझी विरासत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नव भारत निर्माण समिति-बनारस लिट फेस्ट आयोजक मण्डल की ओर से काशी और अवध की साझी विरासत पर आधारित शान-ए-अवध का आयोजन रविवार को गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें अवध की साझी विरासत बिम्बित हुई।

उत्सव की प्रथम कड़ी के रूप में अरुणिमा मिश्रा के संयोजन में हुए हुनर के सरताज कार्यक्रम में अदिति और आशीष के साथ ही उपेन्द्र ने मधुर गीत सुनाए। प्रतिभा, आमिर, रमाकांत की कविताओं को भी श्रोताओं की तालियां मिलीं। पायल ने प्रभावी नृत्य किया। मनीषा गुप्ता की पेन्टिग को भी दर्शकों की प्रशंसा मिली।

औपचारिक उद्घाटन सत्र के उपरांत हम फिदा-ए-लखनऊ सत्र में सामूहिक परिचर्चा हुई। इसमें अमित हर्ष के संयोजन में वरिष्ठ इतिहासकार रवि भट्ट, साहित्यविद् अखिलेश और मशहूर किस्सागो हिमांशु बाजपेई ने लखनऊ के सांस्कृतिक फलक पर अपने विचार प्रकट किए। इसमें उन्होंने बताया कि लखनऊ को किन कारणों से वैश्विक पहचान मिली है। भारत-तिब्बत सम्बन्ध पर हुए टॉक में शो विनय सिंह और मेजर जनरल ए.के.चतुवेर्दी ने मूल्यवान जानकारियां दीं। सम्मान समारोह के उपरांत साक्षात्कार सत्र में पद्मश्री विद्या विन्दु सिंह और वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल सिन्हा ने भाग लिया।

**कवि सम्मेलन :** मुकुल महान के संचालन में हुए इस सत्र में सूर्यपाल गंगवार शाम के आकर्षण रहे। उन्होंने सुनाया कि अजनबी से शहर की पहचान बनकर देखना, संघर्ष की चचाओं का एक नाम बनकर देखना। वसीम नादिर साहब ने अपने खास अंदाज में पढ़ा कि आंखों मे तेरी झांक के फिर जुर्म कर लिया, इस साल भी पुराने कई साल खुल गये। अम्बरीष ठाकुर ने पढ़ा कि खुद को तलाशते हैं तेरे आस पास हम, तू गम-जदा है और तेरे गम-शनास हम। मनीष शुक्ला ने सुनाया कि बात करने का हसीं तौर-तरीका सीखा, हम ने उर्दू के बहाने से सलीका सीखा। अभिषेक तिवारी ने सुनाया कि मेरे अंदर दर्द ओ गम के जाने कितने साए हैं, जुगनू यादों के सब इस जंगल में रहने आए हैं। डॉ. भावना श्रीवास्तव ने सुनाया कि जिस्म भी कैद-ए-बा-मशक़्कत है, क्या खबर कौन कब रिहा होगा। इसके उपरांत डॉ. सुरभि के दल द्वारा प्रस्तुत कथक नृत्य पेश किया गया जिसमें काशी से अवध तक की स्वर्णिम झांकी पेश की गई। इस क्रम में क्लार्क ग्रुप द्वारा मधुर सुंदर संगीत पेश कर शाम को परवान चढ़ाया।

### नाटक एक दिन की छुट्टी का मंचन

नाटक एक दिन की छुट्टी का मंचन नवीन श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। राजेंद्र शर्मा द्वारा लिखित यह हास्य नाटक लोगों को झूठ न बोलने का संदेश देता है। कथासार के अनुसार नाटक का केन्द्रीय पात्र विजय अपने कार्यालय से झूठ बोलकर एक दिन का अवकाश ले लेता है। कहानी में तब हास्यजन्य स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं जब विजय का बॉस, विजय के घर आ जाता है। नाट्यांत में उसका झूठ पकड़ा जाता है। हम फिदा-ए-लखनऊ कवि सम्मेलन और मुशायरा में डॉ. हरिओम, सूर्यपाल गंगवार, मुकुल महान, श्लेष गौतम, सोनरूपा विशाल, वसीम नादिर, मनीष शुक्ला, विनम्र सेन, डॉ. भावना, डी.बी. सिंह, कृति चौबे, अम्बरीश ठाकुर, बलवंत सिंह, प्रशांत सिंह को आमंत्रित किया गया था।

## संस्कारशाला में बच्चों ने सीखा हरे कृष्ण महामंत्र का जप करना



**लखनऊ।** श्री श्री राधारमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) लखनऊ में श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी, मंदिर अध्यक्ष के दिशा-निर्देशन में चल रही संस्कारशाला में आज श्रीमती अचिन्तय रुपिणी माता जी द्वारा विशेष आध्यात्मिक कक्षा में बच्चों को भीष्म पितामह का जीवन परिचय विस्तार से बताया गया। अचिन्तय रुपिणी माता जी द्वारा विशेष रूप से बताया कि भीष्म पितामह द्वारा अपने पिता की इच्छा के सामने स्वेच्छा का समर्पण तथा आजीवन ब्रह्मचारी रहने की प्रतिज्ञा ली गयी थी और इस प्रतिज्ञा को भीष्म प्रतिज्ञा के नाम से जाना जाता है, भीष्म पितामह से अखंड ब्रह्मचर्य की शिक्षा भी मिलती है। सभी बच्चों ने हरिनाम जप किया, साथ ही साथ गुरु परम्परा, हरे कृष्ण महामंत्र का कीर्तन सीखा। अंत में सभी ने स्वादिष्ट पाव भाजी व केला प्रसादम का आनन्द उठाया।

## श्री अखण्ड पाठ साहिब के साथ शुरू हुआ प्रकाश पर्व



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सिक्खों के दसवें गुरू धन-धन साहिब श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा मानसरोवर गुरू तेग बहादर नगर (एलडीए) कालोनी, लखनऊ में बहुत ही धूमधाम से मनाया जायेगा। गुरुद्वारा साहिब और गुरू महाराज की पालकी साहिब को फूलों, गुब्बारों एवं रंगीन लाइटों से सजाया जायेगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की आरंभता श्री अखण्ड पाठ साहिब की आरम्भता हुई, जिसकी समाप्ति 06.01.2025 को सुबह 8:00 बजे होगी। दोनो ही दिन शाम को 5:45 बजे से रात 11:00 बजे तक विशेष कीरतन दिवान सजाया जायेगा। साहिब श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए विशेष दिवान के लिये बाहर से आये हुए रागी जत्थों ने साध संगतों को शबद कीरतन से निहाल करेंगे। इस शुभ अवसर पर भाई हरपाल सिंह जी दरबार साहब वाले, भाई बलजीत सिंह जी दमदमा साहब वाले शबद कीरतन से निहाल करेंगे। इसके उपरान्त हेड ग्रन्थी ज्ञानी बलदेव सिंह जी कथा द्वारा साहिब श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। स्त्री सत्संग जत्था तथा हजूरी रागी भाई गुरमुख सिंह जी, गुरूद्वारा मानसरोवर वाले सभी साध संगतों को गुरवाणी, कीरतन, कथा से निहाल करेंगे। दोनों दिन गुरू का लंगर सभी साध संगतों को बिना भेदभाव के अटूट वितरित किया जायेगा। गुरूद्वारा मानसरोवर से प्रभात फेरी की आरंभता स० प्रतिपाल सिंह सलूजा की अगुवाई में 21.12. 2024 से हुई। जिसकी समाप्ति नगर कीरतन के रुप में दिनांक 06.01.2025 को होगी। नगर कीरतन गुरूद्वारा मानसरोवर से पंचप्यारो की तथा गुरू महाराज की सवारी के साथ प्रातः 6.00 बजे से आरम्भ होकर गुरूद्वारा नानक प्याऊ होते हुए पराग रोड से पावर हाऊस चौराहा होकर आशियाना गुरूद्वारे में स्वागत के साथ सम्पन्न होगा।

# राग प्रभात कथक में छात्रों ने दिखायी अपनी अद्भुत प्रतिभा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राग प्रभात कथक नृत्य भूमि और रचना प्रभात प्रोडक्शंस ने वाल्मीकि रंगशाला ऑडिटोरियम, संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में कथक कार्यक्रम 'नवप्रभात' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राग प्रभात कथक नृत्य भूमि द्वारा कार्यशाला के समापन के लिए आयोजित किया गया और सुश्री गौरी भारद्वाज द्वारा इसकी मेजबानी की। इस कार्यक्रम का निर्देशन और कोरियोग्राफी कथक कलाकार और राग प्रभात कथक नृत्य भूमि की निदेशक रिनी भारद्वाज ने की। कार्यक्रम में कथक के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने और इस शास्त्रीय नृत्य को आगे बढ़ाने और जनता तक पहुंचाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों न्यायमूर्ति अशोक कुमार, अध्यक्ष, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, उत्तर प्रदेश और श्रीमती रचना, रचना प्रभात प्रोडक्शंस की निदेशक और सुश्री रिनी भारद्वाज, निर्देशक राग प्रभात - कथक नृत्य भूमि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में राग प्रभात कथक नृत्य भूमि के छात्रों द्वारा शुद्ध कथक की झलक दिखाई गई। आयोजन के प्रदर्शनों की शुरूआत गुरु वंदना के साथ हुई, जिसके बाद छात्रों द्वारा कार्यशाला के दौरान सीखे गए कथक के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न अर्ध-शास्त्रीय गीतों पर कार्यशाला के छात्रों द्वारा 7 प्रदर्शन दिखाए गए।

समापन कथक प्रदर्शन गुरु, सुश्री रिनी भारद्वाज, एक कथक नृत्यांगना और कथक शिक्षिका द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने प्रदर्शन की शुरूआत अर्धांग से की। सभी प्रस्तुतियों की कोरियोग्राफी सुश्री रिनी भारद्वाज ने की। आयोजन की प्रस्तुतियों के बाद सुश्री रिनी भारद्वाज ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कथक नृत्य के साथ-साथ कार्यशाला के बारे में अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम के अपने अनुभव साझा किए कए और उसके बाद प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# यूपी महोत्सव : मैया यशोदा...पर अनामिका और निशा ने दी भावपूर्ण प्रस्तुति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वाधान में लगने वाले सभी महोत्सव में वीकेंड और संडे का बहुत विशेष महत्व होता है लेकिन यूपी महोत्सव में संडे का आपने एक अलग ही अंदाज और एक अलग नजर बयां होता है। कुछ अचानक, कुछ यूंही मतलब, कुछ-कुछ होता है संडे यूपी महोत्सव में। यूपी महोत्सव में आज एक से बढ़कर एक मन लुभावना और मनभावन कार्यक्रम देखने को मिले। खिली धूप के बीच पंडाल में जहां आई भीड़ ने कवि सम्मेलन का मजा लिया वही शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से हर किसी को तालियां बजाने और रुकने पर मजबूर कर दिया।

यूपी महोत्सव में ग्रेस एंड पीस स्टूडियो की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने को मिली ग्रेस एंड पीस स्टूडियो की शैलजा श्रीवास्तव के नेतृत्व में राम आएंगे संध्या गुप्ता, पलक शाह, अनामिका सिंह, शिवन्या ने सुंदर नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया, मैया यशोदा के गाने में अनामिका सिंह और निशा ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, टूटे बाजूबंद में श्रुति गुप्ता, प्रीति ने मनमोहन घूमर किया, अवधी नृत्य रूम घूम हुआ गुलाबी चुनरिया जान्हवी ने किया। सभी लोक नृत्य का निर्देशन मोहित कपूर ने किया। कत्थक के लिए नित्य निगम ने सूफी नृत्य में इश्क तैयार कराया जिसमें सौम्या गुप्ता, पलक शाह, अनिका सिंह, ईशानवी श्रीवास्तव, शिवन्या, अनन्या, तनिष्का श्रीवास्तव ने भाग लिया। ग्रेस एंड पीस अकादमी में गायन में कनिष्क कुमार दिनेश श्रीवास्तव व गीता श्रीवास्तव, अखिलेश निगम, उज्वला निगम मिश्रा सुंदर गीत गाया भजन प्रस्तुत किया। कनिष्क श्रीवास्तव ने याद किया दिल ने तथा तू कहां मैं बता जीत गए। विनीत श्रीवास्तव ने छोटी छोटी गईया ओ मेरी जोहरा जबी। अखिलेश निगम ने राम भक्त मैं चला चुपके चुपके लिखा जो खत। आंचल मिश्रा ने आज कल याद जैसे शानदार जीत गए। गीत संगीत के कार्यक्रम में विजय कुमार ने तबला, संजय श्रीवास्तव और चंदेरिया ने कीपैड में संगत की और कार्यक्रम को बहुत शानदार बनाया जिसे श्रोताओं ने बहुत पसंद किया और प्रभावित हुए।

यूपी महोत्सव में आरबीआई में आम जनता को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन यूपी महोत्सव में किया। इसके माध्यम से यह बतलाया गया की आपको अपने ट्रांजैक्शन करते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी है, किसी अनजान कॉल पर किस तरह विश्वास करना है और किसी तरह का फ्रॉड होने पर सबसे पहले कहां पर आपको सूचित करना है।

यूपी महोत्सव में आज एडीसीपी पूर्वी जितेंद्र कुमार और कोतवाल शिवाकांत मिश्रा, एलईयू अरुण कुमार यादव और अनुसचिव अरुण कुमार विशेष रूप से पधारे और पूरे महोत्सव का अपनी टीम के साथ भ्रमण किया। एडीसीपी के साथ संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एन बी सिंह सहित बहुत सारे लोग मौजूद रहे। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया तथा महोत्सव में आए सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। महोत्सव मे आज प्रिया पाल (सांस्कृतिक मंच की अध्यक्ष) और प्रीति लाल रूप से मौजूद रहीं।

## 'नहीं लिखेंगे झूठ' समाज के लिए आईना है : डॉ. राम नरेश

- कवि डॉ. अशोक अज्ञानी द्वारा लिखित कृति नवगीत संग्रह का विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 'नहीं लिखेंगे झूठ' (नवगीत संग्रह) एक कृति नहीं, वरन समाज के लिए आइना है, इसका हर गीत उद्देश्यपरक है। यह उद्गार साहित्यिक संस्था अमृतायन परिवार के तत्वावधान में आदर्श विहार बुद्धेश्वर लखनऊ में कवि डॉ. अशोक अज्ञानी द्वारा लिखित कृति नवगीत संग्रह 'नहीं लिखेंगे झूठ' के विमोचन अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम नरेश ने व्यक्त किए।

विशिष्ठ अतिथि जय चक्रवर्ती ने कहा कि 'नहीं लिखेंगे झूठ ' डॉ.अशोक अज्ञानी की14वीं कृति है, जो नवगीत के क्षेत्र में गागर में सागर के समान है ।कार्यक्रम संरक्षक पं.आदित्य द्विवेदी ने कहा कि गीत तो सब लिखते हैं, लेकिन जो समाज को एक दिशा दे सके, वही सच्चा गीत है। प्रमुख वक्ता के रूप में साहित्यकार राम शंकर वर्मा ने नवगीत के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए लोकार्पित पुस्तक ' नहीं लिखेगे झूठ ' को वैविध्य साहित्य बताया।

अवधी के आधुनिक भगीरथ डॉ. राम बहादुर मिश्र ने अशोक अज्ञानी के जीवन वृत्त को रेखांकित करते हुए अवधी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा, वाणी वंदना डॉ. कुमार तरल, अभ्यागतों का स्वागत डॉ. अशोक अज्ञानी और धन्यवाद ज्ञापन शुभेन्दु सिंह ने दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सभासद धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा तमाम साहित्यसुधी श्रोता उपस्थित थे।

# तिरुवनन्तपुरम, काकिनाडा व मौला अलि से चलेंगी कुंभ के लिए विशेष ट्रेनें




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु इसी क्रम 06007/06008 तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली)-बनारस- तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) से 18 एवं 25 फरवरी दिन मंगलवार को तथा बनारस से 21 एवं 28 फरवरी दिन शुक्रवार को 02 फेरों के लिये किया जायेगा।

06007 तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली)-बनारस कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष गाड़ी 18 एवं 25 फरवरी दिन मंगलवार को तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) से 14.00 बजे प्रस्थान कर कोल्लम, कायमकुलम, मावेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड, दूसरे दिन कोयम्बत्तूर, तिरुप्पूर, ईरोड, सेलम, जोलारपेट्टै, काटपाडी, अरक्कोणम, पेरम्बूर, तिरुवोट्रियूर, गूडूर, नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली, विजयवाड़ा, खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपुर कागजनगर, तीसरे दिन बल्हारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर तथा चुनार होते हुए बनारस 21.50 बजे पहुँचेगी।

वापसी में 06008 बनारस-तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष गाड़ी 21 एवं 28 फरवरी दिन शुक्रवार को बनारस से 18.05 बजे प्रस्थान कर चुनार, मिजार्पुर, प्रयागराज छिवकी, दूसरे दिन मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुडंम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, तीसरे दिन तेनाली, ओंगोल, नेल्लूर, गूडूर, तिरुवोट्रियूर, पेरम्बूर, अरक्कोणम, काटपाडी, जोलारपेट्टै, सेलम, ईरोड, तिरुप्पूर, कोयम्बत्तूर, पालक्काड, तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम तथा कोल्लम होते हुए तिरूवनन्तपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) 23.55 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 07, शयनयान श्रेणी का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 07085/07086 काकिनाडा टाउन-आजमगढ़-विजयवाड़ा कुम्भ मेला विशेष गाड़ी का संचलन 20 फरवरी को काकिनाडा टाउन से तथा 22 फरवरी को आजमगढ़ से 01 फेरे के लिये किया जायेगा। 07085 काकिनाडा टाउन-आजमगढ़ कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 20 फरवरी को काकिनाडा टाउन से 20.10 बजे प्रस्थान कर सामलकोट, निडदवोल, ताडेपल्लिगूडेम, एलूरू, दूसरे दिन विजयवाड़ा, खम्मम, वरगंल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, तीसरे दिन जबलपुर , कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी तथा शाहगंज होते हुए आजमगढ़ 17.15 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 07086 आजमगढ़-विजयवाड़ा कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 22 फरवरी को आजमगढ़ से 19.45 बजे प्रस्थान कर शाहगंज, वाराणसी, दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नागपुर, चन्द्रपुर, बल्हारशाह, तीसरे दिन सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरगंल तथा खम्मम होते हुए विजयवाड़ा 07.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 20 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में 07087/07088 मौला अलि-बनारस-मौला अलि कुम्भ मेला विशेष गाड़ी का संचलन 17 फरवरी को मौला अलि से तथा 19 फरवरी को बनारस से 01 फेरे के लिये किया जायेगा। 07087 मौला अलि-बनारस कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 17 फरवरी को मौला अलि से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भुवनगिरी, जनगांव, काजीपेट, जम्मीकुन्टा, पेद्दपल्ली, रामगुंडम, बेल्लमपल्ली , सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर, बेतुल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, तीसरे दिन जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर तथा प्रयागराज छिवकी होते हुए बनारस 11.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 07088 बनारस-मौला अलि कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 19 फरवरी को बनारस से 19.15 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी, दूसरे दिन मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, बेतुल, नागपुर, चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, तीसरे दिन रामगुंडम, पेद्दपल्ली, जम्मीकुन्टा, काजीपेट, जनगांवतथा भुवनगिरी होते हुए मौला अलि 07.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एलएसएलआरडी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

**गोरखपुर-दिल्ली के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए 05057/05058 गोरखपुर-दिल्ली-गोरखपुर विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 06 फरवरी से अगले आदेश तक 13 एवं 27 फरवरी को छोड़कर प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा दिल्ली से 07 फरवरी से अगले आदेश तक 14 एवं 28 फरवरी को छोड़कर प्रत्येक शुक्रवार को निम्नवत किया जायेगा। 05057 गोरखपुर-दिल्ली विशेष गाड़ी 06 फरवरी से अगले आदेश तक 13 एवं 27 फरवरी को छोड़कर प्रत्येक बृहस्पतिवार को गोरखपुर से 22.45 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद , बस्ती, दूसरे दिन गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद तथा गाजियाबाद होते हुए दिल्ली 12.50 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05058 दिल्ली-गोरखपुर विशेष गाड़ी 07 फरवरी से अगले आदेश तक 14 एवं 28 फरवरी को छोड़कर प्रत्येक शुक्रवार को दिल्ली से 14.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद , मुरादाबाद , बरेली, सीतापुर, दूसरे दिन बुढ़वल, गोंडा, बस्ती तथा खलीलाबाद होतेहुए गोरखपुर 06.25 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 10, शयनयान श्रेणी के 04, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 16 एलएचबी. कोच लगाये जायेंगे।

## कोहरे के कारण एक दर्जन ट्रेनें निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कोहरे के कारण परिचालनिक कठिनाइयों को देखते हुये गाड़ियों का निरस्तीकरण किया जायेगा।

निरस्तीकरण के तहत बढ़नी से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55074 बढ़नी-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55073 गोरखपुर-बढ़नी अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55056 गोरखपुर-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। छपरा से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55055 छपरा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55036 गोरखपुर कैंट-सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

सीवान से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55035 सीवान-गोरखपुर कैंट अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55037 सीवान-थावे अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। थावे से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55038 थावे-सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55098 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। नरकटियागंज से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55097 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55048 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। नरकटियागंज से 06 से 10 जनवरी तक चलने वाली 55047 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

# वैश्य समाज की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने पर जोरः डॉ. नीरज बोरा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सीतापुर रोड स्थित ब्रज की रसोई को प्रात 11 बजे से इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्षों एवं महामंत्री की कार्यशाला का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन करके किया गया।

आईवीएफ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जिला अध्यक्षों, महामंत्री एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य समाज की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने पर जोर दिया। प्रत्येक जिला को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाते हुए ज्यादा से ज्यादा वैश्य समाज के लोगों को जोड़ा जाए उनकी सदस्यता कराई जाए । सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर वैश्य समुदाय के लोगों को सशक्त बनाना है। विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्य करने वाली वैश्य समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाए। मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि वैश्य समाज का हर व्यक्ति अपने में एक स्तंभ है जो वह समाज को समर्पित करते हुए सेवाए देता हैं। वैश्य समाज के लिए हर संभव मदद के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। प्रदेश महामंत्री डॉ अजय गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में 65 जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री इस कार्यशाला में उपस्थित रहे अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कार्य योजना एवं कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई आई०वी०एफ० जिला इकाई द्वारा वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर में जारी किया गया जिसमें प्रत्येक जिला इकाई द्वारा अपनी मासिक कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया जाये, मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में समरसता भोज (तहरी/खिचड़ी) का आयोजन हो जिसमें सभी वैश्य उपवर्गों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये, प्रत्येक वर्ष 17 मार्च को वैश्य एकता के प्रेरणापुंज, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (आईवीएफ) के संस्थापक अध्यक्ष रहे स्मृति शेष रामदास अग्रवाल जी की जयन्ती को वैश्य एकताँ दिवस के रुप में मनाया जाये तथा इस अवसर पर सामाजिक कार्यक्रम अवश्य हों, सर्व वैश्य होली मिलन समारोह के आयोजन किये जायें, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नव वर्ष और सम्राट विक्रमादित्य जयन्ती पर आयोजन किये जायें, वैश्य कुल गौरव भामाशाह जी की जयन्ती मनायी जाये।

# समाचार पत्र वितरकों को किया गया गर्म वस्त्रों का वितरण



**लखनऊ।** राजधानी में इन दिनों कड़कती ठंड के मद्देनजर सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा आओ हाथ बढ़ाए अभियान के तहत रविवार को बंसल लॉन, विक्रम नगर मानक नगर में समाचार पत्र वितरकों को गर्म वस्त्रों का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अजय कुमार शुक्ला व विशिष्ट अतिथि संयोजक युवा महोत्सव एवं वरिष्ठ सांस्कृतिक कर्मी मयंक रंजन, वरिष्ठ रचनाकार और समाजसेवी संजय मल्होत्रा उपस्थित रहे। जिन्होंने कार्यक्रम में मौजूद करीब डेढ़ दर्जन से अधिक समाचार पत्र वितरकों को मोजे, दस्ताने, मफलर टोपी आदि गर्म वस्त्रों का वितरण कर सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नृत्य गुरु वर्षा सिंह, रंगकर्मी कृतिका सिंह, नृत्यांगना गनीव सलूजा , कुकिंग एक्सपर्ट मीता भास्कर, समाजसेवी डॉ मनु चौहान, रुचि अरोरा, ममता सक्सेना, मो आमिर समी सहित संयोजक संस्था के सचिव शैलेंद्र सक्सेना उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन टीचर इंचार्ज कामनेषु कुमार द्वारा किया गया । वहीं सुरभि कल्चरल ग्रुप के सचिव शैलेंद्र सक्सेना ने कहा कि गर्मी , सर्दी या बरसात हो तमाम चुनौतियों के बीच प्रत्येक सुबह समाचार पत्र पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरकों को इस कड़कती ठंड से राहत दिलाने के लिए उनकी संस्था द्वारा समाचार पत्र वितरकों को गर्म वस्त्रों का वितरण कर एक अथक प्रयास किया गया है।

## नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**लखनऊ।** केजीएमयू लखनऊ नेत्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अपिजीत कौर के नेतृत्व में तथा श्रद्धेय चंद्रभानु गुप्त की समाजसेवी संस्था भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ अशोक वाजपेई जी की सदप्रेरणा से श्रद्धेय गुप्त को समर्पित संस्था कल्याणम करोति लखनऊ द्वारा सीबी गुप्ता बी एस ऐस महाविद्यालय चन्द्रावल सरोजनी नगर में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कल्याणम करोति संस्था के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय स्व विमल कुमार शर्मा जी की पुण्य तिथि पर आयोजित किया गया। लगभग 150 नेत्र रोगियों का आगमन हुआ। परीक्षण उपरांत लगभग 32 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित सभी नेत्र रोगियों का ऑपरेशन केजीएमयू नेत्र विभाग में निशुल्क सम्पन्न कराया जायेगा .डॉ अशोक वाजपेयी द्वारा इस शिविर में वृद्ध जनों को छड़ियां भी प्रदान की गयी। सरोजनी नगर के सांसद डॉ आर. के चौधरी ने भी शिविर का अवलोकन कर श्रद्धेय गुप्ता एवं विमल कुमार शर्मा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद ने नेत्र विशेषज्ञ डॉ भास्कर एवं डॉ डेविड को शाल उढ़ा कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत सदस्य सर्वधमन सिंह ( बबलू सिंह )ने जूनियर टीम को सेवा रत्न स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया। भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ अशोक वाजपेई ने अपने उद्धबोधन में कहा कि उदारमना श्रद्धेय स्व विमल कुमार शर्मा का जीवन वास्तव में बहुमुखी सेवाओं से ओतप्रोत रहा. उनका सारा जीवन यशोमय रहा, सेवामय रहा है। वह अनाशक्त भाव से कुछ न कुछ सत्कार्य अंतिम समय तक करते रहे। अंतिम समय तक भी वह तरुणो से अधिक परिश्रमशील, सेवाशील और सक्रिय रहे। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुधा वाजपेई ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में भारत सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष अरुण कुमार जी महामंत्री डॉ जे एन मिश्रा ,सदस्य राजेश अग्रवाल आदि अन्य क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे अजय राय

**लखनऊ।** धरना दे किसान जगमोहन सोनी का देहांत पर पीड़ित परिवार से मिलने और अपनी संवेदना प्रकट करने धरना स्थल पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शनिवार को पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को कांग्रेस के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूरा देश एक व्यक्ति अदानी के नाम गिरवी रख दिया गया है। तमाम आरोपों के बावजूद मोदी का संरक्षण प्राप्त होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही। धरने पर बैठे किसानों से अजय राय ने कहा कि आपको जिस तरह का कानूनी सहयोग चाहिए, पार्टी आपको दिलाएगी। इसके साथ जिस तरह का सहयोग आपको चाहिए, हम आपके साथ खड़े हैं। इस मुद्दे पर भक्ति खेड़ा में धरने पर बैठे किसानों से भी मिले और उन्हें भी कांग्रेस पार्टी के सम्पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। बता दें कि ग्राम रहीमाबाद सरोजनी नगर की जमीन जो एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा अधिकृत की गयी है उस जमीन का मुआवजा किसानों को अभी तक नहीं मिला है और जमीन घेरी जा रही है जिसके खिलाफ किसान महीनों से धरना दे रहे हैं। धरना दे किसान जगमोहन सोनी का देहांत शुक्रवार को हो गया था।

# धर्म की आड़ लेकर आपस में झगड़ा न करें : डॉ. इंद्रेश कुमार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में गांधी भवन में उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं की बैठक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ इंद्रेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों के अलावा वक्फ संशोधन बिल पर भी चर्चा की गयी और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील भी की गयी।

गांधी भवन में आयोजित इस बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (योगप्रकोष्ठ) की राष्ट्रीय सह संयोजिका नुसरत जहां के नेतृत्व में उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं ने भी भारी संख्या में भाग लिया और वक्फ बिल का समर्थन किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक डॉ इंद्रेश कुमार ने कहा कि इन विवादों का फैसला आपसी समझौतों के आधार पर किया जा सकता है। धर्म की आड़ लेकर आपस में झगड़ा न करें। कार्यक्रम में उपस्थित अपर शासकीय अधिवक्ता नुसरत जहां, अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम एडवोकेट अनिरुद्ध कुमार सिंह, अपर शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार पांडे, अपर शासकीय अधिवक्ता सत्य प्रकाश, राज्य विधि अधिकारी हारून रशीद, एडवोकेट बजीहुल कमर सिद्दीकी, एडवोकेट शहनाज फातिमा, एडवोकेट नसरीन बानो, एडवोकेट आयशा खान, डॉ फैय्याज अहमद फैजी, डॉ महजबी परवीन, एडवोकेट तौहीद जैदी, उच्च न्यायालय के फोटोग्राफर सैयद मोहम्मद असगर इत्यादि ने हाथ उठाकर सामाजिक सौहार्द कायम रखने की बात का समर्थन किया।

# बौद्धिक संपदा 'नॉन एक्सक्लूडेबल' है : डॉ. विकास भाटी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि के डीपीआईआईटी चेयर द्वारा आईपीआर पर दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को सम्पन्न हुई, जिसका विषय बौद्धिक संपदा अधिकार पर व्यापक कार्यशाला : ड्राफ्टिंग, फाइलिंग और प्रबंधन हैं।

कार्यशाला के वक्ता डॉ. विकास भाटी निदेशक आईपी प्रिसाइस सेंटर फॉर आईपीआर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बौद्धिक संपदा 'नॉन एक्सक्लूडेबल' है, इसका मतलब है कि एक बार उत्पादित होने पर, यह सभी के लिए उपलब्ध है क्योंकि किसी को भी उस वस्तु के उपभोग से बाहर करना संभव नहीं है। आईपीआर की सुरक्षा करना इसीलिए भी आवश्यक है क्योंकि बाजार की त्रासदी यही है कि यदि आईपी सभी को उपलब्ध हो जाये तो कोई भी उसकी प्रति बनाकर कम मूल्य में बेचा जा सकता है। आईपी मैनेजमेंट की प्रक्रिया आपके शोध करने से पहले ही शुरू हो जाती है। वह तब शुरू होती है जब आप यह तय करते हैं कि शोध करना है या नहीं। उन्होंने बताया कि सही प्रकार की बौद्धिक संपदा का चयन करना महत्वपूर्ण होता है जैसे की पेटेंट आविष्कारों के लिए कॉपीराइट रचनाओं के लिए आदि एवं कॉपीराइट का दावा करने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह रजिस्टर्ड हो। उन्होंने आईपीआर के बारे में कई रोचक तथ्य भी बताएं जैसे कि जीवाणु ऐसी इकलौती जीवित इकाई है जिसे पेटेंट कराया जा सकता है और उपचार की प्रकिया का पेटेंट नहीं कराया जा सकता है। आइपी मैनेजमेंट के दो दृष्टिकोण हैं, रिसर्च पुश और मार्केट पुश। मार्केट पुश का अर्थ है कि इसमें आर्थिक लाभ प्राथमिक होता है। शोध व्यवसायिक अवसरों से प्रेरित होता है। व्यवसायिक अवसरों का विश्लेषण शोध से पहले करना होता है। रिसर्च पुश में किसी तकनीकी प्रश्न का उत्तर जानने के लिए शोध होता है। इसमें शोध का महत्व आर्थिक लाभ से ज्यादा होता है।

कार्यशाला के समापन समारोह में आईपीआर चेयर के अध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह ने सभी छात्रों को धन्यवाद देते हुए बताया कि बौद्धिक संपदा का दायरा समय के साथ बढ़ रहा हैं। भारत ने पेटेंट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइन के लिए शीर्ष 10 देशों में स्थान हासिल करके बौद्धिक संपदा फाइलिंग में वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। यह उपलब्धि भारत की बढ़ती नवाचार क्षमता को रेखांकित करती है, देश पेटेंट आवेदनों, ब्रांड संरक्षण और डिजाइन नवाचारों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में भारत की उल्लेखनीय प्रगति बौद्धिक संपदा में उभरते वैश्विक नेता के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालती है। पेटेंट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइन में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, भारत वैश्विक नवाचार का केंद्र बन रहा है। आज के समय मे बौद्धिक संपदा सभी क्षेत्रों में एक मुख्य भूमिका निभा रहा हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया।

## जीवन को समझें अस्पताल सेः अमित कुमार



**लखनऊ।** श्रीमती रवि कैंसर सेवा केंद्र ने रविवार को कड़ाके की सर्दी से राहत देने के उद्देश्य से रेन बसेरा व खुली अस्पताल परिसर में रह रहे तीमारदारों को गर्म चाय वितरित करने व खाने का सामान भी उपलब्ध कराने की पहल की है। इसी के तहत रविवार को केजीएमयू में तीमारदारों को पूरी सब्जी व चाय वितरण किया गया। तीमारदार भी बेहद खुश नजर आये। श्रीमती रवि सेवा केंद्र संयोजक अमित कुमार ने बताया कि जीवन को समझना है तो अस्पताल में भर्ती मरीज व उनके तीमारदारों की दशा देखिये। मरीज अस्पताल के अंदर मौत से जंग लड़ रहा होता है बाहर उसके तीमारदार उसे बचाने के लिए हर तरह की दिक्कतों से लड़ते हैं। मौसम चाहे गर्मी, बरसात का हो या फिर सर्दी का। राजधानी लखनऊ में भी सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। ऐसे में केजीएमयू एवं ट्रॉमा सेंटर के रेन बसेरा में रहकर प्रदेश भर से आने वाले तीमारदार अपने मरीज का इलाज कराते हैं। इनमें ज्यादातर गंभीर मामले वाले ही मरीज होते हैं। उन्होंने बताया कि बस्ती से अपनी पत्नी का इलाज कराने आए सुरेश की तीन बेटियां है। पत्नी की हालत गंभीर है ऐसे में ट्रॉमा सेंटर परिसर में ही ठहरे हैं। बच्चों की देखभाल के साथ ही पत्नी के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे ही रामदेव का पोता बाल गंभीर चिकित्सा वार्ड में भर्ती है।

# नौकरी देने वाले उद्यमी छात्र बनायें विश्वविद्यालय : प्रो. चक्रवाल

- एनईपी 2020 पर व्याख्यान का आयोजन: भारत की शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलावों पर चर्चा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर दृष्टिबाधितार्थ विभाग एवं स्थायी आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. शकुन्तला मिश्रा मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन रविवार को किया गया।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने एनईपी पर प्रकाश डालते हुए कौशल विकास की बात की। उन्होंने बताया कि यह शिक्षा नीति व्यक्ति को अनुभव आधारित शिक्षा की ओर उन्मुख करती है। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं आत्मनिर्भर बनाने वाली शिक्षा दिये जाने पर जोर दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में इस ओर किए जा रहे अभिनव प्रयोगों को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ साझा किया और यह भी आह्वान किया कि विश्वविद्यालय देश के विकास में सक्रिय योगदान दे सकते हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए प्रो. चक्रवाल ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालयों का योगदान केवल किताबी शिक्षा देना ही नहीं अपितु उन्हें देश का एक ऐसा नागरिक बनाना है जो प्रत्येक प्रयास द्वारा स्वयं का और देश का चहुमुखी विकास कर सके। इसके लिए विद्यार्थियों को केवल नौकरी के लिए तैयार करना ही एकमात्र विकल्प नहीं है बल्कि विद्यार्थियों में ऐसे कौशलों का विकास करना है जो उन्हें नौकरी देने वाले उद्यमी बना सके। व्याख्यान में प्रतिभाग कर रहे दिव्यांग विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय तथा अन्य शैक्षिक संस्थानों द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयोगों के संदर्भ में अपनी जिज्ञासायें भी रखीं। दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई जिज्ञासाओं की सराहना करते हुए प्रो. चक्रवाल ने दिव्यांगजनों का राष्ट्र के विकास में योगदान पर विस्तार से चर्चा की। एनईपी 2020 के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित विशेष व्याख्यान में शिक्षा नीति की संभावनायें, चुनौतियां और क्रियान्वयन प्रक्रिया के बारे विस्तार से चर्चा भी हुई। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता-शैक्षणिक प्रो. विनोद कुमार सिंह के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने एनईपी 2020 को भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्य वक्ता, प्रसिद्ध शिक्षाविद, नीति विशेषज्ञ एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने व्याख्यान के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति, शिक्षा को समावेशी और बहुआयामी बनाकर भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और शिक्षाविदों ने विषय पर गहरी रुचि दिखायी। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान, ग्रामीण क्षेत्रों में नीति के क्रियान्वयन, तकनीकी संसाधनों की कमी और रोजगार आधारित शिक्षा की चुनौतियों पर चर्चा हुई।

## भारतीय कालगणना की वैज्ञानिकता पर हुई चर्चा




लखनऊ। आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एवं नव वर्ष चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय कालगणना की वैज्ञानिकता और ऐतिहासिक संगोष्ठी पर एक चर्चा का आयोजन किया। इस चर्चा में भारतीय कलगणना की वैज्ञानिकता और ऐतिहासिक संगोष्ठी पर विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

उन्होंने बताया कि भारतीय कलगणना की वैज्ञानिकता और ऐतिहासिक संगोष्ठी कैसे हमारी संस्कृति और परम्परा को समझने में मदद करती है। मुख्य अतिथि सर्वेश चंद्र द्विवेदी (प्रभारी निदेशक, राष्ट्र धर्म प्रकाशन लिमिटेड) ने कहा कि भारतीय कालगणना की वैज्ञानिकता और ऐतिहासिक संगोष्ठी पर चर्चा करने से हमें अपनी संस्कृति और परम्परा की गहरायी में जाने का अवसर मिलता है। इस चर्चा में शामिल होने वाले विशेषज्ञों में डॉ. अर्चना मिश्रा, रेखा त्रिपाठी, डॉ. गिरीश गुप्ता, डॉ. सुनील अग्रवाल, मुदित सिंघल तथा शोभित नारायण अग्रवाल शामिल थे। संस्थान के चेयरमैन द्वारा आये हुए समस्त अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने सम्मानित अतिथियों का धन्यवाद किया।

संक्षेप

## अभियान में 17 बस व इको गाड़ी को पकड़ा

**मथुरा**। डग्गेमार वाहनों के अवैध संचालन को रोकने के लिए परिवहन निगम व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। 1 जनवरी से 5 जनवरी तक चलाए गए अभियान के तहत 17 बस व इको गाड़ी को पकड़ा गया।

बताते चलें कि डग्गामार वाहनों के संचालन से जहां प्रदेश सरकार का राजस्व बढ़ने की बजाय घट रहा है, वहीं यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी के मद्देनजर मथुरा परिवहन विभाग व मथुरा परिवहन निगम द्वारा 1 जनवरी से 5 जनवरी तक अभियान चलाया गया, जिससे अवैध रूप से संचालित वाहनों के चालकों में अफरा-तफरी मच गई।

एआरएम मदन मोहन शर्मा व अकाउंटेंट संतोष अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत करीब 17 बस व इको गाड़ी को पकड़ा गया है, जिसमें चार वाहनों के चालान किए गए वहीं 13 वाहनों के कागज पूरे नहीं पाए जाने पर उन्हें सीज कर दिया गया।

# पत्नी से बात करने पर नाराज पति ने की युवक की हत्या

जिला संवाददाता(vol)

**हरेराम चौराहा, देवरिया।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बनकटा जगदीश गांव निवासी एक युवक की हत्या के 48 घंटे के भीतर ही श्रीरामपुर पुलिस ने घटना का पदार्फाश करते हुए घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को तलवार सहित गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।बता दें कि 3 जनवरी 2024 की शाम 7:00 बजे श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बनकटा जगदीश गांव निवासी शिवजी राव पुत्र कन्हैया लाल मरणासन्न स्थिति में गांव से दक्षिण सुनसान स्थान पर पड़ा हुआ था ।परिजन उसे इलाज के लिए पीएचसी बनकटा लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। वहां पहुंचते ही चिकित्सकों है शिवजी को मृत्यु घोषित कर दिया था ।इस बाबत पत्रकारों को जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष श्रीरामपुर कल्याण सिंह सागर ने बताया कि इस मामले में घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त बिहार के सिवान जिले के दरौली थाना क्षेत्र के

- श्रीरामपुर पुलिस ने घटना के 48 घंटे के भीतर घटना का कर दिया पर्दाफाश

डुमराहर बुजुर्ग गांव निवासी रामईश्वर राजभर उर्फ भुटेली पुत्र चंदेश्वर राजभर को तलवार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक शिवजी अभियुक्त रामईश्वर राजभर की पत्नी इंदू देवी के साथ पढ़ता था तथा वह उससे बातचीत करता रहता था ।इंदू की शादी के बाद भी मृतक उससे बातचीत करता रहा। यह बात अभियुक्त को नागवार लगती थी। अभियुक्त द्वारा कई बार मृतक शिवजी को समझाया बुझाया गया था। फिर भी वह नहीं माना। अंत में अभियुक्त रामईश्वर राजभर ने शिवजी को ठिकाने लगाने की रणनीति बनाई ।अतः राम ईश्वर ने घातक कदम उठाते हुए 3 जनवरी को शाम 7:00 बजे बनकटा जगदीश गांव के किनारे सुनसान स्थान पर मौका पाकर धारदार तलवार से मारकर शिवजी की हत्या कर दी ।इसके संबंध में मृतक के भाई के तहरीर के पर पुलिस बीएनएस की धारा 103 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के बंकूल घाट पुल के पास रविवार को अभियुक्त राम ईश्वर को धर दबोचा तथा उसकी निशानदेही पर जगदीश बनकटा गांव के पास सरसों के खेत में घटना में प्रयुक्त एक अदद तलवार बरामद किया ।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई बलराम सिंह, अली, मुकेश शाह व मुकेश यादव शामिल रहे।

# जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची मानवता: दयाशंकर सिंह

**अयोध्या**। पूराबाजार विकास खण्ड के मड़ना गांव में रविवार को स्व. प्रभात सिंह की पुण्यतिथि पर परंपरागत रूप से विशाल कंबल व साइकिल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन उनके पुत्र ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह व गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि सम्मान मिलने से बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर ठंड में कंबल वितरण करना ही सच्ची मानवता है। कहा कि स्व प्रभात सिंह के स्मृतियों को बनाए रखने के लिए हम सबको शिवेंद्र सिंह व दीपेंद्र सिंह के कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि ग्राम विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि स्व प्रभात सिंह के आदर्शों को आगे बढ़ाकर आदर्श कायम किया गया है। आयोजक ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा पिता की पावन स्मृतियों को सहेजने ने एवं जीवंत रखने के लिए गरीबों का सहयोग एवं जरूरतमंदों की सहायता ही हमारा संकल्प है। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने कंबल व साइकिल तथा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीन वितरित किया। बीस हजार जरूरतमंद लोगों को कंबल, सौ मेधावियों को साईकिल और 35 से अधिक सिलाई मशीन महिलाओं को वितरित की गई। संचालन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के महामंत्री शिवम सिंह ने किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, 52 मंदिर के पीठाधीश्वर वैदेही वल्लभ शरण महाराज, हनुमानगढ़ी के महंत रामदास महाराज, राजकुमार दास महाराज, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक अभय सिंह , विधायक डॉ अमित सिंह चैहान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा आदि उपस्थित रहे।

## फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं कराने पर पीएम सम्मान निधि का किश्त रुकेगा: एसडीएम



**कुशीनगर**। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता फार्मर रजिस्ट्री कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए उप जिलाधिकारी हाटा ने रविवार को तहसील सभागार में सहज जनसेवा केंद्र के संचालकों से साथ बैठक किया। बैठक में आने वाली परेशानियों को एसडीएम ने सुना और सुझाव दिया ।एसडीएम हाटा प्रभाकर सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के सहज जनसेवा केंद्र संचालकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसानों के द्वारा कराए जा रहे फॉर्मर रजिस्ट्री में आ रही परेशानियों को सुना। उन्होंने संचालकों से अपील किया कि इस कार्य को जनता के साथ मिलकर प्रशासन से सहयोग लेकर अति शीघ्र पूर्ण करने हेतु संचालकों को निर्देश दिया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि जिन किसान बन्धुओं का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण नहीं हो पायेगा उनका आगामी किसान सम्मान निधि का किस्त बाधित हो जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के समस्त किसानों से अपील किया है कि जल्द से जल्द फॉर्मर रजिस्ट्री करा लें। बैठक में तहसीलदार हाटा नरेंद्र राम, नायब तहसीलदार सुनील सिंह, लेखपाल अमित कन्नौजिया, तहसील के सभी राजस्व निरीक्षक एवं सभी लेखपाल व जनसेवा संचालक उपस्थित रहे।

## 18 को आयोजित होगी जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

**कुशीनगर**। जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में 18 जनवरी को आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कुशीनगर के मिल्की रसूलपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन भी किया जा रहा है। यह परीक्षा 18 जनवरी दिन शनिवार को को प्रातः 10.30 बजे से जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा को लेकर जिले के 14 विकास खंडों से 5986 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जिनके प्रवेश पत्र ऑनलाइन उपलब्ध हैं। परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र वेब लिंक ँअ्रेल्लिउंश् पर जन्मतिथि व रजिस्ट्रेशन नं0 का उपयोग कर डाउनलोड कर सकते हैं।

## जिले में 51 हजार फार्मर रजिस्ट्री हुई तैयार

**कुशीनगर**। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य ने गति पकड़ ली है। इस कार्यक्रम की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 02 जनवरी को की गई थी, जिसमें उनके द्वारा राजस्व, कृषि एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को इस कार्य को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। विगत 3 दिनों में केवल वेब पोर्टल के माध्यम से ही जनपद में करीब 15 हजार फार्मर रजिस्ट्री तैयार की गई है। इस प्रकार जनपद में अब तक कुल 51000 से अधिक फार्मर रजिस्ट्री तैयार कर ली गई है। किसानों में भी फॉर्मर रजिस्ट्री तैयार कराने की अनिवार्यता को लेकर जागरूकता देखी जा रही है। जिसके फलस्वरुप प्रतिकूल मौसम परिस्थिति में भी किसानों द्वारा जन सेवा केंद्रों पर अथवा स्वयं फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने का कार्य किया जा रहा है। राजस्व, कृषि, ग्राम में विकास, पंचायती राज, सहकारिता एवं गन्ना विभाग द्वारा जनपद के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने की प्रक्रिया समझाने एवं उन्हें फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु जन सेवा केंद्रों की सहायता लेने का अनुरोध किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा ने इस कार्य के लिए सीएससी के सभी वीएलई के लिए निर्धारित शुल्क पर प्रतिदिन न्यूनतम 30 रजिस्ट्री तैयार करने का लक्ष्य दिया है। लक्ष्य प्राप्त न करने वाले वीएलई के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु सीएससी के जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी ने इस कार्य में किसानों को किसी भी तरह प्रताड़ित न करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य के लिए विकसित किए गए मोबाइल ऐप में आ रही दिक्कतों के दूर होने पर इस कार्य के और तीव्र गति से होने की संभावना है। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने एक बार पुनः किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री 31 जनवरी 2025 से पूर्व तैयार कराने का अनुरोध किया है। जिससे आगामी फरवरी माह में जारी होने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त का लाभ जनपद के सभी किसानों को निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

# कोलकाता ने आसाम को एक गोल से हराया

**देवरिया**। बैतालपुर नगर पंचायत के पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रहे फूलमती देवी की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का चौथा मुकाबला रविवार को कोलकाता और आसाम के बीच हुआ। जिसमें कोलकाता की टीम ने आसाम को एक गोल से हराकर कर सेमीफइनल में प्रवेश कर गयी ' सोमवार को सेमीफाइनल का पहला मुकाबला दोपहर तीन बजे से होगा ।खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपना दल के प्रदेश सचिव अरविन्द पटेल, ट्रांसपोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, एडवोकेट विनय पाण्डेय ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया ।खेल का पहला हाफ धीरे धीरे काफी रोमांचक होता जा रहा था। किसी भी टीम की ओर से गोल करना चुनौती होती जा रही थी। एका-एक लाईन रेखा की ओर से तेज गति से आई गेंद को 22वें मिनट पर कोलकता की खिलाडी लवली ने गोलपोस्ट में भेजकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। पहले हाफ के शेष बचे 13 मिनट तक आसाम के खिलाड़ियों का काफी बेहतर प्रदर्शन रहा लेकिन वह गोल की बराबरी करने से चूक गये। वहीं दुसरे हाफ के खेल में दोनो ही टीमों के खिलाड़ी एक गोल के लिए जूझते रहे, पर सफलता किसी को नही मिली ।इस प्रकार रोमांचक मुकाबले में कोलकाता की टीम ने आसाम को एक गोल से शिकस्त देकर सेमीफइनल में प्रवेश कर गयी। खेल के उद्घोषक कृतनाथ मणि उर्फ संत जी तथा निर्णायक की भूमिका मंजेश ने निभाई। इस दौरान सुयश मणि त्रिपाठी, राकेश मणि, भूपेंद्र मणि, सूर्यप्रकाश मणि, दिलीप कुमार, प्रवीण दुबे, पूच्चू द्विवेदी, अमरचंद गोंड़, तारकेश्वर जायसवाल, मणि,मोदनवाल, संजय जायसवाल, विनोद मणि, भरत पाण्डेय, जेपी जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी ने चिकित्सक पति पर लगाए अवैध संबंध के आरोप

**मथुरा**। हाईवे थाने क्षेत्र के अशोका सिटी निवासी संगी हॉस्पिटल के चिकित्सा अधिकारी पर उनकी पत्नी ने घरेलू विवाद को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है ।पत्नी ने पति पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। हाईवे थाना क्षेत्र के अशोका सिटी में रहने वालीं गरिमा अग्रवाल ने रिपोर्ट में बताया कि डॉ. राहुल सारस्वत केसाथ 24 अप्रैल 2012 को उनकी शादी मंदिर में हुई थी। इसके बाद 17 जुलाई 2013 को सामूहिक पार्टी का आयोजन किया गया था। परिवार वालों ने करीब 11 लाख से अधिक का दहेज दिया था। आरोप है कि अन्य महिलाओं से अवैध संबंध की जानकारी होने पर पति ने मारना, पीटना व मानसिक प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। साथ ही तलाक का दबाव बनाने लगे। पीड़िता ने हाईवे थाने में पति के खिलाफ दहेज एक्ट समेत घरेलू विवाद में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया, मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# दीपक वर्मा अध्यक्ष एवं एड.अविनाश कुमार सिंह निर्विरोध नगर अध्यक्ष निर्वाचित

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया**। सोनार समाज देवरिया की एक आवश्यक बैठक आज स्वर्णकार विवाह भवन समिति पर दिन में 1 बजे सम्पन्न हुई । बैठक में सोनार समाज के जिलाध्यक्ष पद पर दीपक वर्मा एवं नगर अध्यक्ष पद पर एड. अविनाश कुमार सिंह के निर्विरोध चुने जाने की औपचारिक उद्घोषण की गयी जिसे सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया ।

बैठक को सम्बोधित करते हुए चुनाव संचालक समिति/संरक्षक मंडल के शिवजी वर्मा ने कहा कि आज नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष समिति के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे इसके लिए सम्पूर्ण समाज यह उम्मीद कर रहा है । उन्होने कहा कि वर्षो से समिति का पंजीकरण नही हुआ है, जिसका पंजीकरण करा कर सुव्यवस्थित तरीके से समाज के उत्थान का कार्य होना चाहिए । बैठक को सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा ने कहा कि मैं समाज हित में जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, उसका निर्वहन मैं पूर्ण निष्ठा से करूँगा ।नवनियुक्त नगर अध्यक्ष एड. अविनाश कुमार सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज का कोष दिखावटी कार्यो में नही बल्कि समाज के वास्तविक कल्याण में व्यय होगा यह मेरी प्रतिबद्धता है, साथ ही समाज के दबे कुचले वंचित एवं अन्याय का सामना करने वाले लोगो के लिए मैं निःशुल्क कानूनी सलाह एवं पैरवी के लिए आबद्ध हूँ ।

बैठक की अध्यक्षता शंखपाल जी सर्राफ ने तथा संचालन हिमांशु सिंह ने किया । बैठक को संरक्षक मंडल के रमेश रमेश वर्मा, सुनील वर्मा, वासुदेव वर्मा, डा0 रणधीर सिंह, सुरेन्द्र वर्मा, प्रेम जी वर्मा ( पूर्व अध्यक्ष ) हीरा वर्मा, प्रकाश सर्राफ, प्रवक्ता जयप्रकाश वर्मा, राजू सोनी, रमेश वर्मा समोगर, उमाशंकर वर्मा आदि ने संबोधित किया । बैठक में अमन वर्मा, अंकित वर्मा, मन्नू वर्मा, वेद प्रकाश वर्मा, शुभम वर्मा, दुर्गेश वर्मा उर्फ बाबू, वीरेन्दर वर्मा, राजकुमार वर्मा, राजू वर्मा उर्फ बाबा, संजू सोनी ( पूर्व नगर अध्यक्ष ) अंशु वर्मा,सुधीर सत्संगी, पंकज वर्मा परिवर्तन, गुड्डु वर्मा, विनोद सेठ, उदय नारायण वर्मा, प्रभाकर सोनी, विकास वर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने की वाहनों की गहन जांच

**भटनी(देवरिया)** ।स्थानीय थाना क्षेत्र के बिहार सीमा बलुआ अफगान के पक्के पुल व केरवनिया पक्के पुल के पास चेकपोस्ट पर पुलिस ने आने जाने वाले वाहनों की गहन जाँच पडताल किया ।

थानाध्यक्ष अश्विन कुमार प्रधान अपने हमराहियों व अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ क्षेत्र के चेकपोस्ट के अलावे केरवनिया चेकपोस्ट व आने जाने वाहनो की डिग्गी खोलवाकर जाँच किया ।

# ठिठुरन से दिनचर्या बाधित, कोहरे ने रोकी रफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** ।लगातार बढ़ रही ठण्ड ,सिकुड़न शीतलहर से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है । कोहरे ने जहां सड़क व रेल की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है वहीं लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है ।पिछले चार पांच दिनों से मौसम में आये बदलाव ने आम जनजीवन पर ब्रेक लगा दिया है ।सुबह देर तक और सायं पांच बजे से ही घने कोहरे की चादर से सड़को ,बाजारों,चौराहों ,रास्तों पर दोहहर में ही कुछ घण्टों के लिए लोंगों ,वाहनो की चहल पहल दिख रही है ।ठण्ड व कोहरे से लोग घरों में ठंड से बचने के लिए कैद हो जा रहे हैं। कोहरे के कारण ट्रेने घण्टों बिलम्ब से चल रही हैं जिससे यात्री परेशान हो रहे हैं । बाजारों ,कार्यालयों में भी भीड़भाड़ कम हो गयी है । कार्यालयों ,दुकानों में हीटर के सहारे दिन कट रहा है । खेतों में गेंहू की सिचाई के किसान ठिठुर रहे हैं ।यद्यपि थीं व कोहरा फसल के लिये अनुकूल बताया जा रहा है ।उधर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक दैनिक मजदूरी ,ठेले खोमचे लगाकर परिवार की जीविका चलाने वालों की ठंड ,कोहरे मुश्किलें बढ़ गई है । शहर में झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों को ठिठुर कर रात गुजारनी पड़ रही है ।ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को पशुओं को ठंड से बचाने ,चारे आदि की ब्यवस्था करने में दिक्कत आ रही है ।ठण्ड के कारण बच्चों ,बुजुर्गों की सेहत भी बिगड़ रही है और सरकारी तथा प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ चली है ।शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अलाव जलाने के लिए लोग परेशान हैं ।बैग बगीचों की कटाई और चीनी मिलों के बंद होने गन्ने की खेती न होने और दिक्कत बाद गयी है ।गन्ने की खेती होने पर ईंख के पत्ते ,खोई ,बाबा बगीचों से लकड़ी पट्टी आदि को जेड में जलकर लोग ठण्ड से बचते थे लेकि अब यह बीती बातें हो गयी हैं ।ठण्ड बढ़ते ही सड़कों के किनारे लगाए गए पेड़ों को काटने ,तोड़ने का सिलसिला भी शुरू हो गया है ।ठण्ड से फलों की बिक्री में अचानक आयी गिरावट से फल विक्रेता चिंतित हैं इसके विपरीत गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ने से माल,दुकानदार तथा सड़क किनारे दुकान लगाकर भारी छूट पर जैकेट ,कम्बल ,स्वेटर ,गर्म टोपी जूतों की विक्री बाद गयी है ।मौसम विभाग द्वारा अभी और कोहरे और ठंड बढ़ने की भविष्यवाणी ने लोंगों की चिता बड़ा दिया है।

# फसल का मुआवजा न मिलने से परेशान किसान



जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा**। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुवेर्दी ने अपने बयान में कहा सितंबर 2024 में प्राकृतिक आपदा बरसात के पानी से मथुरा जनपद में किसानों की फसल बर्बाद हो गई थी गोवर्धन विधानसभा के गांव नगला मौरा मौरा नौहरे आदि गांवौ के किसानों की करीब 300 एकड फसल बर्बाद हो गई जिसका लेखपाल द्वारा सर्वे भी किया गया था भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं ने ज्ञापन के माध्यम से जिला अधिकारी को अवगत भी कराया था लेकिन अभी तक किसी भी किसान को मुआवजा नहीं मिला। बरसात के पानी ने मथुरा जनपद में किसानों को बर्बाद कर दिया था जिला प्रशासन ने खेतों में जाकर खेतों का सर्वे भी किया मुआवजा देने का आश्वासन भी दिया लेकिन अभी तक गोवर्धन विधानसभा में किसानों की फसल बर्बाद हुई थी उनको मुआवजा नहीं दिया गया है। कहां की खेतों के सर्वे होने के बाद भी किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है वर्तमान सरकार किसान विरोधी सरकार हैं इन सरकारों ने किसान हित में कुछ नहीं किया सिर्फ किसानों का शोषण किया है सितंबर 2024 में धान ज्वार बाजरा पालेज बारिश के पानी से पूरी तरह बर्बाद हो गई थी लेखपाल ने खेतों पर जाकर सर्वे भी किया था। सितंबर 2024 में बरसात के पानी से बर्बाद किसानो की फसलों जाए नहीं तो भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता मथुरा जनपद में बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## रोटरी क्लब ने सेवा बस्ती में वितरित किया हाइजिन किट



**कुशीनगर**। रोटरी क्लब कुशीनगर के तत्वावधान में रविवार को कसया नेशनल हाईवे के किनारे स्थित सेवा बस्ती में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत हाइजीन किट का वितरण किया। इस दौरान महिलाओं को स्वच्छता के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं सैनेट्री पैड, साबुन, डिटर्जेंट, शैंपू, तेल, टूथपेस्ट, टूथब्रश और टंग क्लीनर के साथ बुजुर्ग महिलाओं को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए गए। रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ समाज की नींव है। सभी को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए और प्लास्टिक के उपयोग को कम करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के सचिव अजय सिंह ने सभी उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्हें स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, निदेशक अमित श्रीवास्तव, डॉ. सुनील सिंह, सतेंद्र राय, हेमंत गर्ग, अमरेंद्र नारायण सिंह, वैभव राव, आदिल खान, संजय यादव सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गुलाबबाड़ी खेल मैदान को खिलाड़ियों के लिए आरक्षित करने की मांग

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या**। शहर के ऐतिहासिक गुलाबबाड़ी खेल के मैदान को खिलाड़ियों के लिए आरक्षित करने तथा उसका सौंदरीकरण करने तथा बृहस्पतिवार की साप्ताहिक बाजार को अन्य जगहों पर स्थानांतरित किए जाने के लिए गुलाब बाड़ी खेल का मैदान बचाओ संघर्ष समिति की एक बैठक गुलाब बाड़ी मैदान के सामने स्थित आई एम ओके रेस्टोरेंट में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह नत की अध्यक्षता में आयोजित की गईबैठक की जानकारी देते हुए गुलाबबाड़ी खेल के मैदान बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक व सामाजिक कार्यकर्ता संजय महिंद्रा ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि उपरोक्त मांगों को लेकर 2100 लोगों के हस्ताक्षर युद्ध ज्ञापन जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय महंत योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित विज्ञापन जिला अधिकारी महोदय को सौप जाएग तथा बैठक में सर्वसम्मत से यशवीर सिंह चिंटू एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष कमिश्नरी बर एसोसिएशन को गुलाब बाड़ी खेल का मैदान बचाओ संघर्ष समिति अयोध्या का अध्यक्ष तथा शाहिद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडे व वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह नतजी को संरक्षक सहित 21 लोगों की एक कमेटी बनाई गई है संजय महिंद्रा ने बताया कि नजूल विभाग व प्रशासन की मिली भगत से गुलाब बाड़ी खेल के मैदान का वर्चस्व समाप्त कर दिया गया तथा साप्ताहिक बृहस्पतिवार बाजार लगने से रीड गंज चैराहे से देवकली तक प्रातः काल से लेकर रात्रि तक जाम की समस्या भयंकर रूप से पैदा होती हैं ।

स्कूल के बच्चों को आने-जाने में घर कठिनाइयां का सामना भी करना पड़ता है हॉस्पिटल लेने होने के बावजूद स्थानी निवासियों को घनघोर समस्या का सामना करना पड़ता है बैठक को प्रमुख रूप से संबोधित करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता शीतल पाठक एडवोकेट अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक वैश्य भाग्य व्यापार मंडल के अध्यक्ष कविंद्र साहनी सामाजिक कार्य कतरी भारतीय सिंह एडवोकेट डीएन वर्मा डॉक्टर दिनेश मिश्रा मनीष मौर्य सैयद सुभानी मनोज श्रीवास्तव आलोक मिश्रा फ्लावर नकवी दीपेंद्र श्रीवास्तव मंसाराम यादव देश दीपक जवारी परमजीत कौर सुमन दुबे विनोद पांडे महान संतोष शरण जी रमेश चैरसिया शाहिद शहर के गणमान्य नागरिक व सामाजिक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे

## ऑपरेशन जागृति मिशन शक्ति के अंतर्गत मेले में चलाया अभियान

मथुरा। ऑपरेशन जागृति मिशन शक्ति एंटी रोमियो के तहत रविवार को बलदेव कस्बा स्थित श्री दाऊजी महाराज के ब्रज प्रसिद्ध लख्खी मेले में जगह जगह महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों साइबर सुरक्षा झूठे मुकदमों आदि मुद्दों पर जागरुक किया, महिलाओं से एसआई अनुराधा यादव ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक होने की जरूरत है, सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक योजना एवं हेल्पलाइन नंबरों जारी किए गए हैं, जिससे महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं उनका इस्तेमाल कर सकती हैं, उन्होंने कहा मेला, मंदिर, बाजारों एवं आम रास्तों में महिलाओं से कोई भी व्यक्ति गलत निगाह एवं छेड़खानी नहीं कर सकता। इस दौरान उनके साथ आरती पाल एवं अन्य महिला साथी मौजूद रही।

## बर्फीली हवाओं ने किया बुरा हाल, अलाव गैस हीटर बने है सहारा

मथुरा। कोहरा के बाद हाड़ कंपा देने वाली ठंड शुरू हो गई है। रविवार को कोहरा छाए रहने के साथ ही दिनभर लोग बफीर्ली हवाओं से कांपते नजर आए। इससे सुबह-शाम के समय सर्दी और बढ़ गई है। लोगों ने जगह-जगह लगे गैस हीटरों का सहारा लिया। जरूरी कामों के लिए ही लोग बाहर निकल रहे हैं। जिले के विभिन्न हिस्सों पूरे दिन यही हाल रहा। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार कोहरा व सर्दी और बढ़ेगी। शीतलहर के सितम से बचने के लिए नगर निगम ने शहर विभिन्न जगहों पर 13 रैन बसेरों का इंतजाम किया है। इसमें 5 स्थायी और 8 अस्थायी रैन बसेरा बनाए गए हैं। प्रत्येक रैन बसेरे में करीब 15 से 20 लोगों की रुकने की व्यवस्था है। बदलते मौसम में प्रशासन ने लोगों से अपील है कि ठंड में सिकुड़ें नहीं धर्मशाला और रैन बसेरों में ठहरें।

# नवनिर्वाचित जिला प्रतिनिधि व मण्डल अध्यक्ष का स्वागत

भटनी( देवरिया )। स्थानीय नगर के छोटी गण्डक नदी के तट पर स्थित जलपा दुर्गा मन्दिर के प्रांगण मे नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त की अध्यक्षता मे एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमे नवनिर्वाचित जिला प्रतिनिधि योगेश प्रजापति एवं भाजपा मण्डल भटनी के नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र का भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर भब्य स्वागत किया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने अपने सम्बोधन मे कहा कि भाजपा संगठन अब बडा आकर ले चुका है ।कोई भी संगठन कार्यकताओं के पार्टी के प्रति समर्पण व निष्ठा के बल पर ही मजबूत होता है ।भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी पार्टी के प्रति निष्ठावान है ।इन कार्यकताओं केशक्ति पर ही पार्टी का जनाधार बढता जा रहा है ।विधायक ने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के किये गये जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध मे घर घर जाकर बताये ।और जो इन योजनाओं का लाभ नही पाये है ऐसे पात्रो को योजनाओं का लाभ दिलाने मे कोइ कोरकसर न छोडे ।कोई दिक्कत आती है तो हम उसका समाधान करायेंगे ।अन्त मे नवनिर्वाचित जिला प्रतिनिधि व मण्डल अध्यक्ष रोहित मिश्र को बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत करने की अपील करते हुए सभी को नववर्ष की बधाई दिया ।

इससे पहले नगर के सुभाष इण्टरमीडिएट कालेज से विधायक सुरेन्द्र चौरसिया नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह महिला मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष शकुन्तला ओझा किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष शिव सरदार मिश्र जयप्रकाश मिश्र विश्वम्भरनाथ तिवारी कृष्णदत्त मिश्र राकेश तिवारी शैलेन्द्र मिश्र आशीष पासवान अजीत सैनी प्रतीक मिश्र शेषनाथ मिश्र अमित तिवारी पदयात्रा करते हुए मुख्य बाजार से गाँन्धी चौक रामलीला मैदान होते हुए शहीद स्मारक स्थल पहुंचे जहां पुष्पांजलि अर्पित किया।

## शिक्षक राष्ट्र के निमार्ता हैं तो छात्र राष्ट्र के भविष्य: रजनीकांत मणि त्रिपाठी



**कुशीनगर**। बंसराज सिंह सरस्वती शिशु मंदिर मठिया माधोपुर सखवनिया में आयोजित अभिभावक सम्मेलन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने अभिभावक व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निमार्ता है और छात्र राष्ट्र के भविष्य। उपदेश की बात नहीं है किंतु हमें दूसरे को सीख देने के पूर्व स्वंय भी वैसे ही आचरण करने का प्रयास करना चाहिए, जैसा कि हम औरों को शिक्षा देते है ।इसके पूर्व विद्यालय के अध्यक्ष परीक्षित सिंह, प्रबंधन शिव प्रताप नारायण सिंह व प्रधानाचार्य छोटेलाल यादव ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि का फूल माला व बैच लगाकर स्वागत किया। सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के उपरांत छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संकुल विद्यालय कसया के शिक्षक गेंदा सिंह शिक्षक पयोद कांत मिश्रा ने अपने विचार रखें। संचालन छोटेलाल यादव ने किया। इस दौरान प्रबंध समिति के जयप्रकाश सिंह, राजेश मिश्रा, बलिराम यादव, मोहन गौड, पवहारी प्रसाद, अशोक सिंह, रामचंद्र कुशवाहा, रवींद्र कुशवाहा, महेंद्र यादव आदि उपस्थिति रहे।

संक्षेप

## बकाया रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद

उन्नाव। पुरवा क्षेत्र के गांव कुदिकापुर निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति के यहां 85 हजार में शटरिंग लगाई थी।उक्त व्यक्ति द्वारा 55 हजार रुपए दे दिए गए थे।शेष 30 हजार रुपए कुछ दिन बाद देने के लिए कहा था।काफी दिन बीत जाने के बावजूद जब रुपए नही दिए तो घर पहुंच बकाया रुपया मांगा।जिसपर उक्त व्यक्ति द्वारा गाली गलौज कर रुपए देने से मना कर दिया गया।कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

## सपा प्रदेश सचिव ने जन्मदिन पर बांटे कंबल

सफीपुर, उन्नाव। सपा प्रदेश सचिव स्वरित चौधरी का कार्यकर्ताओ ने जन्मदिन बड़े हर्सोल्लास के साथ उनके आवास पर मनाया।विधानसभा सफीपुर का नेतृत्व कर रहे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव स्वरित चौधरी का कार्यकर्ताओ ने उनके निजी आवास पर जन्मदिन फूल मालाओं से लादकर बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाया।इस दौरान श्री चौधरी ने भीषण ठंड को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुच कर मरीजों को कंबल वितरित किए।इस मौके पर उन्होंने ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार की कमर तोड़ महंगाई से आम आदमी का जीना दुश्वार है। इस सरकार में अधिकारी बेलगाम है चारो तरफ भ्रष्टाचार से का बोलबाला है।इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सपा संतोष कुमार फौजी, अमन यादव, अनुज गौड़, जितेंद्र रावत, प्रमोद शर्मा, पूर्व प्रधान जय शंकर यादव, रामसनेही यादव, नत्था, राजेश, आदि समेत काफी संख्या के लोग मौजूद रहे।

## बाघ देखे जाने का किया दावा

सीतापुर।हरगांव क्षेत्र के एक गांव के बाहर रविवार को फिर गन्ने के खेत के पास ग्रामीणों द्वारा बाघ देखे जाने का दावा किया गया जिससे क्षेत्र मे दहशत का माहौल बना हुआ है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सिहानीपारा गांव निवासी किसान रामनरेश गौतम का गन्ना ट्राली मे भरा जा था उनके साथ गांव के कुछ और लोग भी थे उन्हे गन्ने के के खेत से बाघ निकलता दिखायी दिया।बाघ देखे जाने से सभी लोग भयभीत हो गये और वन विभाग को सूचना दी। किसान रामनरेश गौतम व वीपेश यादव ने बताया लगातार गांव के बाहर खेतों मे बाघ देखे जाने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है वन विभाग की टीम सिर्फ जांच करके तथा ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह देकर चली जाती है।वन विभाग के जिम्मेदार बाघ को पकड़ने के लिये कोई ठोस कदम नही उठा रहे हैं। रविवार को सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर पगचिह्नों की जांच की और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी।डिप्टी रेंजर मुशीर अहमद ने बताया कि टीम द्वारा पगचिह्नों की जांच की गयी है।पगचिह्न बाघ के प्रतीत हो रहे हैं जो अरोखेंमाजितपुर गांव के किनारे स्थित जंगल की तरफ जाते हुये दिखायी दे रहे हैं।

## नववर्ष पर कांग्रेस ने बांटे कंबल

सीतापुर। कांग्रेस परिवार के साथियों द्वारा इस भीषण कपकपा देने वाली ठण्ड में शहर के प्रत्येक स्थानों पर भृमण कर हर जरूरत मंद को इस ठण्ड से बचाने के लिये आज निरन्तर 1 जनवरी से प्रयास जारी है। कांग्रेस परिवार के सदस्यों द्वारा टोली बनाकर चिन्हित ऐसे लोगों तक पहुंच कर नए गर्म वस्त्रों का वितरण कर सेवा जारी है।यह सेवा कार्य अनवरत 7 जनवरी तक सीतापुर कांग्रेस परिवार के सहयोग सहायता से चलाया जा रहा है,रात्रि में कस्बों व दिन में ग्रमीण अंचलों में कांग्रेस परिवार के सदस्यों द्वारा निरन्तर प्रयास जारी है।शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने कहा इस भीषण ठण्ड को देखते हुवे हम सब कांग्रेसजनों का प्रयास रहेगा कि हम जरूरत मंद लोगों तक पहुंच कर उनकी सेवा कर सकें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के लिये इस सेवा कार्यक्रम में प्रमुखता से:-वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेन्द्र सिंह ,एड राजेन्द्र गोंड़ ,पूर्वजिला अध्यक्ष रमेश निषाद जी,बहन दीपा वैश्य ,उपदेश गुप्ता ,राकेश पाल आकाश वैश्य आदि साथियों ने सहयोग व सेवा की।

# सर्द हवाओं से बढ़ी गलन, कांपे लोग



जिला संवाददाता(vol)

- बीते कई दिनों से सता रहा सर्द मौसम
- ठिठुरन ने हर किसी को किया परेशान

सीतापुर।जिले में बीते कई दिनों से सर्द मौसम लोगों को सता रहा है। मौसम का मिजाज रविवार सुबह पिछले दिनों की तुलना में अलग रहा।सुबह से बादलों की आवाजाही शुरू हो गई।सर्द हवा के साथ बादलों की आवाजाही परेशानी का सबब बनी रही। बदली और ठंडी हवा ने धूप कमजोर कर दी, जिससे ठिठुरन बढ़ गई।

सर्दी से परेशान लोगों ने राहत पाने को अलाव का सहारा लिया। हालांकि, दोपहर में बादल छंटने से हल्की धूप रही। लोगों ने पार्कों में पहुंचकर मौज-मस्ती की। न्यूनतम पारा 9 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले कई दिनों तक मौसम का मिजाज यूं ही रहेगा। जिले में गलन भरी रविवार की सुबह ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी।बादलों की आवाजाही से धूप भी मंद हो गई। ऐसे में मौसम के करवट लेने के आसार नजर आने लगे। हालांकि, सुबह 11 बजे तक धूप-छांव चलने के बाद हवा ने जोर पकड़ा तो बादल छंट गए। इससे हल्की धूप निकल आई।धूप की गर्माहट ने ठंड से कुछ राहत पहुंचाई तो लोग छतों व घर के बाहर लॉन में पहुंच गए।पार्कों में भी रौनक नजर आई। रविवार का अवकाश होने से पिकनिक के साथ लोगों ने खूब धमाल किया। सांझ ढलने पर मौसम के तेवर फिर तीखे हो गए। सर्दी में इजाफा होते देख लोग घरों में जा दुबके।मौसम विशेषज्ञों के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## बच्चे अच्छे आचरण और शिक्षा को प्राथमिकता दें



जौनपुर।हर वर्ष की भांति जनवरी के प्रथम रविवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम में गरीब बच्चों ने भाग लिया और अपने कला का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोज मौर्य ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और अच्छे आचरण व शिक्षा को बढ़ावा देने की आवष्यकता बताया।कार्यक्रम के आयोजक रमेश चंद्र रावत ,कार्यकर्ता श्री संतोष मौर्य, किरण मोनी, अनूप सोनू ,सुनील जायसवाल आदि लोगों के सहयोग से संपन्न हुआ। गोपी पुस्तक केंद्र केंद्र के द्वारा बच्चों को पुस्तक देकर उनका सहयोग किया । यहह आयोजन खेत पर्वत माता मंदिर सुक्खीपुर में संपन्न हुआ।

## संविधान की शक्ति हम भारत के लोगों से ही प्राप्त होती है : हृदय नारायण दीक्षित



पाटन, उन्नाव।संविधान देश का मार्गदर्शक है और इसके आधार पर ही देश की शासन व्यवस्था संचालित होती है। बदलते समय के साथ संविधान और उसकी भूमिका को लेकर नई-नई बहसें सामने आती रहती हैं।इसी क्रम में कांग्रेस द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संविधान नष्ट करने का आरोप लगाए जाने के बाद जनता में संविधान की भूमिका और महत्व को समझने की जिज्ञासा बढ़ी है।

संविधान की शक्ति हम भारत के लोग से ही प्राप्त होती है।उक्त विचार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कस्बा भगवंतनगर स्थित आर.आर.बी.एन. इंटर कॉलेज में आयोजित ₹भारत का संविधान₹ विषय पर परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।उन्होंने कहा, भारत में प्राचीन काल से नियमों और विधियों की परंपरा रही है।ऋग्वेद का समाज नियमों को मानता था और जब-जब नियमों की उपेक्षा हुई, तब-तब महाभारत जैसे संघर्ष हुए।आज हमारी लोकसभा और विधानसभा संविधान की शक्ति से संचालित होती हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान की रक्षा का दावा करने वाली कांग्रेस ने स्वयं 1975 में अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर आपातकाल लागू किया था। आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए और न्यायालयों की स्वतंत्रता छीन ली गई थी, जिससे देश में भारी उत्पीड़न हुआ। इस ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस का दूसरों पर आरोप लगाना विडंबनापूर्ण है।

इस परिचर्चा में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। पूर्व प्रधानाचार्य वी.डी. सिंह, नरेंद्र सिंह उम्मीद, आनंद मोहन द्विवेदी, डॉ. के.पी. सिंह, रिंकू शुक्ला, और पिंकू सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रमेश सिंह ने किया। जबकि अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन संविधान की महत्ता और प्रासंगिकता पर संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी प्रयास रहा।

## आपसी मतभेद भूल कर दो जोड़े साथ रहने को हुए राजी

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पारिवारिक मतभेदों को सुलझाने व विवादों के निस्तारण के लिए पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र चलाए जा रहा है।परिवार परामर्श केंद्र के प्रयास से दो जोड़े आपसी मतभेद भूलकर साथ रहने को राजी हुए हैं।



परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन सीतापुर में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को सुना जा रहा है।प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई।काउंसलिंग के दौरान गुड़िया पुत्री चन्दर निवासी औरंगाबाद जनपद लखीमपुरखीरी व प्रतिमा पत्नी अमरेश कुमार निवासी ग्राम समदापुर थाना कमलापुर आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों जोड़ो की विदाई कराई गई।काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उपनिरीक्षक मधु यादव, गीता, कल्पना, शिवा, विकास वर्मा, मांडवी मिश्रा, सांता महावर आदि मौजूद रहे।

## जन आरोग्य मेला में 26 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।स्थानीय क्षेत्र के ऊगू कस्बा स्थित पी एच सी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें छब्बीस मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।इन मरीजों में अधिकांश मरीज बुखार व सर्दी जुकाम व खांसी के थे साथ ही दो मरीज आंख की परेशानी से पीड़ित आये।मरीजों का परीक्षण डाक्टर रीतू सिंह ने किया।कुछ मरीज आयुर्वेद की दवा लेकर गए जिससे आयुर्वेद की तरफ मरीजों का रुझान देखने को मिला। इस समय पड़ रही भीषण सर्दी का प्रभाव मरीजों में देखने को मिला जिस कारण सर्दी से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही।

## व्यापार मंडल ने ट्रेडिंग के विरोध में दिया ज्ञापन

जौनपुर।उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सम्बोधित ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में एक ज्ञापन सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को दिया गयां। ज्ञापन में ऑनलाइन व्यापार से संबंधित समस्याओं को बताते हुए अभिलंब इस पर ध्यान देने का निवेदन किया जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने बताया कि ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर विक्रेताओं का केवाईसी अनिवार्य किया जाए।



ई-कॉमर्स की बड़ी कंपनिया लगातार वित्तीय घाटे दिखा रही है, ई-कॉमर्स प्लेटफार्म को थोक विक्रेताओ के रूप में व्यापार नहीं करना चाहिए, 4- सरकार के सहयोग से संचालित एमएसएमई विक्रेता नुकसान की तरफ अग्रसर हो रहे हैं, 5- एमएसएमई विक्रेता अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, कंपनी के डिलीवरी कर्मियों को कर्मचारी के रूप में माना जाए, उपरोक्त मुद्दे विशेष रूप से व्यापार एमएसएमई और उपभोक्ताओं को प्रभावित करते हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने और विनीयमन अधिनियम बनाने की आवश्यकता है, यह विनियमन निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे और एकाधिकार एवं अनैतिक प्रथाओं पर अंकुश लगाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, महेंद्र सोनकर, युवा जिलाध्यक्ष संतोष अग्रहरि, जिला महामंत्री रामकुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष बनवारी लाल गुप्ता, राजदेव यादव, आदि उपस्थित रहे।

## 30 लाख की लागत से बनाया जा रहा गीला कूड़ा निस्तारण केंद्र ,उठे सवाल



- निर्माणोपरांत यहां नगर से निकले गीले कचरों का होगा निस्तारण
- लोगों ने कहा अगर यहां होगा गीले कूड़े का निस्तारण तो नगर में संक्रामक बीमारियों की फैलने की बढ़ेगी आशंका

दुद्धी। स्थानीय नगर में पहली बार कमल का फूल खिला तो लोगों को लगा कि विकास की गंगा बहेगी , नगर में साफ सफाई व शुद्ध पेयजल आपूर्ति से आम लोगों का जीवन बेहतर होगा लेकिन नगर पंचायत के दूरदर्शी सोच ना होने के कारण अब जल्द ही पूरे नगर में संक्रामक बीमारियों की फैलने की आशंका बनने लगी है ,लोगों को अभी से ही भय सताने लगा है कि नगर पंचायत के सप्लाई पेयजल के द्वारा अब बीमारियां भी घर घर बांटी जाएगी।

बता दें कि इन दिनों लगभग 30 लाख रुपये की लागत से ठेमा नदी जल संयंत्र परिसर में गीला कचरा निस्तारण केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है।यहां नगर के निकले गीले कचरे को निस्तारण किया जाएगा ,जबकि इसी परिसर में कुछ ही दूरी पर नगर पंचायत का जल संयंत्र भी बना हुआ है और यहां से समूचे कस्बे को पेयजल की आपूर्ति दी जाती है ,इसी परिसर में गीला कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाए जाने से पेयजल में संक्रमित बीमारियां फैलाने की आशंका जताई जाने लगी है `जिसको लेकर पर्यावरण व सामाजिक कार्यकताओं में रोष व्यापत है ,अधिवक्ता व सामाजिक चिंतक छोटेलाल गुप्ता का कहना है कि आने वाले समय में जल संयंत्र से पेयजल आपूर्ति कर घर घर बीमारियां बांटी जाएगीउन्होंने डीएम का ध्यान आकृष्ट कर मामले की जांच की मांग उठाई है जिससे समय रहते शासन के धन की बबार्दी होने से बचाया जा सके।

इस मामले में ईओ भोला कुशवाहा ने कहा कि वहां कर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कराया जाएगा ,इससे नगर पंचायत के आय में वृद्धि होगी ,इसके लिए सब्जियों वो गोबर का प्रयोग किया जाएगा ,इसमें कोई प्रदूषण नहीं होता है ,स्थल का चयन उपयुक्त है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 212 लोगों ने आंखों का परीक्षण कराया



सफीपुर, उन्नाव।विधायक बम्बालाल दिवाकर द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 212 लोगों ने आंखों का परीक्षण कराया जिसमे मोतियाबिंद से पीड़ित 141 लोगो को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर रवाना किया गया।विधानसभा सफीपुर से भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर द्वारा परंपरागत रूप से लगाए जा रहे निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कानपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल से आये नेत्र विशेषज्ञों ने 212 लोगो के नेत्र का परीक्षण किया।जिसमें मोतियाबिंद के 141 लोगो को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।जिन्हें विधायक दिवाकर ने बस से शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर के लिए रवाना किया।जहां उनका ऑपरेशन करने के बाद पुनः वापस उनके घरों तक पहुंचाया जाएगा।विधायक ने कहा कि इलाज और आने जाने के सभी खर्च उनके द्वारा किये जायेंगे।किसी को कोई शुल्क नही देना होगा।इस मौके पर विधायक मीडिया प्रभारी राजू चौहान, रामसजीवन विमल, आशीष कनौजिया, लल्ला तिवारी, पुष्पेंद्र आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## अवैध कब्जे की शिकायत पर पहुंची पुलिस से भिड़ी महिला



सीतापुर।सकरन थाना क्षेत्र के सिरकिंडा गांव के लोगों ने शिकायत की थी कि गांव में स्थित चकमार्ग गाटा संख्या 226 व 27/402 पर थाना क्षेत्र के पलौली गांव निवासी महेश, पवन, अमित आदि ने अवैध कब्जा कर लिया है।शनिवार की दोपहर सिरकिंडा गांव निवासी सत्यप्रकाश मिश्र ने 112 पर इसकी शिकायत की।शिकायत होने पर मौके पर पहुंची पीआरबी 1814 के आरक्षी ने चकमार्ग का विडियो बनाना शुरू कर दिया।इस पर नाराज महिला पुलिस से भिड गई ।आरोप है कि महिला ने पुलिस कर्मी का मोबाइल छीनने की कोशिश की। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह से मामला शान्त कराया। पुलिस ने आरोपियों के बिरूद्ध शान्ति भंग की कार्यवाही की है । एसओ कृष्ण कुमार ने पुलिस से भिड़ने की बात से इंकार करते हुए बताया कि दो पक्षों में चकमार्ग को लेकर विवाद था।जिसमें दोनो पक्षों पर शान्ति भंग की कार्यवाही करके उन्हे एसडीएम लहरपुर के न्यायालय भेजा गया है ।

## चोरी से काटे गये सरकारी पेड़



सीतापुर।सकरन थाना क्षेत्र के भेडहिया मजरा कल्ली गांव के उत्तर स्थित भगहर नदी के किनारे ग्राम पंचायत से बने बंधे की सरकारी जमीन है।उस पर 9 जामुन, 2 भिलोर, 2 शीशम के प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ लगे थे।जिनको शनिवार की रात खजुरा गांव निवासी हरेश व अश्वनी मौर्य ने चोरी से कटवा लिया।काटे गये पेड़ों की लकड़ी उठा ले गये। पेड़ों की जड़ों को खोदवाकर नदी के किनारे डलवा दिया गया। ग्रामीणों द्वारा चोरी से काटे गये सरकारी पेड़ों की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की है ।मामले में जब क्षेत्रीय लेखपाल श्रवण कुमार से बात की गई तो उन्होने बताया शिकायत मिली थी ।जांच कराई गई है ।जांच में सरकारी पेड़ कटे पाये गए है। जिस पर कार्यवाही के लिए दो लोगों के विरूद्ध तहसीलदार को शिकायती पत्र दिया गया है ।

## ताला तोड़कर सोलर पैनल बैट्रा, मोबाइल किया पार

महमूदाबाद, सीतापुर कोतवाली क्षेत्र के वार्ड इंदौरा में एक फार्म हाउस के कक्ष का ताला तोड़कर सोलर पैनल, बैट्रा, मोबाइल आदि सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।वार्ड इंदौरा में नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत्त लेखाकार वसी अहमद का फार्म हाउस बना है।शनिवार की देर शाम चौकीदार अम्बरीष पुत्र बच्चू खाना खाने गया था।इसी दौरान फार्म हाउस के कक्ष का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोलर पैनल, बैट्रा, छटका मशीन आदि सामान चोरी कर लिया। पीड़ित द्वारा चोरी की जानकारी तहरीर देकर कोतवाली पुलिस को दी गयी।

## स्थापना दिवस के अवसर पर हिन्दू शेर सेना में शामिल हुए अनुराग और आदर्श



सीतापुर कोतवाली मिश्रिख के नगर वासी अनुराग तिवारी अजगरा वाले के नाम से मशहूर है जो हिन्दू शेर सेना के स्थापना दिवस के अवसर पर अपने काफिले के साथ गाजे बाजे के साथ काफिले के साथ मिश्रिख से सीतापुर जाकर कार्यक्रम में शामिल हुए ।अनुराग तिवारी ने कहा प्रत्येक हिन्दू हमारा भाई है लड़की हमारी बहन है जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है काफिले में शामिल आदर्श मिश्र, अभिषेक शुक्ला आकाश दीक्षित ,प्रियांशु मिश्रा, राम जी ,आदित्य, अनमोल, आलोक बजरंगी, अनुज, कोमल ,प्रवीण यादव, कुलदीप यादव ,सनी, दीपक, संतोष ,अमन ,निशांत शिवम, मुनेश्वर मिश्र, राकेश मिश्र, ओंकार मिश्र, रोहित तिवारी, संजीप मिश्र, सूरज, नारायण दत्त तिवारी, गुड्डू तिवारी, धीरज मिश्रा अनेकों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव जगदीशपुर निवासी 24 वर्षीय सरवन बाइक से किसी काम से पुरवा गया था। जहाँ से वापस घर लौट रहा था।तभी सदाशिव खेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।जिससे सरवन सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया।ग्रामीणों की मदद से सरवन को एंबुलेंस से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।जहाँ हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## कार्रवाई न करने से पीड़ित थाने के लगा रहा चक्कर

महमूदाबाद, सीतापुर रामपुर मथुरा क्षेत्र में 10 दिन पूर्व मेंथा आयल बेंचकर साइकिल से घर जा रहे युवक से दिन-दहाड़े हुई लूट में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से पीड़ित थाने के चक्कर लगा रहा है, किंतु न्याय नहीं मिल रहा है पण्डितपुरवा रामपुर मथुरा के पिंटू पुत्र राम सागर ने 26 दिसंबर को रामपुर मथुरा कस्बे के तेल व्यापारी सोनू गुप्त पुत्र पप्पू के पास मेंथा आयल बेंचा था। आरोप है कि तेल बेंचकर 40 हजार की नकदी व रेडमी 11 मोबाइल लेकर पिंटू साइकिल से अपने घर आ रहा था तभी रामपुर मथुरा से भगौतीपुर मार्ग पर दोपहर करीब तीन बजे पेट्रोल पंप व पांडेपुरवा के बीच मथुरा जंगल के कलाम पुत्र छंगा ने बल पूर्वक रोंककर 40 हजार रुपए व मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद पीड़ित तुरंत भगौतीपुर चौकी पहुंच घटना की लिखित तहरीर दी थी। तहरीर मिलने के बाद चौकी इंचार्ज ने तेल व्यापारी से पिंटू द्वारा तेल बेंचकर पैसा लाने की जानकारी मांगी थी जिसमें पैसा लाने की पुष्टि हुई थी।इसके बाद जांच पुलिस के ठंडे बस्ते में चली गई।पीड़ित लगातार थाने के चक्कर लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहा है, किंतु समाधान नहीं मिल रहा है।सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है, प्रभारी निरीक्षक से तत्काल मामले की जानकारी कराकर निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## दो दिन में बिकी रिकॉर्ड 4 करोड़ से अधिक की शराब

**बांदा।** नये साल पर अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री ने आम दिनों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जिले में प्रतिदिन एक करोड़ की शराब की बिक्री हो रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि 30 और 31 दिसंबर को शराब की दुकानों को एक घंटा अतिरिक्त बिक्री का समय दिया गया था। इससे राजस्व पर सकारात्मक असर पड़ा है। 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक 4 करोड़ 6 लाख 75 हजार 736 रुपये की शराब की बिक्री हुई है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों पर सौकीनों की भीड़ लगी रही। लोग नये साल का जश्न मनाने के लिए शहरी इलाकों की दुकानों पर शराब खरीदने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जनपद में दो मॉडल शॉप हैं जहां नववर्ष के पहले दिन सबसे अधिक भीड़ रही जिसकी गवाही आबकारी विभाग के आंकड़े दे रहे हैं। दोनो मॉडल शॉप से दो दिन में 1331 लीटर अंग्रेजी शराब बिक्री हुई। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसडी त्रिपाठी कहते हैं कि शराब सेहत के लिए हानिकारक है। नये वर्ष व अन्य मौकों पर लोग अधिक शराब का सेवन करते हैं लेकिन इसका असर किडनी के अलावा शरीर के अन्य अंगों पर भी पड़ता है।

## ट्रक पलटने से दबे दो युवक, एक की मौत

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र में गौरिहार गांव निवासी राकेश और कमल खेत में काम करने के बाद घर लौट रहे थे तभी रास्ते में मोड़ पर गिट्टी से भरा ट्रक पटल गया जिससे राकेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और कमल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां से निकल रहे राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौक पर पहुंचकर शव को जेसीबी और हाइड्रा की मदद से बाहर निकाला। घायल कमल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका इलाज चल रहा है। राकेश की मौत से परिवार में मातम झा गया। मृतक के शव का पंचनामा कर पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक सवार दो युवकों की कार की टक्कर से मौत

**बिजनौर।** कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उपचार के दौरान दूसरे युवक ने भी दम तोड दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंडावर थाना क्षेत्र की चैकी बालावाली के पास गांव कुडी भगवानपुर थाना लक्सर हरिद्वार निवासी राजीव पुत्र वीर सिंह और गांव का ही उसका साथी मनोज पुत्र बलवीर सिंह शनिवार की शाम अपनी बाइक से मंडावर थाना क्षेत्र के गांव सुक्खापुर में अपनी रिस्तेदारी से घर जा रहें थे जैसे ही उनकी बाइक बालावाली कांच फेक्ट्री के पास पहुंची तो बालावाली की और से आ रही बलेनो कार की टक्कर बाइक में लगने से राजीव पुत्र वीर सिंह की मोके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी मनोज पुत्र बलवीर घायल हो गया सुचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया जहां उपचार के दौरान घायल मनोज ने भी दम तोड दिया। सडक हादसे में कार चालक भी मामूली चोअ आई है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि कार चालक अवनीश कुमार लेखपाल के पद पर बिजनौर कार्यरत है। मंडावर थाना प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आज से 25 तक होगा खाद्यान्न वितरण

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने अवगत कराया है कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के पत्र 03 जनवरी 2025 द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत जनपद ललितपुर के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारको को माह जनवरी 2025 में 06 से 25 जनवरी 2025 तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों 17 कि.ग्रा. गेंहू, 18 कि.ग्रा. चावल प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2.30 कि.ग्रा. गेंहू, 2.70 कि.ग्रा. चावल) प्रति यूनिट निशुल्क वितरण किया जाना है।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज सजेगा मुख्य दीवान




जिला संवाददाता(vol

**बरेली।** सेंट्रल गुरु पूरब कमेटी द्वारा रविवार को कोहादापीर स्थित गुरुद्वारे में अमृतमई कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। यह आयोजन गुरु गोविंद सिंह जी की याद में किया गया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए कमेटी के महासचिव हरप्रीत सिंह खालसा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया किबिशप मॉडल इंटर कॉलेज में सोमवार को मुख्य दीवान सजाया जाएगा। प्रातः 8:00 बजे से महान कीर्तन दरबार में देश के महान रागी जाते अपने कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि चौकी चौराहा गुरुद्वारे से गुरु वाणी कीर्तन करते हुए शानो शौकत के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। मुख्य दीवान में अमृतसर के हजूरी रागी भाई जबर तोड़ सिंह के साथ ही भाई जगतार सिंह अपना कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर गुरमत समर कैंप तथा माता भाग कौर ग्रुप की ओर से गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सिख मिशनरी कॉलेज की ओर से धार्मिक पुस्तकों का स्टॉल भी लगाया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष परमजीत सिंह ओबेरॉय ने शहर वासियों से मुख्य दीवान में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम स्थल पर गुरु का लंगर का भी आयोजन किया गया है। सात जनवरी को प्रातः 10:00 बजे जनकपुरी गुरुद्वारा में अमृत संचार का आयोजन किया जाएगा। हरिंद्र कौर चड्ढा, रविंद्र सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह बासु, दलबीर सिंह, मनमोहन सिंह बक्शी, मनजीत सिंह नागपाल, अमरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, मलिक सिंह कालरा, ज्ञानी काला सिंह सहित शहर के सभी गुरुद्वारों के प्रधान और सचिव भी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री प्रदीप जैन और किसानों पर दर्ज मुकदमे हों वापस

**ललितपुर।** विगत दिनों झांसी प्रशासन द्वारा पूर्व मंत्री भारत सरकार प्रदीप जैन आदित्य एवं किसानों पर मुकदमे दर्ज किए गए थे, इसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन सौंप कर मुकदमे वापस लिए जाने की मांग की गई। बताते चले कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं समस्त फ्रण्टल संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से एक धरना प्रदर्शन स्थानीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विगत 26 दिसंबर 2024 को झांसी की भोजला किसान मंडी में किसानों की मूंगफली खरीद नहीं की जा रही थी एवं जिन किसानों से मूंगफली खरीद की गई उनका भी शोषण किया जा रहा था। किसानों से 1400 से लेकर 1600 रुपए तक सुविधा शुल्क के रूप में भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा किसानों से लिया जा रहा था एवं कई किसानों की मूंगफली सरकारी क्रय केन्द्रों पर खरीद नहीं की जा रही थी। इसके विरोध में कई किसान अपने ट्रैक्टरों सहित स्थानीय कलेक्ट्रेट विरोध प्रदर्शन दर्ज करने पहुंच गए, जिसकी जानकारी होने पर प्रदीप जैन आदित्य पूर्व मंत्री भारत सरकार अपनी कई स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ किसानों की समस्याओं को जिला प्रशासन तक पहुंचाने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच गए। वहां उन्होंने न केवल एसडीएम बल्कि जिलाधिकारी से किसने की समस्या तत्काल निस्तारण करने की बात जिलाधिकारी कक्ष में कही। जिला प्रशासन द्वारा भी प्रदीप जैन के को किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण का आश्वासन दिया गया एवं किसानों के समस्त ट्रैक्टर झांसी स्थित भोजला किसान मंडी भेज दिए गए। लेकिन कुछ दिनों बाद स्थानीय होमगार्ड हरप्रसाद की शिकायत पर प्रदीप जैन आदित्य एवं एक ट्रैक्टर ड्राइवर रामपाल सहित 50 अज्ञात किसानों पर कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया। जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना कर महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन स्थानीय एसडीएम को सौंपकर प्रदीप जैन आदित्य सहित समस्त किसानों से मुकदमा वापस लिए जाने की मांग की गई। धरना स्थल पर नगर अध्यक्ष रफीक खान, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, अजय प्रताप तोमर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि/वरिष्ठ कांग्रेसी जसपाल सिंह बंटी सरदार सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

● जिला कांग्रेस कमेटी एवं समस्त फ्रण्टल संगठनों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

## पद्म विभूषण कल्याण सिंह की जयंती मनायी

ललितपुर। स्वामी ब्रह्मानन्द बिग्रेड के तत्वावधान में आयोजित ब्लाक मुख्यालय जखौरा में बाबूजी कल्याण सिंह जी 93वीं जन्म जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता देव सिंह लोधी महेशपुरा ने की एवं मुख्य अतिथि धर्मेंद्र पाठक जिला उपाध्यक्ष भाजपा, बलराम सिंह जखौरा, जिला महामंत्री भाजपा, ज्योति सिंह लोधी पूर्व जिलाध्यक्ष सपा, प्रो.अरिमर्दन सिंह प्रवक्ता रहे। वक्ताओं ने बाबूजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। स्वामी ब्रह्मानन्द बिग्रेड नें जखौरा जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र कुमार को एक प्रस्ताव सौंपकर जखौरा ब्लाक मुख्यालय पर बाबूजी की प्रतिमा स्थापित करायें जानें की मांग रखीं। वहीं धर्मेंद्र सिंह पाठक ने कहा कि बाबूजी एक विलक्षण जननायक थे, जिनका संपूर्ण जीवन वंचितों और उपेक्षितों के उत्थान हेतु समर्पित रहा। श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए उनका अनुपम त्याग और अविस्मरणीय समर्पण वंदनीय है। विचारधारा के प्रति उनकी अखंड निष्ठा और सादगीपूर्ण जीवन शैली सदैव राष्ट्रसेवा की प्रेरणा प्रदान करती रहेगी। संचालन इन्दपाल सिंह लोधी ने किया, आयोजक स्वामी ब्रह्मानन्द बिग्रेड रहीं। कार्यक्रम में डा.शिशुपाल सिंह लोधी प्रधान किसलवास उपस्थित रहे।

## इंटर कालेज में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता



**बांदा।** तिंदवारी कस्बे के सत्यनारायण इंटर कालेज में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें बैडमिंटन, कुश्ती, साइकिल रेस, दौड़, कबड्डी, वॉली बॉल का शुभारंभ जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने किया। उन्होने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। खेल प्रतियोगिता बैडमिंटन में आरती प्रथम, कुश्ती में प्रिंस सिंह वेद प्रथम, साइकिल रेस में पूजा प्रथम, दौड़ में जगनायक यादव प्रथम, द्वितीय हर्ष, तृतीय भोला राम, कबड्डी बालिका सीनियर विजेता तिंदवारी टीम, सामली, साक्षी, आरती, पूजा, कंचन, कोमल, ऊषा देवी तथा वॉली बाल बालक सीनियर विजेता में मनोज, राहुल, अजय, सुमित, अखिलेश, अंशु रहे। इस कार्यक्रम में सूरज सिंह पटेल व वीरेन्द्र सिंह ने निर्णायक भूमिका निभाई। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, अभय सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, लवी शुक्ला, आशीष चंदेल मौजूद रहे।

## पत्रकार की हत्या पर जेडीयू ने गृह मंत्री को भेजा पत्र

**बांदा।** पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या से पूरा देश सकते में है। जघन्य घटना को लेकर जनता दल यूनाइटेड की नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने गंभीर आपत्ति जताई है और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला करने वाले दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शालिनी ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या से यह साबित होता है कि देश में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर हालात बेहद चिंताजनक हैं। पत्रकार समाज का आईना होते हैं और यह जनता तक सच्चाई को पहुंचाते हैं परंतु जब उनके जीवन पर ही खतरा मंडराने लगे तो यह समूचे लोकतंत्र के लिए गंभीर सवाल खड़े करता है। जेडीयू नेत्री ने देश भर में पत्रकारों की सुरक्षा की स्थिति पर सवाल उठाए हैं। उन्होने कहा कि देश के अनेक हिस्सों में पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। यह प्रवत्ति न केवल लोकतंत्र को कमजोर कर रही है बल्कि अपराधियों को भी निर्भीक बना रही है। उन्होने गृह मंत्री से अपील की है कि अत्यंत क्रूर तरीके से ठेकेदार द्वारा की गयी पत्रकार की हत्या और उसके शव को सेप्टिक टैंक में लाश फेंककर दहशत फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इस जघन्य घटना से उत्तर प्रदेश व देश भर के पत्रकार संघों में भारी आक्रोश है। पत्रकार संगठनों ने मुख्य आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

# जनपद में 19 ब्लॉक स्पॉट्स पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य और दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र सम्बन्धी साइन बोर्ड लगाने के निर्देश

**ललितपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में आहूत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या के संबंध में समीक्षा की गयी तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की आहूत की गयी। बैठक में दिये गये निर्देश एवं कार्यवृत्त के अनुपालनार्थ समिति के समस्त स्टैक होल्डर्स को निर्देशित किया गया। कार्यवृत्त में दिये गये समस्त बिन्दुओ के सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा उपस्थित सदस्यों को बिन्दुवार निर्धारित किये गये विभागो द्वारा कराये जाने वाले सुरक्षात्मक कार्यो के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिस पर अध्यक्ष द्वारा 25 जनवरी तक समस्त कार्य कराये जाने तथा कृत कार्यवाही की अगले दिवस सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अध्यक्ष विगत वर्षो के सापेक्ष माह दिसम्बर 2024 में घटित दुर्घटनाओ की समीक्षा की गयी। जिसमें एन0एच0 44 के तेरई फाटक तथा बांसी पर दुर्घटनाओं में वृद्धि पायी गयी, जिसके सम्बन्ध में प्रबंधक एन0एच0ए0आई0 झांसी को तत्काल उक्त दुर्घटना वाहुल्य स्थानों पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य कराये जाने तथा कृत कार्यवाही की सूचना भी स-समय उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, अध्यक्ष द्वारा अधिशाषी अभियंता लो0नि0वि0 को पूर्व में चिन्हित किये गये 19 ब्लॉक स्पोर्टस पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य कराये जाने तथा दुर्घटना वाहुल्य क्षेत्र सम्बन्धी साईन बोर्ड लगाये जाने तथा कृत कार्यवाही की सूचना स-समय उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे मुख्यमंत्री की आहूत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या स-समय प्रेषित की जा सके। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक मनाये जाने के सम्बन्ध में उपस्थित सदस्यों को निर्धारित किये गये सड़क सुरक्षात्मक कार्य तथा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, तथा सभी उपस्थित सदस्यों से अपील की गयी कि अपने अपने विभागों से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित कर फोटोग्राफ सहित सूचना 26 जनवरी तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। अध्यक्ष द्वारा नोडल अधिकारी रोड सेफ्टी क्लब तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के विद्यालयों में संचालित स्कूली वाहनों का सत्त निरीक्षण करते हुये 26 वॉ संशोधन में दिये गये मानक के अनुरूप वाहनों का ही संचालन कराया जाना सुनिश्चित करें। मानक के अनुरूप वाहन न पाये जाने पर चालानी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता पी.डब्लू.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, प्रबंधक एन.एच.ए.आई. झांसी/सागर, अधिकारी (प्रशासन) मो0 आई0राइड, बस यूनियन अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अनिल वर्मा ओरिएन्टल इन्शोरेन्स कम्पनी झांसी, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष, मंत्री आदि उपस्थित रहे।

● डीएम ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक

## पांच परिवारों को प्रोजेक्ट नई किरण से मिली राह

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुस्ताक की अध्यक्षता में व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, प्रतिसार निरीक्षक की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद पांच परिवारों में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। पाँचों परिवार खुशी-खुशी साथ-साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का संदेश दिया व 07 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई।

# विभागीय अधिकारी सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें: डीएम

जिला संवाददाता(vol



**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जनपद में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कार्यालय में मोटरसाइकिल से आने वाले कर्मचारी एवं शिकायत प्रेषित करने वालों को प्रेरित करें कि हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति कार्यक्रम एवं गोष्ठियों का आयोजन कराए। उन्होंने निर्देश दिए की ऐसे छात्र जो विद्यालय में मोटरसाइकिल से आते हैं उनको हेलमेट लगाने के लिए निर्देशित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में स्कूली वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा अनफिट वाहनों पर प्रतिबंध लगाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि ट्रक एवं अन्य लोडिंग वाहन जो अनावश्यक रूप से रोड के किनारे पर खड़े होते हैं, जो यातायात को प्रभावित करते हैं उन पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को गन्ने के ट्रॉली पर प्रतिबंध लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सर्दी में कोहरे के दृष्टिगत पीडब्ल्यूडी एवं एनएच के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक्सीडेंटल स्थान एवं ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए वहां पर रिफ्लेक्टर टेप एवं प्रकाश की व्यवस्था दुरुस्त करना सुनिश्चित करें जिससे कि दुर्घटना की संभावना को काम किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि एआरटीओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ट्रक चालकों के लिए स्वास्थ्य कैंपों को लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कैंप में ट्रक चालकों की आंखों एवं स्वास्थ्य की जांच करना सुनिश्चित करें।

# न्याय के लिए पीड़ित बैठा अनशन पर, सीएम को पत्र



**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के पिपराहरी गांव निवासी रमाकांत तिवारी पुत्र बद्री प्रसाद तिवारी ने क्षेत्राधिकारी व थाना पुलिस पर दबंगों से सांठ-गांठ का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। अशोक लाट तिराहे पर क्रमिक अनशन पर बैठे पीड़ित ने बताया कि बीते 9 सितंबर को दबंगों ने घात लगाकर पीड़ित के पुत्र अजीत प्रताप पर प्राणघातक हमला कर मरणासन्न कर दिया था। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना पैलानी में दर्ज कराई गयी थी। पीड़ित का कहना है कि इलाकाई पुलिस आरोपियों से धन उगाही कर संरक्षण दे रही है। रमाकांत तिवारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार का सदस्य है। पुलिस के उपेक्षित रवैये से वह व्यथित हैं। इसी से परेशान होकर बीती 3 जनवरी से रमाकांत जिला मुख्यालय में क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री व पुलिस उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## बिना नक्शा पास पिछले आठ साल से चल रहा विनायक विवाह मंडप किया सील



**धामपुर, बिजनौर।** नगीना न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना के आदेश पर नायब तहसीलदार ने राजस्व एवं विनियमित कर्मचारियों व पुलिस बल को साथ पहुंचकर नगीना मार्ग स्थित विनायक मंडप को नक्शा पास न होने पर सील कर दिया। मालूम हो कि धामपुर क्षेत्र के नगीना रोड पर विनायक मंडप के नाम से विनियमित विभाग से बिना नक्शा पास कराये पिछले आठ वर्षो से संचालित चला आ रहा है। मंडप स्वामी के द्वारा आतक उक्त मंडप का नक्शा पास नहीं कराया गया था। मंडप का नक्शा पास न करने का प्रकरण न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना के न्यायालय में विचाराधीन था। इस प्रकरण में विगत 13 सितंबर 2024 को अभियंता धामपुर में नगीना न्यायालय के समक्ष अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। जिसमें विनायक मंडप का नक्शा पास न होने का उल्लेख किया गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना ने रिपोर्ट के बाद इस संबंध में विगत 27 सितम्बर को विनायक मंडप के मालिक को नोटिस जारी किया था। नोटिस का सन्तोषजनक जवाब न मिलने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना ने इस प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए नक्शा स्वीकृत न होने पर मंडप को सील करने के आदेश जारी कर दिए। न्यायालय के आदेश पर बीते दिन नायब तहसीलदार कपिल आजाद के नेतृत्व में बाबू योगेंद्र कुमार, धामपुर लेखपाल प्रभात चैधरी भारी पुलिस बल को साथ लेकर विनायक मंडप पहुंचे, जहां नायब तहसीलदार ने मंडप को सील कर दिया। मंडप स्वामी ने मंडप सील होने की कार्रवाही पर विरोध जताया।

## रोटी बैंक ने गरीबों को बांटे गर्म कपड़े और कंबल

**बांदा।** तहसील नरैनी के ग्राम नौहाई में लगभग 110 कंबल और गरीबों को गरम कपड़े दिए गये। रविवार को शेख शादी जमा के संरक्षण, चंद्रमौलि भरद्वाज के सह संरक्षण, रिजवान अली की अध्यक्षता व सुनील सक्सेना संगठन मंत्री रोटी बैंक के संचालन में वरिष्ठ समाजसेवी हनुमानदास राजपूत ने गरीबों को कंबल बांटे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी नरैनी सत्यप्रकाश, विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान शंकरलाल वर्मा मनीपुर, ग्राम प्रधान बड़ोखर विनोद राजा एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राजपूत, समाजसेवी अवधेश कुमार राजपूत, गिरधारीलाल कुशवाहा व वैद्य सोहनलाल की उपस्थिति में आयोजन हुआ। एसडीएम सत्यप्रकाश ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा उनके निदान का भरोसा दिया। गांव के गरीबों, असहायों, बच्चों ने गर्म जैकेट और कंबल पाकर प्रशन्नता जताई और रोटी बैंक सोसायटी को दुवाएं दीं।

इस दौरान मोहम्मद इदरीस सचिव, मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, सोशल मीडिया प्रभारी अख्तर किरमानी, महिला अध्यक्ष तबस्सुम फातिमा, संगठन मंत्री प्रीति शिवहरे, रिचा रैकवार, सहाना खान, संतोष कुमार, सद्दाम हुसैन, मोहम्मद आमिर, सोनू श्रीवास व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पीडीए का एजेंडा लेकर जनता के बीच पहुंचे पार्टी कार्यकर्ता: सुल्तानी

जिला संवाददाता(vol



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के महानगर के शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्रों की संयुक्त मासिक बैठक आयोजित हुई। पार्टी के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश देतें हुए कहा कि हमारा लक्ष्य 2027 का विधानसभा चुनाव में जनकल्याणकारी सरकार अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनवाना है। इसलिए कार्यकताओं, पदाधिकारियों की पहली प्राथमिकता पीडीए का एजेंडा जनता के बीच लेकर जाना है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने लोकसभा चुनाव में सपा को उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बनाया है तो उसके पीछे की ताकत पीडीए समाज ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में नफरत फैलाकर आर्थिक विषमता पैदा कर रहीं है। इस सरकार की नीतियाँ शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर देना चाहती हैं और सभी को धार्मिक द्वन्द में उलझाना चाहती है। यह सरकार नहीं चाहती कि देश के पीडीए समाज के युवा पढ़ें लिखें यह सरकार हर क्षेत्र में निजीकरण कर साजिश करके आरक्षण समाप्त करना चाहती है। शहर विधानसभा से प्रत्याशी रहें राजेश अग्रवाल ने कहा समाजवादी पार्टी सभी धर्मो, सभी वर्गों का सम्मान करती है समाजवादी पार्टी हमेशा निर्बल और पीड़ित के साथ खड़े होकर मजबूती से उनकी लड़ाई लड़ती है। हमारे नेता अखिलेश यादव जाति धर्म की राजनीति से अलग हटकर विकास के मुद्दे पर राजनीति करते हैं वह चाहते हैं सभी को रोजगार के अवसर हों, सभी बेहतर शिक्षा और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें इसके लिए हम सरकार में आना चाहतें हैं। महानगर उपाध्यक्ष और शहर विधानसभा प्रभारी शेर सिंह गंगवार ने कहा भाजपा की नीतियों के कारण प्रदेशवासियों को दुश्वारियों के सिवा कुछ और नहीं मिला, इनके राज में महंगाई चरम पर है, किसान, नौजवान, मजदूर और व्यापारी सभी परेशान हैं। यह लोग ऊंच - नीच की भावना रखकर काम करते हैं। बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर ने कहा कि भाजपा पीडीए यानि बहुजन समाज से नफरत करती है और पीडीए समाज के महानायकों को अपशब्द बोलकर अपमान करती है। भाजपा लोकतंत्र के लिए घातक है हमें गर्व है कि समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के नेतृत्व में लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ रहीं है। कैंट विधानसभा अध्यक्ष रोहित राजपूत ने कहा लोधी समाज के व्यक्ति को कैंट विधानसभा का अध्यक्ष पार्टी ने बनाया है जिसका फायदा हमें विधानसभा चुनाव में मिलेगा जब से यह जिम्मेदारी हमें मिली है तब से हमनें अपनी लोधी बिरादरी के 50 प्रमुख लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम किया है। बैठक में दिनेश यादव, गोविन्द सैनी, राजेश मौर्या, डॉ. शफीक उद्दीन, सूरज यादव, सुरेन्द्र मिश्रा, कैंट विधानसभा अध्यक्ष रोहित राजपूत, पार्षद अब्दुल कयूम मुन्ना, पार्षद अब्दुल सलीम अंसारी, जितेंद्र मुंडे, महानगर सचिव महेश यादव, हरीओम प्रजापति, संजय वर्मा एड., नाजिम कुरैशी, बाबर अली उर्फ डॉक्टर चाँद, ऋषि यादव, लोहिया वाहिनी महानगर अध्यक्ष मेराज अंसारी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष सुनील सागर, मजदूर सभा के महानगर अध्यक्ष अशफाक चौधरी, इश्तियाक सकलैनी, नन्द किशोर यादव, शिवम प्रजापति, नीरज सैनी, अमर राठौर, अनूप सागर, रेहान अंसारी, महेन्द्र बिक्रम, रामसेवक प्रजापति, मनसुख राजपूत, राजेंद्र राजपूत, हाजी शकील अशरफी, तौकीर खान, राजकुमार लोधी, राहुल राजपूत, रिजवान खान, नौशाद खान, डॉक्टर सी. पी आर्या आदि प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूद रहे।

## कोर्ट ने जानलेवा हमले के अभियुक्त को 9 वर्ष कारावास और अर्थदण्ड की सुनाई सजा

**बिजनौर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पुलिस पर जानलेवा हमले के मामले में अभियुक्त वीर सिंह को 9 वर्ष कठोर कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आनन्द जंघाला उर्फ अभिनव के अनुसार वर्ष 2015 में अफजलगढ़ थानान्तर्गत ग्राम मौहम्मदपुर राजौरी निवासी साबिर पुत्र नन्हे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भैंसा चोरी हो गया है। मुखबिर की सूचना पर थाने में तैनात एसओ गिरीश बाबू शर्मा ने पुलिस बल के साथ सुआवाला रोड पर मनोहरवाली एवं हरिपुर चैराहे के पास एक गन्ने के खेत में छापा मारा तो वहां तीन व्यक्ति चोरी किए गए भैंसे के साथ बैठे थे। पुलिस को देखते ही उनमें से एक बदमाश ने तमंचे से फायर कर पुलिस पर हमला कर दिया। हमले में पुलिसवाले बाल-बाल बच गए। पुलिस ने दबिश देकर फायर करने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया।

पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम शेरकोट थानान्तर्गत ग्राम हासफाबाद बिहनीपुर निवासी जयवीर सिंह पुत्र राजेश सिंह बताया। पुलिस को उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए और चोरी किया भैंसा भी मिला। दो बदमाश मौका देखकर फरार हो गए।

इन बदमाशों में शामिल जनपद अमरोहा के नौगांवां सादात के ग्राम भेड़ा भरतपुर निवासी वीर सिंह पुत्र जय सिंह का नाम भी प्रकाश में आया। अभियुक्त वीर सिंह ने न्यायालय में अपने जुर्म का इकबाल किया। इस कारण उसकी पत्रावली अलग करके उसकी सुनवाई की गई। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट न0 6 तालेवर सिंह ने अपराध सिद्ध होने पर वीर सिंह को 9 वर्ष कारावास एंव पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# शिक्षा सुधारों की दिशा में आगे बढ़ती सरकार



मनोज बाजपेयी

> राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है। इस बात को सरकार अच्छी तरह समझ रही है। इसीलिए 'नयी शिक्षा नीति' लागू करने के साथ ही शिक्षा के हरेक स्तर पर सुधारों का प्रयास कर रही है। अब इसी दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को हटा दिया है।

भारत सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने, बदलती परिस्थितियों और देश की जरूरतों के अनुकूल शिक्षा विकसित कर देश की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने की दिशा में सतत् प्रयत्नशील है। हाल के वर्षों में इस दिशा में अनेक प्रयास भी किये गये हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने की अनुमति दी गयी है, विश्व स्तरीय शिक्षा के लिए। देश में ही विश्व स्तरीय शिक्षा संस्थान विकसित करने के लिए भारत सरकार ने 'इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस' योजना लागू की है जिसमें 10 सरकारी और 10 प्राइवेट सेक्टर के शिक्षा संस्थनों को इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस का दर्जा दिया है। आईओई दर्जा प्राप्त करने वाले संस्थनों को अधिक स्वायत्तता देने के साथ ही उनको संसाधन भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं। देश में तकनीकी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए आईआईटी, ट्रीपल आईटी जैसे संस्थानों का विस्तार किया जा रहा है। नये मेडिकल कॉलेज खोलने के साथ ही अगले कुछ वर्षों में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाकर 2 लाख करने की दिशा में भी सरकार बढ़ रही है।

राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है। इस बात को सरकार अच्छी तरह समझ रही है और इसीलिए 'नयी शिक्षा नीति' लागू करने के साथ ही शिक्षा के हरेक स्तर पर सुधारों का प्रयास कर रही है। अब इसी दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को अब हटा दिया है। अभी तक यह नियम था कि पांचवीं और आठवीं क्लास तक बच्चों को स्कूल द्वारा पास किया जाना अनिवार्य था। बच्चा अगर फेल भी होता है तो भी उसको डिटेन नहीं किया जाएगा। उसको आगे की कक्षा में प्रमोट किया जाएगा। इस नियम के कारण कुछ बच्चे पढ़ाई में मेहनत नहीं करते थे। इससे आगे नौवीं और दसवीं की कक्षा में जाने पर उनको परेशानी का सामना करना पड़ता था। कहीं न कहीं अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई पर थोड़ा कम ध्यान देते थे, क्योंकि उनको भी यह रहता था कि बच्चा नहीं पढ़ेगा, तब भी स्कूल को पास तो करना ही है। नो डिटेंशन पॉलिसी की वजह



से कहीं न कहीं बच्चे और उनके मां-बाप दोनों ही पढ़ाई के प्रति गंभीर नहीं रहते थे। उनके मन में यह बात जरूर रहती थी कि जब सरकार का नियम ही है कि बच्चों को आठवीं तक पास करना ही है तो फिर ज्यादा चिंता करने की क्या जरूरत है। अब नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म होने से बच्चों व अभिभावकों, दोनों की पढ़ाई के प्रति गंभीरता बढ़ेगी। इसके अच्छे परिणाम आएंगे। पहले भी इसी तरह का नियम होता था। लेकिन, बीच में नो डिटेंशन पॉलिसी के आने से पढ़ाई के प्रति बच्चों में गंभीरता कम हो गई और नौवीं और दसवीं में जाने पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी वजह से नौवीं और दसवीं के रिजल्ट में भी गिरावट आने लगी।

**विमर्श**

अभी तक यह होता था कि चाहे बच्चा पांचवीं का है या छठी का है, कोर्स खत्म कर पाया हो या नहीं, उसने पूरा सिलेबस पढ़ा हो या नहीं, उसको अगली कक्षा में प्रमोट करना ही करना है। इस तरह से बच्चे की पढ़ाई की बुनियाद कमजोर हो जाती थी और आगे नौवीं कक्षा में जाने पर बच्चों के ऊपर पढ़ाई का एकदम बोझ पड़ जाता था। इससे बच्चों के फेल होने, मानसिक तौर पर अचानक दबाव में आ जाने की समस्या बढ़ गयी थी। इस पॉलिसी के खत्म होने से अब बच्चों की पढ़ाई के स्तर में सुधार होगा और उनकी पढ़ाई की जड़ मजबूत होगी। फेल होने पर बच्चे को 2 महीने के अंदर दोबारा से टेस्ट का मौका दिया जाएगा। टेस्ट में पास होने पर उसको अगली कक्षा में प्रमोट किया जाएगा। इससे पढ़ाई पूरी करके ही बच्चे आगे की कक्षा में जाएंगे। हमारे समय में भी इसी तरह का नियम था। परीक्षा पास करने के लिए एक बार ही चांस मिलता था और उसमें अगर फेल हो जाते थे तो फिर से उसी कक्षा में पढ़ाई करनी पड़ती थी, लेकिन बाद में यह नियम आने से कि बच्चा फेल हो तो भी उसको अगली कक्षा में प्रमोट करना ही है, इस नियम से बच्चों की पढ़ाई में कमी आने लगी। अब इस व्यवस्था के खत्म होने से आगे मेहनत करके और मेहनत से पास होकर के जो बच्चा आगे बढ़ेगा वह आगे भी जाकर अच्छा करेगा। उसका भविष्य भी उज्ज्वल होगा। उसे आगे अपने करियर में तरक्की करने में किसी सिफारिश की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। दूसरी तरफ देखें तो नो डिटेंशन पॉलिसी को लाने की जरूरत क्यों पड़ी थी, यह बिन्दु राइट टु एजुकेशन एक्ट 2009 से जुड़ा है, जिसकी धारा 16 में यह प्रावधान किया गया था कि स्कूलों में आठवीं क्लास तक किसी भी बच्चे को किसी परीक्षा में फेल नहीं घोषित किया जाएगा, न ही उसका अगली क्लास में प्रमोशन रोका जायेगा।

इसके पीछे यह सोच थी कि सभी बच्चों के लिए कम से कम आठवीं क्लास तक की पढ़ाई सुनिश्चित की जाए। यह देखा गया था कि आर्थिक और सामाजिक तौर पर पिछड़े परिवारों के बच्चों में फेल होने की वजह से ड्रॉपआउट बढ़ जाता है। अकसर पढ़ाई में कमजोर ऐसे बच्चों के बारे में यह धारणा बन जाती है कि यह पढ़ने वाला बच्चा नहीं है। लिहाजा उन्हें दूसरे काम में लगाने का भाव परिवार में भी जोर पकड़ने लगता है और वे पढ़ाई से वंचित कर दिए जाते हैं।

नो डिटेंशन पॉलिसी के पीछे यह सोच भी थी कि बच्चे का सतत मूल्यांकन किया जाए जिससे उसे पास-फेल घोषित करने के बजाय उसकी कमियों का पता लगाकर उनका निदान करने का काम निरंतरता के साथ होता रहे। यह माना गया था कि कच्ची उम्र में बच्चे की पात्रता देखने का खास मतलब नहीं, क्योंकि हर बच्चा सीख सकता है। सवाल उसे सिखाने की सही प्रक्रिया ढूंढने और उसे अपनाने का है, जो मूलतः शिक्षा तंत्र की जिम्मेदारी है। नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का एक मजबूत कारण यह बना कि इस पॉलिसी को लागू किए जाने के बाद फीडबैक पॉजिटिव नहीं आया। यह शिकायत आम थी कि बच्चों और अभिभावकों में पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी कम होती जा रही है। कई राज्यों की ओर से इस पॉलिसी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग होने लगी। इन्हीं वजहों से 2019 में केंद्र सरकार ने आरटीई कानून में संशोधन किया, जिससे संबंधित सरकारों को इसे जारी रखने या छोड़ देने का विकल्प मिला। और, अब केंद्र सरकार ने भी इसे छोड़ने का विकल्प चुना।

यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि अभी भी देश के करीब आधे राज्यों में नो डिटेंशन पॉलिसी लागू है। तमिलनाडु ने तो केंद्र के फैसले के बाद भी खुलकर कहा है कि वह इस पॉलिसी को जारी रखेगा। ऐसे में इस पॉलिसी के गुण-दोष परखने का मौका आगे भी मिलता रहेगा। साथ ही, इस सवाल पर विचार करने की गुंजाइश भी बनी रहेगी कि क्या इस पॉलिसी के खिलाफ मिला फीडबैक हमारे शिक्षा तंत्र की कमियों की उपज है और क्या इस पॉलिसी को छोड़ने में जल्दबाजी हुई है। इस पॉलिसी को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, उसे ही समाप्त करना यह दर्शाता है कि नीति निर्धारकों ने इस फैसले के दीर्घकालिक प्रभावों का गहराई से विश्लेषण नहीं किया। वैसे भी शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास होना चाहिए, न कि केवल पास या फेल पर ध्यान केंद्रित करना।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## छात्रों के साथ बर्बरता

बिहार लोक सेवा आयोग अर्थात बीपीएससी परीक्षार्थियों का आंदोलन अब धीरे-धीरे पूरे राज्य में फैल गया है। छात्रों के आंदोलन में नेताओं के कूदने और कोचिंग सेंटर्स के द्वारा समर्थन करने से यह राज्यव्यापी हो गया है। दूसरी तरफ राज्य सरकार और उसके अधिकारियों के द्वारा आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ दुव्यर्वहार, लाठी चॉर्ज और एक छात्र की आत्महत्या के बाद ऐसा लगता है कि प्रशासन और छात्रों के बीच अविश्वास बढ़ता जा रहा है। अगर राज्य सरकार बीपीएससी परीक्षा को लेकर सतर्क होती, तो नॉर्मलाइजेशन को लेकर जो लंबा छात्र आंदोलन हुआ वह भी नहीं होता और परीक्षा में धांधली को लेकर जिस तरह की स्थितियां बनी उसे भी टाला जा सकता था। बिहार सरकार को उत्तर प्रदेश की सरकार से सीखना चाहिए। उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा पर सवाल उठा तो सरकार ने परीक्षा रद कर दी। इसी तरह लोकसेवा आयोग की आरओ/एआरओ परीक्षा एक दिन में कराने की मांग उठी, तो इसे भी बिना देरी किये सरकार ने मान लिया जिसके कारण आंदोलन बढ़ने से पहले ही खत्म हो गया। बिहार में बीपीएससी परीक्षा में धांधली पर छात्रों का आंदोलन उठ खड़ा हुआ है। छात्रों की मांग है कि सभी 912 केन्द्रों में बीपीएससी प्रारम्भिक परीक्षाएं दोबारा हों। इस मांग को लेकर करीब तीन सप्ताह से जारी आंदोलन को सुलझाने के बजाय कुचलने के लिये बिहार सरकार छात्रों से बर्बरता तक कर रही है। रविवार की रात को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के पास एकत्रित हजारों परीक्षार्थियों पर पुलिस ने भीषण लाठी चार्ज किया और कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें फेंकी। दरअसल छात्रों का जमावड़ा सुबह से होने लगा था जिन्हें पुलिस बार-बार चेतावनी दे रही थी कि उन्हें प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। इसे अनसुना करते हुए बड़ी संख्या में एकत्र हुए परीक्षार्थी पुलिस के बल प्रयोग से घायल हुए है तथा अनेक लोगों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज हुई है। छात्रों के इस आंदोलन में नेता भी कूद पड़े हैं। जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी आंदोलन से जुड़े हैं। उन्होंने मुख्य सचिव से इस संदर्भ में बात की और श्रेय लेने की कोशिश की कि वे 5 प्रतिनिधियों के मिलने की अनुमति लाने में सफल हुए हैं। यदि इसके बाद भी परीक्षार्थी संतुष्ट न हुए तो उससे ऊपर बात की जायेगी। बहरहाल, यह मुद्दा अब लगातार गर्मा रहा है और लोगों में रोष है। अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं जिसके लिये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य भर में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। छात्रों के इस आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा एक तरह से उनको चिढ़ाने वाली है। बीपीएससी की 70वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा को लेकर 18 दिसम्बर से प्रदर्शन चल रहा है। इस परीक्षा के लिये सितम्बर में विज्ञापन जारी हुआ था। इसमें शामिल होने के लिये लगभग 5 लाख परीक्षार्थियों ने आवेदन किया और 3.25 लाख ने 13 दिसम्बर को परीक्षा दी थी परन्तु इसके पर्चे लीक होने, कई कोचिंग संस्थानों द्वारा दिये गये प्रश्न पत्रों से सवाल मिलने तथा अन्य अनियमितताओं के कारण इस परीक्षा को रद करने की मांग होने लगी, लेकिन बीपीएससी ने कहा है कि 'परीक्षा रद होने का सवाल ही नहीं है।' अब यह मुद्दा कहां तक जाता है और सरकार परीक्षार्थियों की मांगें पूरी करती है या नहीं, यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा, परन्तु रविवार के प्रदर्शन में हुई पुलिस कार्रवाई पर देश के हरेक संवेदनशील नागरिक को परेशान और चिंतित होना चाहिए। क्या जिन छात्रों पर बिना वजह लाठियां भांजी गयीं वे कोई आतंकी हैं। छात्र संयम, अनुशासन और शांति पूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। अपनी मांग सरकार के सामने रख रहे थे। आखिर इसमें लाठी चॉर्ज करने की क्या जरूरत थी। एक तरफ सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में विफल हो रही है, तो दूसरी तरफ वाजिब मांगों पर सकारात्मक रूख अख्तियार करने के बजाय उन पर लाठियां बरसाती है। भर्ती परीक्षाओं पर बार-बार सवाल उठते हैं, कई बार नौकरियों में पक्षपात सामने आये भी हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि सभी सरकारी भर्तियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा प्राधिकरण बनना चाहिए। सरकारों के दबाव से मुक्त स्वायत्त संस्थान विकसित होने पर ही भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता और पवित्रता कायम होगी। जैसे यूपीएससी है।



> भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता के लिए स्वायत्त निकाय के रूप में परीक्षा प्राधिकरण बने और सभी परीक्षा यही कराये।

### विचार

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

–महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ–प्रदर्शन करता है।

–गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

–स्वामी विवेकानन्द.

### सोशल मीडिया

प्रति किमी के हिसाब से देश का सबसे महंगा एक्सप्रेस–वे जो कि 2022 में बनकर तैयार होना था, भाजपा सरकार के हर कार्य की तरह इंतजार की लाइन में लगा है। अखिलेश यादव.



लुई ब्रेल दिवस पर दृष्टि बाधित दिव्यांग जन के साथ कुछ समय बिताया, सभी छात्रों का उत्साह देखने लायक था, उनके फरमाइश पर उनके साथ गीत भी गाया। मनोज तिवारी.



किसानों की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है, हमारे किसान समृद्ध, संपन्न, आत्मनिर्भर हों, यही केंद्र सरकार का संकल्प है, किसानों के विकास को इस वर्ष गति मिली। शिवराज सिंह चौहान.



## मनुष्य के सद्गुण

**अंतर्दृष्टि**

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी।

कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

## जीभ रहे न स्वाद सताये!

**व्यंग्यलोक**

हे प्रभु! ये कैसा कलियुग आ गया! जिस चीज को भी छूने की कोशिश कर रहा हूं दूर भागी जा रही है। सपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो सपने दूर भागे जा रहे हैं। अपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो अपने दूर भागे जा रहे हैं। शिमला मिर्च को छूने की कोशिश करता हूं तो शिमला मिर्च हाथ से मछली की तरह फिसली जा रही है। टमाटर छूने की कोशिश करता हूं तो टमाटर बहुत दूर भागे जा रहे हैं। अदरक छूने की कोशिश करता हूं तो अदरक दूर भागा जा रहा है। आखिर ये रोजमर्रा की चीजें आम जनता से इतनी दूर क्यों हो गई रही हैं प्रभु! क्या मेरी बिरादरी की तकदीर में सब कुछ दूर से ही देखना लिखा है प्रभु? लाख पकड़ने की जद्दोजहद के बाद भी मेरे हाथ में आखिर ये टमाटर क्यों नहीं आते? क्या इन दिनों मेरे मुंह के भाग्य में टमाटर, अदरक खाना नहीं लिखा है? प्रभु! इस उम्र में अब पत्नी से प्रताड़ित होकर तुलसीदास भी नहीं हो सकता। हो भी जाऊं तो आदिपुरुष की तरह अनाप शनाप लिख मारा तो....ऐसे घोर कलिकाल में समझ नहीं आ रहा मैं किसको कोसूं? केंद्र सरकार को कि राज्य सरकार को? अपने को या फिर बीवी को! किसान को या बिचौलिए को? मैंने प्रभु के चरण पकड़े कहा तो प्रभु पसीजे, उठो वत्स! बहुत रो लिए टमाटर का रोना। बहुत रो लिए अदरक का रोना। मेरा आदेश! फिलहाल टमाटर त्याग दो। अदरक त्याग दो। प्रभु! बिना आत्मा के शरीर की कल्पना की जा सकती है, पर टमाटर के बिना दाल की कल्पना नहीं की जा सकती।



अशोक गौतम

बिना हृदय के जीव की कल्पना की जा सकती है, पर बिन अदरक सब्जी की कल्पना नहीं की जा सकती। तो ऐसे में आप कह रहे हैं कि टमाटर त्याग दूं? सच पूछो तो प्रभु मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर टमाटर नहीं। मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर अदरक नहीं। मेरी रग रग में अब पचासियों विषैली स्प्रे किए टमाटरों का स्थाई वास हो चुका है और एक आप हो कि जनहित में बाजार में टमाटर सस्ते करने के बदले अपने भक्त को टमाटर, अदरक का त्याग करने को कह रहे हो? इंपॉसिबल प्रभु! इंपॉसिबल! हे वत्स! जनहित की दुहाई दे मुझसे इमोशनली मत खेलो। पॉलिटिक्स न करो! क्योंकि जिन्होंने आज तक जनहित की बात की, फाइनली अपने हित ही साधे। हैप्पी लाइफ का सिंपल सा फंडा ये है कि जो भी समाज में भाव दिखाए, उस हर एक को त्याग दो। वह चाहे बीवी ही क्यों न हो! कह प्रभु अंतरध्यान। बंधुओ! आखिर प्रभु का कहने का तात्पर्य क्या है? ये तो नहीं कि मैं टमाटर खाने छोड़ दूं? ये तो नहीं कि मैं अदरक दाल में पाना छोड़ दूं? या फिर ये जीभ ही त्याग दूं? न रहे जीभ, न सताए स्वाद!

## प्रसन्नता और सुकून का पक्षी भी करते हैं इजहार



**वन्य जीवन**

के.पी.सिंह

जब आपके द्वारा मुंडेर में डाले गये दाने चुनने के बाद पक्षी पास में पीने के लिए रखे गये पानी में घुसकर खूब पंख फड़फड़ाते हुए छपाक छपाक करके नहाते हैं और खूब आवाज निकालते हैं, तो वे पल देखने वाले होते हैं। क्योंकि वे पल उनकी खुशी और मस्ती के पल होते हैं। जी हां, जब आप अपनी बालकनी में पक्षियों के दाना डालते हैं और साथ ही में किसी छोटे टब या दूसरे बर्तन में उनके पीने के लिए पानी रखते हैं और उस पानी को पीने के साथ-साथ पक्षी उसमें एक दूसरे को छेड़ते हुए खूब पंख फड़ फाड़कर नहाते हैं तो इसका मतलब है कि वह आपसे सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में पक्षियों का प्राकृतिक व्यवहार है और इसके एक नहीं कई मायने होते हैं।

**खुशी का इजहार**

जब पक्षी आपके द्वारा डाले गये दानों को चुनने और पीने के लिए रखे गये पानी में, पानी पीने के अलावा छपाक छपाक करके नहाएं तो यह दृश्य देखना आपको भी अंदर तक पुलकित कर जाता है। क्योंकि ऐसा कर रहे पक्षी अपनी खुशी और अपनी सहज खेलवृत्ति को दर्शा रहे होते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि वो खुश हैं, उनका पेट भरा हुआ है और वह आनंद का अनुभव कर रहे हैं। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक इस तरह की गति विधियों को अंजाम देना पक्षियों के मनोवैज्ञानिक संतुलन का भी तरीका होता है।

**सफाई का संकेत**

जब पक्षी उनके पीने के लिए रखे गये पानी में पंख फड़फड़ाकर घुसते हैं और भीगे पंखों को सुखाने के उद्देश्य से फड़फड़ाते हैं तो इसका एक कारण यह भी होता है कि वे अपने शरीर पर जमी धूल मिट्टी को हटाने की कोशिश कर रहे हैं और कई बार कुछ पक्षियों के शरीर में जूं जैसे कुछ परजीवी अपना बसेरा बना लेते हैं, तो उनसे मुक्ति पाने के लिए भी वो इस तरह के प्रयास करते हैं। इसके लिए वो कुछ क्षणों के लिए पानी में डुबकी लगा लेते हैं। पानी में घुसकर फिर पंख फड़फड़ाते हैं ताकि वो परजीवी उनके शरीर को छोड़ दें। इस तरह यह गतिविधि साफ सफाई के साथ प्राकृतिक सुरक्षा का भी जरिया है।

**गर्मी से राहत**

कई बार जब पक्षियों को इंसानों की तरह खूब गर्मी लगती है तो वे पानी में नहाकर अपनी त्वचा और शरीर को ठंडा रखने की कोशिश कर रहे होते हैं। अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने का पक्षियों का यह एक प्राकृतिक तरीका है। इससे वह गर्मी से निपट पाने में सक्षम होते हैं।

**खुशी व खेल का इजहार**

जब पक्षी उनका पीने के लिए रखे गये पानी में घुसकर छपाक छपाक नहाते हैं, पानी को इधर उधर बिखेरते हैं, तो यह उनके लिए एक तरह का खेल या अपना मनोवैज्ञानिक संतुलन बनाये रखने का तरीका होता है। कई बार कई पक्षी एक साथ पानी में उतरकर नहाते हैं। जो उनके सामूहिक कार्यव्यवहार का हिस्सा होता है। इससे वे अपने दूसरे पक्षियों के साथ संबंधों को मजबूत करते हैं। पक्षी अपनी गतिविधियों से यह भी दशार्ने की कोशिश करते हैं कि पानी उनके लिए कितना महत्वपूर्ण है। कई बार ऐसा करके पक्षी उन पक्षियों को यह संदेश दे रहे होते हैं, जिन्हें नहीं पता होता कि पानी कितना महत्वपूर्ण है। लेकिन जो सबसे बड़ी और आपके पक्ष में जाने वाली बात है वह यह है कि जब आपकी मौजूदगी में पक्षी आप द्वारा बिखेरे गये दानों को खाकर, पानी पीकर आपके ही सामने पानी के बर्तन में घुसकर छई छपाक का खेल खेलते हैं तो यह इस बात का पुष्टि होती है कि आप से उनको कतई भय नहीं महसूस हो रहा।

पक्षियों की यह गतिविधि उनकी सहजता का भी सूचक होती है। कई बार वह इस तरीके से आपका आभार भी प्रकट कर रहे होते हैं, वो बता रहे होते हैं कि आपने उन्हें पानी उपलब्ध कराकरके कितना महत्वपूर्ण काम किया है। क्योंकि तेजी से हुए शहरीकरण से उनके प्राकृतिक संसाधनों का बहुत अभाव हो गया है और कम से शहरी क्षेत्र में पक्षी तो अब इंसानों के रहमो करम पर ही निर्भर हैं। पक्षियों के भोजन की भी कमी हो गई है, उनका आवास भी नहीं रहे और पानी की उपलब्धता तो इसी अभाव का बड़ा हिस्सा ही है।

ऐसे में पक्षी आपकी थोड़ी सी सदाशयता पर नाच-नाचकर आभार व्यक्त करने का एक ढंग होता है। इसलिए जब आपके रखे गये दाने को खाकर पक्षी उनके पीने के लिए रखे गये पानी को पीने की बजाय उसमें घुसकर उसे खदबदा रहे हों तो इससे यह मत समझिये कि वो गलत कर रहे हैं। ऐसा करना उनके लिए अपनी खुशी और अक्लमंदी का प्रदर्शन होता है।

## आपकी बात

### श्रमबल और स्किल डेफिसिट

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### बड़ा संकट है वायु प्रदूषण

केन्द्र सरकार ने श में वायु प्रदूषण की स्थिति क्या है यह हर जगह पता चल जाती है। महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। स्विस संगठन आईक्यूएआई आर की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश बताया गया है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान और पहले स्थान पर बांग्लादेश है। अर्थात दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत हैं। ये तीनों देश सात दशक पहले एक ही थे इसलिए यह कहा जा सकता है कि नगर नियोजन यातायात प्रबंधन, सड़कों के रखरखाव, लापरवाही और डस्ट की समस्या पर गंभीरता नहीं है। इसीलिए दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में बेंगूसराय सबसे ऊपर है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हालत भी बहुत खराब है। प्रदूषण की समस्या देश में बहुत जटिल है।

**आशुतोष कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## श्रीराम कथा के जनजागरण के लिए निकाली कलश यात्रा

**अमानीगंज-अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रूदौली विधायक रामचंद्र यादव के संयोजन में क्षेत्र के घटौली गांव स्थित कोटहिन भवानी के स्थान पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के जनजागरण के लिए रविवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की अगुवाई कथा व्यास आचार्य कमलेश मिश्र ने की। भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, ठंड के बीच बूढ़े, बच्चे, महिलाएं सभी धर्म ध्वजा लिए हुए प्रभु श्री राम का जयकारा लगाते रहे। कथा व्यास आचार्य कमलेश मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया।

कथा पंडाल से निकली कलश यात्रा 3 किलोमीटर की यात्रा तय कर आस्तीक आश्रम जन्मेजय कुण्ड सिड़सिड पहुंची। जहां पर कलश में जल भर गया। इसके बाद कलश यात्रा वापस कथा पाण्डाल पहुंची, जहां कलश पूजन कर प्रतिष्ठित किया गया। प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर कथा का आयोजन किया गया है।

# 11 को रामलला का अभिषेक करेंगे सीएम योगी



**अयोध्या।** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के एक वर्ष पूरे होने पर अयोध्या में 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन होगा। 11 जनवरी को पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 बजे गर्भगृह में श्रीरामलला का अभिषेक करेंगे। उसके बाद अंगद टीला पर होने वाले

- प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन रामलला को समर्पित भजन किया जाएगा लॉन्च
- नगर में सभी महत्वपूर्ण जगहों पर वाद्य यंत्रों के साथ कीर्तन करेंगे युवा
- राग सेवा का कार्यक्रम गर्भगृह के निकट मंडप में होगा

सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को संबोधित भी करेंगे। उसी दिन रामलला को एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोनू निगम, शंकर महादेवन व मालिनी अवस्थी समेत कई मशहूर कलाकारों के द्वारा गाया गया भजन भी रिलीज किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के अधिष्ठाता मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के जन्मस्थान अयोध्या याम में नवनिर्मित मन्दिर की स्थापना के एक वर्ष पौष शुक्ल पक्ष, द्वादशी, विक्रम सम्वत, 2001 तद्‌नुसार 11 जनवरी को सम्पन्न हो रहा है। इस दौरान 13 जनवरी तक उत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को रामलला का अभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव के मद्देनजर नगर के प्रमुख चैराहों लता चैक, जन्मभूमि पथ, श्रृंगार हाट, राम की पैड़ी, सुग्रीव किला, छोटी देवकाली समेत अन्य स्थलों पर कीर्तन भी होगा। इसमें युवा कलाकार वाद्य यंत्रों से नगरी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस अवसर पर तीन दिवसीय श्रीराम राग-सेवा का कार्यक्रम मन्दिर परिसर में गर्भगृह के निकट मण्डप में सम्पन्न होगा। इसमें प्रभु श्रीराम की भक्ति के प्रति विनीत भाव से संगीत, नृत्य और वादन के द्वारा उन्हें सेवा प्रदान करने का उपक्रम होगा। अनुष्ठान के परिकल्पनाकार और समन्वयक अयोध्या के कलाविद् यतीन्द्र मिश्र हैं। इस कार्य में उनका सहयोग संगीत नाटक अकादमी कर रहा है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सभी संतों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से बड़ी संख्या में लोग महाकुंभ में गए हैं। उन्होंने आग्रह किया कि तीन दिन के कार्यक्रम में एक दिन लोग अयोध्या पहुंच कार्यक्रम में शामिल हों।

**कार्यक्रम के तीन दिन**

पहला दिनः 11 जनवरी को ता मंगेशकर की बहन व प्रख्यात गायिका ऊषा मंगेशकर और मयूरेश पई भगवान के सम्मुख भजन से राग-सेवा का आरम्भ करेंगी। इसके बाद साहित्य नाहर सितार व सन्तोष नाहर वॉयलिन की जुगलबन्दी से भक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पहले दिन का समापन डॉ. आनन्दा शंकर जयन्त द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से होगा।

दूसरा दिनः 12 जनवरी को महोत्सव की शुरूआत राग सेवा प्रसिद्ध लोकगायिका शैलेश श्रीवास्तव के बधावा, सोहर गायन से होगी। इसके बाद प्रख्यात शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली श्रीराम भजन व निर्गुण गायन से राग-सेवा प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम का समापन विश्वविख्यात बांसुरी वादक राकेश चैरसिया के बांसुरी वादन से होगी।

तीसरा दिनः तीसरे व अन्तिम दिन 13 जनवरी को राग-सेवा का आरम्भ आरती अंकलिकर के शास्त्रीय गायन से होगा, जिसके बाद प्रख्यात कथक नृत्यांगना शोभना नारायण की कथक प्रस्तुति होगी। अन्त में दक्षिण के गायक श्रीकृष्ण मोहन एवं श्रीराम मोहन त्रिचूर ब्रदर्स के शास्त्रीय गायन व श्रीराम भजन से कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

# प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरा होने पर जरूरतमंदों को वितरित किया कम्बल

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** हरिनारायण चैरिटेबल सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन रामनगरी स्थित तुलसी उद्यान पार्क में किया गया। जरुरतमंदों को कार्यक्रम के दौरान करीब पांच हजार कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त गौरव दयाल रहे। कार्यक्रम को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय व महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, स्वामी हरिनारायनाचार्य, रामबल्लभाकुंज के अधिकारी महंत राजकुमार दास रंगमहल के पीठाधीश्वर महंत रामशरण दास जी महाराज, भैरवनाथ जी महाराज ने सम्बोधित किया। तुलसी उद्यान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, मण्डलायुक्त गौरवदयाल के साथ हरिनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े लोगो ने जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष की अवधि पूरा होने पर जरुरतमंदो को कम्बल वितरित किया गया। स्वामी हरिनारायणाचार्य के नेतृत्व में इस कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें उनके ट्रस्ट के द्वारा कम्बल का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि अयोध्या वैष्णव परम्परा को मानने वालों की नगरी है। यहां दूसरे के दुख व दर्द को समझने वाले लोग है। सर्वे भविन्त सुखिनः के विचार को आत्मसात करते हुए अयोध्या में इस तरह के आयोजन होते रहते है। गरीबों की सेवा करने से आत्मीय संतोष भी होता है। जरुरतमंद की सेवा करना सबसे बड़ा परोपकार का कार्य है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना का अनुसरण करते हुए सरकार कार्य कर रही है। हर पात्र को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलन व्यवस्था पंडित हिमांशु पुजारी, मंच संचालन शिवम मिश्रा व ट्रस्ट उपाध्यक्ष शाश्वतदास ने किया। मौके पर शांतनु कुकड़, आचार्य देव, विजय गौतम, रमेश राना, पार्षद अनुज दासए पार्षद बिजेंद्र सिंह, पार्षद धर्मेंद्र मिश्रा, पार्षद सौरभ सूर्यवंशी, रमाशंकर निषाद, पार्षद सूर्या तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडेय, पार्षद शिव कुमार उपस्थित रहे।

# गांव में बस भेज दीजिये महाकुम्भ जाना है...

**अयोध्या।** प्रयागराज महाकुम्भ 2025 को लेकर अयोध्या का परिवहन निगम इस बार बड़ी व्यवस्थाएं कर रहा है। अबकी बार महाकुम्भ में जाने के लिए गांव-गांव से भी यात्री लिए जाएंगे। इसके लिए गांव के प्रधान या अन्य जनप्रतिनिधि को रोडवेज में आकर एआरएम को बताना होगा। इसके बाद किसी भी गांव से बस के जरिये प्रयागराज आया और जाया जा सकेगा। इसके अलावा पहली बार वीएलटी सिस्टम लागू किया जा रहा है। इसके तहत 265 बसों को इंटीग्रेट किया जा रहा है। अब कोई भी यात्री ऐप के माध्यम से बसों की मौजूदा स्थिति को एक क्लिक पर जान सकेगा।

प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया है कि किसी भी श्रद्धालु को तकलीफ नहीं होनी चाहिए, क्योंकि अयोध्या के कई श्रद्धालु महाकुम्भ में जाएंगे और वहां से भी बड़ी संख्या में बाहरी श्रद्धालु अयोध्या आएंगे। इसे देखते हुए परिवहन निगम ने मास्टर प्लान तैयार किया है। अयोध्या रोडवेज के आरएम विमल राजन ने बताया कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परिवहन निगम अयोध्या परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि महाकुम्भ व अयोध्या के दो प्रांतीय मेले को लेकर बाहर से 175 बसें मंगाई गई हैं। जनपद की भी 35 बस लगाई गई हैं। इसके अलावा देवीपाटन मंडल की 200 से भी अधिक बसें अयोध्या होकर प्रयागराज आएंगी व जाएंगी। महाकुम्भ के लिए 12 जनवरी से बसों का संचालन शुरू हो जाएगा।

महाकुम्भ को देखते हुए बसों का संचालन लगातार किया जाएगा।

# डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की वार्षिक निकाय बैठक संपन्न




**बहराइच।** डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड बहराइच की 53वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक कृषि विज्ञान केन्द (प्रथम) बहराइच के सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार

- सांसद निधि के 50 लाख रुपए से बैंक के जर्जर भवन की होगी मरम्मत

गोंड, सभापति डॉ. जितेन्द कुमार त्रिपाठी, उप सभापति पवन कुमार सिंह एवं समस्त संचालक गण, सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेश कुमार मिश्र, बैंक प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वार्षिक सामान्य निकाय बैठक का संचालन करते हुए बैंक के सभापति डॉ. त्रिपाठी एवं सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री मिश्र ने बैंक के द्वारा किए जा रहे व्यवसाय से अवगत कराते हुए बताया गया कि बैंक 03 प्रतिशत ब्याज दर पर समिति के सदस्यों को रू. 03 लाख तक का ऋण उपलब्ध करा रहा है। जनपद बहराइच व श्रावस्ती के सभी किसानों को निर्बाध खाद व बीज आपूर्ति के लिये बैंक द्वारा 154 समितियों को रू. 10-10 लाख की कैश कैरी ऋण सीमा स्वीकृति की गयी है। बैंक लगातार 2017 से लाभ में है।

सभापति डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि बैंक निकट भविष्य में अपने ग्राहकों को एटीएम, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अपने ग्राहकों को अधिकाधिक वित्तीय उत्पाद उपलब्ध कराने के क्रम में बैंक द्वारा हाउसिंग ऋण, वाहन ऋण, व्यापारी ऋण सीमा स्वीकृत करेगा। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि बैंक द्वारा भारत सरकार के सहयोग से सभी बी-पैक्सों का कम्प्यूट्राइजेशन कराया जा रहा है। मा. सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा देश में 2.00 लाख डेरी मत्स्य व एम पैक्स बनाने के प्रस्ताव के क्रम में जनपद में पैक्स मत्स्य एवं डेरी समितियों का गठन किया जायेगा। जिससे जनपद के कृषक लाभान्वित होंगे। डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड बहराइच की 53वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोड ने भारत सरकार के सहकार से समृद्धि कार्यक्रम अन्तर्गत समितियों के डिजीटलीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की इस पहल से देश के प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी, मत्स्य व पैक्स का गठन करने से अन्नदाताओं का विकास होगा। सांसद डॉ. गोंड द्वारा बैंक के जर्जर भवन के मरम्मत हेतु सांसद निधि से रू. 50 लाख की धनराशि देने की घोषणा का मौजूद अतिथियों द्वारा तालियां बजाकर स्वागत किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री मिश्र ने बैंक द्वारा किए गये व्यवसाय एवं प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए बैठक हेतु विचारणीय विषय/एजेण्डा को बार्षिक निकाय की बैठक में प्रस्तुत किया जिसका सर्वसम्मति से बैंक प्रतिनिधियों द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक के कुमार तिवारी द्वारा समस्त अतिथिगण को आयोजन के सफल क्रियावन्यवन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# डीएम के आदेश के बाद भी तहसील प्रशासन नहीं दिला सका वृद्ध को खाते की जमीन



**सोहावल-अयोध्या।** तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के समक्ष पेश होकर वृद्ध ने अपने हिस्से की जमीन पाने के लिये फरियाद की। तहसील राजस्व कर्मियों की मनमानी के कारण डीएम का आदेश महज एक कागजी आदेश बनकर रह जाने का मामला प्रकाश में आया है। सुरवारी निवासी 75 वर्षीय वृद्ध लल्लू पुत्र स्व. बाबू लाल की जमीन पर दबंग जबरिया कब्जा कर लेने से लगभग एक वर्ष से तहसील और थाना रौनाही पर शिकायत कर न्याय पाने की गुहार लगाता रहा। सुनवाई के नाम पर महज कागजी खानापूर्ति होती रही। महज एक बीघा से भी कम जमीन न मिल सकी।

अवस्था जर्जर होने के बावजूद हिम्मत न हारने वाले वृद्ध ने जिलाधिकारी चद्र विजय सिंह से की। तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों से मामले के निस्तारण के लिये निर्देश दिया गया। पुलिस बल के साथ टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर पैमाइश के साथ आख्या पेश करने का निर्देश दिया। एस डी एम सोहावल अशोक कुमार सैनी ने राजस्व निरीक्षक अरूण तिवारी, उदयराज और दो लेखपाल को पुलिस बल के साथ पैमाइश कर अवैध कब्जा हटवाने और पीड़ित को कब्जा देने का फरमान सुनाया।

पीड़ित का आरोप है कि राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व की टीम पैमाइश कर जमीन गाटा संख्या 1014क की 0.099 हेक्टेयर पर राम नरेश पुत्र राम बदल द्वारा जबरिया कब्जा करने की पुष्टि भी की। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी निर्देशित आख्या पेश नहीं की जा सकी। तहसील प्रशासन की ढुलमुल रवैया होने से जमीन मिलने की बात दीगर विपक्षी के हौसले बुलंद होने से जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। जिससे वृद्ध दर-दर भटकने को मजबूर है।

# साथी समागम समारोह में सपा कार्यकर्ताओं का लगा जमावड़ा




**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आज साथी समागम समारोह के माध्यम से कार्यकताओं के साथ संवाद किया। शहर के एक होटल में आयोजित साथी समागम समारोह में आज बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद उदय प्रताप सिंह

- आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयार होने का किया आह्वान

ने कार्यकताओं के साथ बैठकर उन्हें नए साल की बधाई दी और आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयार हो जाने का आह्वान भी किया। श्री सिंह ने इस कार्यक्रम में सपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को घर-घर जाकर लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों और रीतियों से अवगत कराना होगा, इससे समाज का हर वर्ग समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारें न सिर्फ समाज में जहर घोल रही हैं बल्कि लोगों के विकास को भी इन दोनों सरकारों ने रोक रखा है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की जब प्रदेश में सरकार थी तो समाज के हर वर्ग में खुशहाली थी और हर वर्ग आगे बढ़ रहा था लेकिन भारतीय जनता पार्टी के केंद्र और प्रदेश सरकारों ने समाज के हर वर्ग को प्रताड़ित कर रखा है। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम पर है और नौजवानों को काम नहीं मिल रहा है, किसान परेशान है तो महिलाओं के लिए भी ऐसी कोई योजना नहीं लाई जा रही है जिससे वे समाज में बराबरी का दर्जा पा सके श्री पांडे ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं क्योंकि 2027 के विधानसभा चुनाव में इस बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है कार्यक्रम महानगर कमेटी और अयोध्या विधानसभा का संयुक्त रूप से रहा है कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया स्वागत के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी पूर्व एमएससी लीलावती कुशवाहा रही। जिला प्रवक्ता चैधरी बलराम यादव ने बताया कि नए वर्ष पर कार्यकताओं के साथ बैठकर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य उदय प्रताप सिंह पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य उदय प्रताप सिंह एवं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कार्यकताओं के साथ भोजन कर उन्हें उपहार भी दिया। इस अवसर पर अयोध्या विधानसभा महासचिव गोपीनाथ वर्मा,,महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव,हलीम पप्पू जगन्नाथ यादव, शहबाज लकी, अपर्णा जयसवाल, शावेज जाफरी,औरौनी पासवान, विद्या भूषण पासी,विशाल पाल, औरंगजेब पार्षद,राम भवन यादव,राम अंजोरप्रदीप यादव,फरीद कुरैशी, कमलेश सोलंकी, विजय कुमार यादव, राकेश कुमार, मनदीप सिंह, शिवदयाल, कृष्ण प्रताप सिंह, योगेंद्र प्रताप यादव योगी।

## तीन गोतस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या। बाबा बाजार थाना पुलिस की हिरासत से भाग रहे एक गो तस्कर ने सिपाही की पिस्टल छीनकर पुलिस पर फायर करना चाहा, जवाब में की गई फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हिरासत में लिया गया है। मामले में कुल तीन गो तस्कर गिरफ्तार हुए हैं, उनके पास से मिले कंटेनर में 27 गोवंश भी मिले हैं। थाना बाबा बाजार पुलिस ने कंटेनर में गोवंश की तस्करी कर ले जाने की सूचना पर शनिवार-रविवार की रात रुदौली मार्ग पर बनमऊ गांव के पास नाकेबंदी की थी। रात करीब 2:45 बजे रुदौली की ओर से एक कंटेनर आता दिखा, उसे रोककर जब तलाशी ली गई तो उसमें सकुशल 27 गोवंश मिले। पुलिस ने वाहन में सवार सुलेमान (40) निवासी नरपत नगर थाना स्वार जनपद रामपुर, तौसीम (24) थाना भवन जनपद शामली व मोहसिन अहमद निवासी मोहल्ला अगलगा थाना स्वार जिला रामपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पीटीसी फाउंडेशन ने बनवाया शौचालय

**अयोध्या।** धार्मिक नगरी अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑगेनाईजेशन के द्वारा शौचालय की व्यवस्था की जा रही है, जो कि एक बहुत ही सराहनीय पहल है। इसी क्रम में अयोध्या में धर्मपथ रोड स्थित राम कथा संग्रहालय के सामने एक नया शौचालय बनाया गया है, जिसका उद्घाटन पीटीसी इंडिया लिमिटेड के चैयरमेन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ मनोज कुमार झंवर द्वारा किया गया है। डॉ मनोज कुमार झंवर ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि वे पीटीसी फाउंडेशन के माध्यम से समाज के लिए कार्य कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता हर व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है और उनका प्रयास है कि समाज के हर हिस्से में स्वच्छता को बढ़ावा दिया जा सके। सुलभ इंटरनेशनल सोशल के यूपी स्टेट कंट्रोलर फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि इस शौचालय का निर्माण पीटीसी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया है और इसकी सारी व्यवस्था सुलभ इंटरनेशनल द्वारा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को देखते हुए धर्मपथ पर 4 शौचालयों का निर्माण करवाया गया है, जो कि भारत सरकार की अलग-अलग एजेंसियों द्वारा कराया गया है। उन्होंने सुलभ इंटरनेशनल के प्रवीण सिंह, असिस्टेंट कंट्रोलर और उनकी टीम को अच्छे कार्यों की सराहना करके बधाई एवं शुभकामना दी। इस उद्घाटन के अवसर पर सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आग्रेनिजेशन के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की।

# आलू को रोग से बचाने के लिए टेबुकोनाजोल का छिड़काव करें किसान



मिल्कीपुर-अयोध्या। आलू के परीक्षण के लिए केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग केंद्र पर पहुंची। टीम ने किसानों को आलू को रोग से बचाने के लिए टेबुकोनाजोल दवा का छिड़काव करने की सलाह दिया। डॉक्टर अश्वनी कुमार शर्मा प्रधान वैज्ञानिक केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला, डॉक्टर डी एल यादव और परियोजना के मुख्य अन्वेषक व विभागाध्यक्ष डॉक्टर सी.एन राम की संयुक्त टीम ने केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने फसल उत्पादन, फसल सुधार एवं फसल सुरक्षा से संबंधित परीक्षण का अध्ययन किया। फसल सुधार में वैज्ञानिकों ने कुछ प्रजातियों को अगेती के लिए चिन्हित किया। वहीं दूसरी तरफ टीम ने फसल सुरक्षा में झुलसा एवं फोमा रोग का बारीकी से निरीक्षण किया और रोगों के प्रबंधन के विषय में कई जानकारियां दीं। भ्रमण के दौरान टीम के सदस्यों ने संस्तुत किया कि एजोक्सीस्त्राबीन पल्स टेबुकोनाजोल 1 एम.एल प्रति लीटर पानी के दर से छिड़काव करें। किसानों को रोग प्रबंधन में मददगार साबित होगा। टीम के सभी सदस्यों ने केंद्र पर लगे परीक्षण की सराहना की। इस मौके पर परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा. सीएनराम ने अपने समस्त स्टाफ के साथ वैज्ञानिकों की टीम को निरीक्षण कराया। भ्रमण के दौरान टीम के साथ डा. प्रदीप दलाल, डा. आस्तिक झा, डा. आशीष कुमार सिंह, डा. मनोज कुमार, डा. संजीव कुमार सिंह, डा. अनिल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। धार्मिक नगरी अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑगेनाईजेशन के द्वारा शौचालय की व्यवस्था की जा रही है, जो कि एक बहुत ही सराहनीय पहल है। इसी क्रम में अयोध्या में धर्मपथ रोड स्थित राम कथा संग्रहालय के सामने एक नया शौचालय बनाया गया है, जिसका उद्घाटन पीटीसी इंडिया लिमिटेड के चैयरमेन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ मनोज कुमार झंवर द्वारा किया गया है। डॉ मनोज कुमार झंवर ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि वे पीटीसी फाउंडेशन के माध्यम से समाज के लिए कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हर व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है और उनका प्रयास है कि समाज के हर हिस्से में स्वच्छता को बढ़ावा दिया जा सके। सुलभ इंटरनेशनल सोशल के यूपी स्टेट कंट्रोलर फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि इस शौचालय का निर्माण पीटीसी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया है और इसकी सारी व्यवस्था सुलभ इंटरनेशनल द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को देखते हुए धर्मपथ पर 4 शौचालयों का निर्माण करवाया गया है, जो कि भारत सरकार की अलग-अलग एजेंसियों द्वारा कराया गया है। उन्होंने सुलभ इंटरनेशनल के प्रवीण सिंह, असिस्टेंट कंट्रोलर और उनकी टीम को अच्छे कार्यों की सराहना करके बधाई एवं शुभकामना दी। इस उद्घाटन के अवसर पर सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आग्रेनिजेशन के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की।

## गन्ना लदे ट्रैक्टर में भिड़ी कार तीन हुए चोटहिल

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना अंतर्गत हाइवे 27 पर अरकुना के निकट विपरीत दिशा में जा रहे गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से एक आई 20 कार संख्या जे के 02 सी जे 6343 की सामने से भिड़ंत हो गई। कार सवार तीन लोग चोटिल हुए जब कि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। रविवार की शाम सामने आई इस सड़क दुर्घटना में दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हुए लेकिन यात्री बाल बाल बच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि कार सवार मथुरा से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे इनमें एक चालक युवक के साथ इसकी पत्नी हनी एक करीब दो वर्षीय बच्चा शामिल है। सभी सुरक्षित हैं। मामूली चोट आई है। प्राथमिक चिकित्सा करायी जा रही है।

## फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के कलाफरपुर गांव निवासी अनिल पांडेय की 16वर्षीय बेटी हिमांशी की जीने के नीचे बने बयाले से दुपट्टा के फंदे से लटकता शव मिला।

# हिन्दू महासभा ने निकाली हिन्दू राष्ट्र निर्माण से राम राज्य स्थापना संकल्प छतरी यात्रा



**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आत्मा राम तिवारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री राकेश दत्त मिश्र और तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू के नेतृत्व में आज श्री रामायणम होटल से हनुमानगढ़ी तक हिन्दू राष्ट्र से राम राज्य स्थापना संकल्प छतरी यात्रा निकाली गई। इस मौके पर हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा तमिलनाडु से प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू के नेतृत्व में आई 11 वीं छतरी यात्रा का अयोध्या में अभिनंदन है। उन्होंने हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पिछली दस छतरी यात्रा स्वामी त्रिदंडी महाराज के मार्गदर्शन में निकाली गई और श्रीराम जन्मभूमि पर 22 जनवरी को गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद इस बार से छतरी यात्रा को हिन्दू राष्ट्र एवं राम राज्य स्थापना का लक्ष्य निर्धारित कर निकाली है। यह छतरी यात्रा हिन्दू राष्ट्र निर्माण होने तक जारी रहेगी। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री राकेश दत्त मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आत्माराम तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि तमिलनाडु हिन्दू महासभा धर्म रक्षा और राष्ट्र निर्माण में गत अनेक वर्षो से ऐसी धार्मिक यात्राओं का आयोजन कर हिन्दू समाज को धर्म रक्षा, राष्ट्र रक्षा और गौरक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा ने सभा के माध्यम से कार्यकताओं से शस्त्र और शास्त्र अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने अपने संबोधन में तमिलनाडु, दिल्ली, राजस्थान, केरल, उत्तर प्रदेश एवं विभिन्न राज्यों से आए कार्यकताओं का छतरी यात्रा को सफल बनाने के लिए अभिनंदन करते हुए कहा कि हिन्दू महासभा के प्रयासों से श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण हो चुका है और अब हिन्दू राष्ट्र निर्माण की बारी है।

सभा को हिन्दू महासभा के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष रमेश बाबू, वरिष्ठ नेता मुनिया स्वामी, केरल अध्यक्ष राजेश के, हिन्दू महिला सभा महामंत्री आरती यादव,हिन्दू महिला सभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष उर्मिला कटियार, अयोध्या जिला अध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी, महामंत्री भानु प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल निषाद, जिला मंत्री मुकेश निषाद रेड्डी, जिला महामंत्री रेनू सिंह सहित अनेक पदाधिकारियों ने संबोधित किया। छतरी यात्रा के मार्ग में कार्यकर्ता एक ही नारा एक ही नाम - जय श्री राम जय श्री राम और जयकारा वीर बजरंगी हर हर महादेव ह्र के नारे लगा रहे थे।

संक्षेप

## चोरी की नीयत से घर में घुसे युवक को परिजनों ने दौड़ाया

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे काली मजरे बन्नामऊ गांव में चोरी की नीयत से घर में घुसे युवक के अरमानों में उस समय पानी फिर गया जब खटपट की आवाज सुनकर परिजनों ने उसे दौड़ा लिया। पीडित.ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पूरे काली गांव निवासी महेंद्र ने पुलिस को दिये गये षिकायती पत्र में बताया कि बीती रात लगभग एक बजे उसके घर में कुछ आवाजे आ रही थी जिसके चलते उसकी नींद खुल गई। जब उसने खोजबीन षुरू की तो वहां मौजूद एक युवक भागने लगा जिसका काफी दूर तक पीछा भी किया गया। लेकिन कोहरे व अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग निकला। इसी दौरान उसकी साईकिल व चप्पल छूट गये जिसे परिजनो ने अपने कब्जे में ले लिया। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है जांच कराई जा रही है।

## वृद्ध को मारपीट कर किया घायल

लालगंज रायबरेली । कोतवाली लालगंज क्षेत्र के पूरे जालिम सिंह मजरे धनाभाद निवासी श्रीपाल यादव पुत्र नंदन यादव ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। श्रीपाल यादव राजस्व विभाग से सेवा निवृत है । उन्होंने बताया कि वे अपने नव निर्मित मकान पर निगरानी कर रहे था तभी अचानक से तेज बहादुर पुत्र राम खेलावन आया और प्रार्थी को गन्दी गन्दी गाली देकर धमकाने लगा जिस पर प्रार्थी के मना करने पर उसे लात घूसो से मारने लगा । मारपीट के दौरान प्रार्थी के नाक से खून आ गया। प्रार्थी असहाय होकर गिर पडा। शोर गुल सुन कर पास मौजूद बृजलाल, कल्लू , मलखान व अन्य लोग आकर प्रार्थी को बचाने लगे जिस पर वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## कोटेदार ने कबीरपंथी संत को पीटा

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पूरे गरड़ियन मजरे मदूदपुर गांव के दिनेश पाल और उसके साथी राजू पाल ने कबीरपंथी संत श्रीराम दास को मारपीट कर घायल कर दिया है। कबीरपंथी संत ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कोटेदार उसका आधार कार्ड मांग कर ले गया था और कहा कि कंबल देना है लेकिन जब उसे कंबल नहीं मिला तो उसने आधार कार्ड वापस करने को कहा जिस पर कहा सुनी हो गई और प्रतिपक्षी गणों ने उसे जमकर मारा पीटा। कबीरपंथी संत ने पुलिस को बताया कि राजू और दिनेश दोनों सरहंग व्यक्ति हैं। दोनों ने उसे धमकाया है कि अगर कहीं शिकायत करोगे तो तुम्हारे ऊपर गाड़ी चढ़ा देंगे। मामले में पुलिस ने रिपोर्टदर्ज कर ली है।

## स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमेठी । जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत रविवार को उ0नि0 विष्णुपाल वर्मा थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र स्व0 रामसजीवन निवासी ग्राम बदलू पाण्डेय का पुरवा मजरे ऊंचगांव थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष को ग्राम ऊंचगांव के पास से समय करीब 12.10 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया ।

# तहसीलदार ने गौशाला, अलाव व रैन बसेरों का किया निरीक्षण



लालगंज रायबरेली। तहसील लालगंज के अन्तर्गत ठण्ड एवं शीतलहरी के बढते प्रकोप के मद्देनजर जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी लालगंज के द्वारा दिये गये निदेर्शों के कम में रविवार को तहसील लालगंज स्थित रैन बसेरों (नगर पंचायत लालगंज व गेंगासों) व ग्राम सेमरपहा स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण तहसीलदार शंभू शरण पांडे के द्वारा किया गया। तहसीलदार शंभू शरण पांडे के द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी स्थलों पर ठण्ड से बचाव के लिए अलाव व रैन बसेरा में साफ-सफाई एवं स्वच्छ बिस्तरों की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। तहसीलदार ने बताया कि रैन बसेरा में निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रखे जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। सेमरपहा अस्थाई गौशाला निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित को गौवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए तिरपाल व अधिक स्थानों पर अलाव जलाने हेतु निर्देशित किया गया। शासन द्वारा चिन्हित अलाव प्वाइन्ट का निरीक्षण किया गया। लालगंज तहसील क्षेत्र में कई स्थानों पर तहसील प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है ।बेहटा चैराहा, तहसील परिसर, दोसडका चैराहा, गेंगासों कासिंग व गेंगासों मुस्तकिल का निरीक्षण किया गया। मौके पर अलाव जलते हुए पाये गये। गरीब, असहाय, बीमार व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया गया।

### तहसीलदार सदर ने वृहद गौशाला बेलाखारा का किया निरीक्षण

रायबरेली। तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी द्वारा वृहद गौशाला बेलाखारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में चारे इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था थी, इसके साथ ही पशुओं को शीतलहर से बचाव हेतु मौके पर टीन शेड, तिरपाल तथा अलाव जलाने की व्यवस्था पायी गयी। उन्होंने भविष्य में शीतलहर से बचाव हेतु सुचारु रूप से व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया। इसके साथ ही पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि नियमितरूप से गोवंशों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर, देखभाल सुनिश्चित कराए। इस मौके पर पशुचिकित्साधिकारी प्रशान्त, ग्राम प्रधान राजेश सोनी, ग्राम पंचायत अधिकारी सर्वेश मिश्रा, लेखपाल पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पैसे और इलाज का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले दो पर मामला दर्ज

- **पीड़ित ने लगाया आरोप, लालच देकर ईसाई मिशनरियों ने कराया धर्म परिवर्तन**
- **आत्मग्लानि होने पर सनातन धर्म में की वापसी**

रायबरेली। पैसे व इलाज का लालच देकर ईसाई मिशनरियों ने एक परिवार को धर्म परिवर्तन कर दिया। इसके बाद पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मिजोरम के रहने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र अजमत उल्ला गंज गाँव का है। यहाँ पर रहने वाले नन्हू सिंह पुत्र यदुनाथ सिंह निवासी अजमत उल्ला गंज ने पुलिस थाने में तहरीर दी। तहरीर में बताया गया कि लगभग एक वर्ष पूर्व ईसाई मिशनरी से यह लोग आकर उन्हें रुपए देने का लालच देकर मुझको ईसाई धर्म में मिला लिया और मैं इनकी लालच भरी बातों में फंसता चला गया और गांव के आसपास के लोगों को भी जोड़ा। धीरे-धीरे दबाव इनका इतना बढ़ गया कि मैं परेशान होने लगा इनका कहना था कि जितना ज्यादा लोगों को जोड़ोगे तुमको उतना ही रुपया मिलेगा। मुझे बाइबल की किताब हाथ में रखकर लाल रंग का तरल पदार्थ पीने का दबाव बनाते हैं। जिससे शुद्ध होकर मुझे आत्मग्लानि हुई। जिसके कारण मैं अपने मूल संस्कृति सनातन धर्म में वापसी कर रहा हूं। पीडित ने ईसाई मिशनरी से जुड़े लालजी जेदांग पुत्र लाल मुकीम निवासी एचके 148 के सैंक्शन, आइजोल म्युनिसिपल कात्सिला मिजोरम और वनलाल हुमा पुत्र भाऊमलियाना गोसाई गंज लखनऊ ने दोनों के खिलाफ कठोर से कठोर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करने की तहरीर दी है। हरचन्दपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को जेल भेज दिया गया है ।

## सोमवार को मनाया जायेगा गुरु पर्व

अमेठी। सिक्ख धर्म के दसवें पातशाह गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती पर लंगर स्थल चाणक्यपुरी में सोमवार को गुरु साहब के सहज पाठ के बाद अरदास, विचार गोष्ठी और लंगर का आयोजन किया गया है ।आयोजक बाबा मनोहर सिंह जी ने सभी नागरिकों से गुरू पर्व में शामिल होने की अपील की है।

# जय पंडित बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता आगाज बाबूगंज ने देवरी दंबग को 28 रनों से हराया



नसीराबाद,रायबरेली। बाबा परमान तिवारी मेला में आयोजित होने वाली तीसरे वर्ष की अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा विधायक प्रतिनिधि बब्बन यादव ने फीता काट कर किया। शिवपती देवी शिवदर्शन पांडेय सेवा समिति के संस्थापक अखिलेश आर पांडेय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के पहले दिन के पहले मैच में कैप्टन प्रिंसू सिंह के नेतृत्व में देवरी दबंग की टीम ने फील्डिंग का निर्णय लिया ।12 ओवर के सीमित गेम में कप्तान रुद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बाबूगंज क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट पर 100 रन बनाए। अपनी टीम के लिए लकी ने 4 चैके और 3 छक्के की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम देवरी दबंग 78 रन पर ऑल आउट हो गई और 28 रन से हार गई ।मैन ऑफ द मैच 500 रूपए का नकद पुरस्कार बाबू गंज के खिलाड़ी लकी को दिया गया। प्रतियोगिता मे विजई टीम को 35 हजार नगद व शील्ड और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15 हजार नगद दिए जाते हैं प्रतियोगिता पर मुख्य अतिथि शिवपति शिव दर्शन पांडेय समाज सेवा समिति के संस्थापक अखिलेश आर पाण्डेय द्वारा खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया जाता है । कमेंट्री राजेश कुमार सिंह और अनुराग सिंह तथा निर्णायक राहुल सिंह और दुर्गेश द्विवेदी ने भूमिका निभाई। व्यवस्थापक भूपेंद्र सिंह के प्रबंधन में आज का खेल सुचारु रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से तेजभान सिंह, आदित्य नारायण पांडेय, अशोक द्विवेदी, दिवाकर सिंह, भीम कुमार मौर्य, बाबुल सिंह, संत शरण द्विवेदी धर्मराज यादव, सहित हजारों दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर , एक की मौत

अमेठी। अमेठी जिले के कोतवाली क्षेत्र के गुंगवाछ गांव के पास तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक नाबालिग गंभीर रुप घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल रेफर किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।मौके पर युवक की मौत हो गई।

मामला अमेठी जिले के कोतवाली क्षेत्र के गुंगवाछ गांव के पास का है। जहां, शत्रोहन और आशीष बाइक में सवार होकर टीकरमाफी से घर लौट रहे थे। तभी मालती नदी के पास एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शत्रोहन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आशीष को गंभीर चोटें आईं। घायल आशीष को स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। शत्रोहन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। उसकी छह बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जूझते रहे जलकल कर्मी नहीं ठीक हुई पाइपलाइन

- **बिजली विभाग के ठेकेदारों की करतूत से दरियापुर के सैकड़ों परिवारो में पेयजल संकट**

सुलतानपुर (वीओएल)। नगर के दरियापुर इलाके के सैकड़ों परिवार बीते 24 घंटे से पेयजल के लिए जूझते



रहे पालिका के जलकल विभाग के कर्मचारी दिनभर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक करने के लिए हैरान रहे। वहीं एक टैंकर पानी भेजकर नगर पालिका अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह करता नजर आया। निचला इलाका होने के कारण देर शाम तक पाइपलाइन को दुरुस्त नहीं किया जा सका।

बताते चलें दरियापुर में जर्जर खंबे व तार बदलने के दौरान बिजली विभाग के ठेकेदारों की लापरवाही से पालिका की पाइप लाइन छतिग्रस्त हो गयी और हजारों लीटर पानी नाली में बहने लगा। नि सभासद राजदेव शुक्ल ने जिला प्रशासन से शिकायत की तो नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। रविवार को दिनभर वे पाइप लाइन ठीक करने के लिए जूझते रहे पर निचला इलाका होने के कारण पानी की सप्लाई बंद नहीं हुई। देर शाम तक क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक नहीं किया जा सका। वहीं सैकड़ों परिवारों में पेयजल का संकट छा गया है। नगर पालिका प्रशासन ने एक टैंकर पानी भेज कर अपनी जिम्मेदारियां की इति श्री कर ली। देरशाम तक इलाके में पानी के लिए हाहाकार मचा रहा जल्द पाइपलाइन ठीक ना होने पर मोहल्ले वासियों ने आंदोलन की चेतावनी जारी की है।

# प्रकाश पर्व पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा



- **शोभा यात्रा गुरु ग्रंथ साहिब जी की शाही सवारी, पांच प्यारों की अगुवाई में निकाली गई**

रायबरेली। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 358वे पावन प्रकाश पर्व पर भव्य शोभा यात्रा गुरु ग्रंथ साहिब जी की शाही सवारी, पांच प्यारों की अगुवाई में निकाली गई ।जिसमें सबसे आगे निशान साहब के साथ लिए गुरुगोबिंद सिंह जी के जैकारे,ढोल नगाड़े के साथ लगाते युवा चल रहे थे। गुरुनानक जूनियर हाई स्कूल के बच्चे,वारसी बैंड, पंजाब से आया प्रसिद्ध बैंड व प्रसिद्ध वीर खालसा गतका पार्टी आदि सुशोभित थे। पालकी साहेब को विशेष फूलों,बिजली की सजावट से सजाया गया था। सिख समाज के पुरुष महिलाए बच्चे सारे रूट की सफाई धुलाई करते चल रहे थे। एक तरफ महिलाएं बच्चे व पुरुष शबद गायन भी करते चल रहे थे, शोभा यात्रा में छोटे छोटे बच्चे विशेष पारंपरिक ड्रेस पहने शबद पढ़ते शोभा बड़ा रहे थे। शोभायात्रा गुरु नानक नगर गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, मंसा देवी मंदिर, घंटाघर, कोतवाली रोड, कचहरी से होते हुए हॉस्पिटल चैराहा, हाथी पार्क से खालसा चैक, गुरु तेग बहादुर मार्केट में लगभग एक घंटे बच्चों का विशेष प्रोग्राम हुआ व इस बार पहली बार गतका पार्टी का स्टेज प्रोग्राम हुआ संगत गतका पार्टी के युद्धकला को देखकर दांतों तले उंगली दबा ली,उपरांत घंटा घर चैराहा होते हुए वापस गुरुगोबिन्द सिंह मार्ग से गुरूद्वारा साहिब पहुंची। सारे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा व पांच प्यारों का जगह-जगह माल्यार्पण व स्वागत संगत ने व कई संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा किया गया एवं प्रसाद वितरण भी किया। गुरुद्वारा साहब पहुंचकर लंगर का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों के साथ साथ युवा वर्ग का योगदान विशेष तौर पर रहा इसमें प्रमुख रूप से ज्ञानी जगरूप सिंह, सुरेंद्र सिंह मोंगा, त्रिलोचन सिंह नरूला, सावन मखीजा, कबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक ने किया गौ हत्या रोक की मांग का समर्थन



अमेठी। गो हत्या बंद होने सनातन धर्म की रक्षा को लेकर शंकराचार्य द्वारा अनवरत मुहिम चलाया जा रहा है। उसी के तहत रविवार को मटियारी भवन में भाजपा नेता व पूर्व विधायक ने अपना समर्थन पत्र सौंपा है। पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने कहा कि हमारे वेद गावो विश्वस्य मातरः कहकर गाय को माता मानने का उपदेश करते हैं और इससे भी आगे बढकर पशवो न गावः कहकर गाय को पशु न मानने का भी स्पष्ट आदेश करते हैं। भारतीय संस्कृति में गोमाता का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। वेदों पुराणों में इनकी अपार महिमा गायी गई है। यह हम सभी के लिए सर्वाधिक पूज्या होने के बाद भी यह विडम्बना ही है कि भारत में अब भी गोहत्या हो रही है। हमें प्रसन्नता है कि भारत की पवित्र भूमि से गोहत्या का कलंक मिटाने और गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के लिए ज्योतिर्मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज ने सशक्त अभियान चलाया है। इस अवसर पर अमेठी के गो-सांसद राकेश तिवारी ने गो हत्या का कलंक मिटाने के उद्देश्य से पञ्चदिवसीय गोसंसद् में पारित प्रस्ताव एवं बिल की प्रति भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता एवं पूर्व विधायक, प्रदेश परिषदीय सदस्य चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी को भेंट किया। पूर्व विधायक ने कहा कि हम भी चाहते हैं कि गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान मिले। वेदों ने जब गाय को विश्वमाता कहा है तो यह राष्ट्रमाता क्यों नहीं हो सकती ? अतः हम आज यह घोषणा करते हैं कि आज से हमारे विधानसभा गौरीगंज की माता, गोमाता होंगी, और हमारे विधानसभा क्षेत्र में गोहत्या नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष काली बाक्स सिंह, सभासद राजेश तिवारी, व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, शंकराचार्य जी के शिष्य कंचन सिंह पत्रकार, राजेश अग्रहरि,विद्यमान तिवारी, बासुदेव तिवारी व कृष्णनंद पांडेय सहित कई ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# मेधावी बच्चों को सीओ ने किया सम्मानित




लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। सम्मानित होना अपने आप में एक गौरव का विषय है, जब सम्मान मिलता है तो मन में रोमांच भर जाता है और सम्मानित होने से उत्साह एवं आत्म बल बढ़ता है। उक्त विचार सम्मान समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीओ अब्दुस सलाम ने व्यक्त किया। लंभुआ क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संगठन अविरल फाउंडेशन के अध्यक्ष भानुकर तिवारी के नेतृत्व में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को एक सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोपालपुर मधैया में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पंडित नागेश्वर बाल विद्या मंदिर के उमंग पांडेय, एस एन कान्वेंट स्कूल के उत्सव पांडेय द्वितीय पुरस्कार, शारदा पब्लिक स्कूल के मयंक द्विवेदी को तृतीय पुरस्कार, एस एन कॉन्वेंट स्कूल के प्रवीण सागर मिश्र को चतुर्थ पुरस्कार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय लंभुआ के आकाश को पंचम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीओ अब्दुस सलाम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सुलतानपुर जनपद के 26 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था और उन विद्यालयों के अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक प्रेमनाथ शुक्ला, कुंभराज जायसवाल, ऋषिकेश मिश्रा, हरकेश यादव, ऋतिक द्विवेदी, राहुल यादव मौजूद रहे।

# सपा पार्टी ने पीडीए के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए की बैठक




लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल) लंभुआ सपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के विधानसभा के नेता, पदाधिकारी एवं सेक्टर प्रभारी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष सतपाल यादव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 27 जनवरी से होने वाले पीडीए कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए हम लोग अभी से प्रयास करना शुरू कर दें। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तय की गई और कहा की सभी सेक्टरों में कार्यक्रम बूथ स्तर तक किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाएं। इस तानाशाही बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस मौके पर हरीश यादव, मुलायम यादव, बंसराज यादव आदि काफी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

## विधायक ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल तो खिल उठे चेहरे



शुकुल, बाजार ,अमेठी। ग्राम सभा इंदरिया में शुक्रवार को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने जरूरतमन्दों को कंबल वितरित किया। कंबल लेने के लिए कई गांवों के काफी संख्या में महिलाये व बुजुर्ग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल गए। विधायक सुरेश पासी ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि चहुंओर विकास कार्य तेजी से कराया जाय। ताकि लोगों को रोजगार के लिए अन्यत्र न जाना पड़े। ब्लाक प्रमुख हारून खान ने कहाँ की गरीब, विधवा, विकलांगों के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरण किए जा रहे हैं ।ग्राम प्रधान भाई लाल ने कहा ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया जा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम में प्रधान राकेश शर्मा, परमजीत, अमर बहादुर, अवधेश मिश्रा, लाल जी सहित ग्राम सभा के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## बसपा प्रमुख मायावती के जन्मदिन को मनाने के लिए हुई बैठक

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के 69वें जन्मदिन को मनाने के लिए रविवार को बसपा के लंभुआ विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद के घर पर बैठक हुई। जिसमें सुलतानपुर शहर स्थित पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार सुलतानपुर में बसपा प्रमुख का जन्मदिन 15 जनवरी को जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाये जाने पर चर्चा की गई। उक्त बैठक सिद्धनाथ गौतम जिला प्रभारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रवि शंकर पाल जिला महासचिव बसपा ने कहा बसपा ही देश की एक मात्र पार्टी है जो सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति और भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना को संघर्षरत है।

# किराना व्यापार मंडल समिति का वार्षिक उत्सव संपन्न




सुलतानपुर । किराना व्यापार मंडल समिति का वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ दरियापुर स्थित दुल्हन मैरिज लॉन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यापारियों और अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि प्रवीन अग्रवाल का स्वागत समिति के अध्यक्ष आलोक सागर ने अंगवस्त्र भेंट कर किया। इस अवसर पर जन उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री आलोक आर्य ने व्यापारी हित में प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने व्यापारियों को संगठित होकर व्यापारिक चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। समिति अध्यक्ष आलोक सागर ने सभी व्यापारियों से एकजुट रहने और सहयोग की भावना बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर व्यापारियों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सराफा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद सोनी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रूपेश सिंह, समाजसेवी सुंदर लाल टंडन, संरक्षक गोवर्धन दास कनौडिया, कामता प्रसाद कसौधन, राजीव श्रीवास्तव, महामंत्री सेन जीत कसौधन, अमित कसौधन सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने व्यापारियों के बीच आपसी सामंजस्य और सहयोग को मजबूत किया। साथ ही यह आयोजन व्यापारियों के हित में किए जाने वाले प्रयासों को प्रोत्साहित करने का माध्यम बना।

# सांसद ने सुनी लोगों की समस्याएं

अमेठी। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा अपने तीन दिवसीय दौरे के आज तीसरे दिन जनसुनवाई, शोक संवेदना, भेट मुलाकात, किसान मेला, खेलकूद प्रतियोगिता एवं समाज के वरिष्ठ वरिष्ठजनों के साथ क्षेत्र की क्षेत्रीय व आमजन समस्याओं के शीघ्र निराकरण पर चर्चा किया।

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने आज अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गौरीगंज में जनता से मुलाकात की और कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लिया सुबह 10:00 बजे से दोपहर 11:30 तक केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्रीय जन समस्याओं को सुना और समाधान करने का भरोसा दिलाया। कई विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता हुई।



11:15 बजे कांग्रेस कार्यालय से निकलकर शोक संवेदना में दिनेश मिश्रा जी के बहू के आकस्मिक निधन पर उनके घर पहुंच कर शोक संतृप्ति परिवार को ढांढस बधाया।

11:30 बजे भेंट मुलाकात भोये बाजार में प्रधान श्री राम बौरासी की अगवाई में हुई।

12:15 पर माननीय सांसद जी किसान मेला एवं विराट दंगल कार्यक्रम मां काली धाम रानीपुर जामों बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मेला और दंगल की आयोजक लल्लन मिश्रा ने सांसद जी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल का स्वागत किया। सांसद शर्मा जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में आमंत्रित करने के लिए एवं शानदार आयोजन के लिए आयोजक के प्रति आभार जताया। सुनिश्चित भेंट मुलाकात कार्यक्रम बाबा की कुटी मेहमानपुर सिंगपुर शैतान का पूर्व सिंहपुर हुआ शिव रिसोर्ट और वह भवानी में वरिष्ठ नेता एवं कार्यकताओं हम लोगों के साथ मुलाकात के पश्चात विधानसभा सलोन रायबरेली के रेवरी सैदपुर डीह क्षेत्र भ्रमण करते हुए रात्रि विश्राम भूए मऊ रायबरेली में होगा।

संक्षेप

## इकलौता भाई की नाले में डूबने से मौत

**मथुरा।** महाविद्या कालोनी क्षेत्र में कुत्ते के बच्चे को बचाने के प्रयास में एक बालक गहरे नाले में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि गोविंद नगर थाना क्षेत्र की महाविद्या कालोनी में किराये के मकान में रहने वाले मोहन वर्मा का सात वर्षीय बेटा माधव ( 7 ) शनिवार सुबह घर के पास कुत्ते के बच्चे के साथ खेल रहा था। इसी दौरान पिल्ला पास के गहरे नाले में गिर गया और उसे बचाने के प्रयास में माधव भी नाले में गिर गया।

कई घंटे तक माधव का पता न लगने पर परिजनों को उसकी चिंता हुई पास पड़ोस में तलाशने के बाद इसकी सूचना गोविंद नगर पुलिस को दी गई। इसी बीच कालोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने खबर दी कि नाले में पिल्ले के पास गायब बालक का जूता पड़ा है। इसी सूचना पर परिवारीजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए, जहां तलाश की गई तो बालक का शव पिल्ले के शव के पास पड़ा मिला। सात वर्षीय माधव अपनी पांच बहनों का अकेला भाई था। काफी मिन्नतों के बाद देवोत्थान एकादशी के दिन माधव का जन्म हुआ था। उसके पिता श्रीकृष्ण जन्म स्थान में हेयर सलून की दुकान संचालित करते हैं। हादसे के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा है।

# ठाकुर राधारमण देव में मना शीतकालीन सेवा महोत्सव

जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** वृन्दावन नगर के प्राचीन सप्तदेवालयों में से एक ठाकुर राधारमण मन्दिर में शीतकालीन सेवा महोत्सव निष्ठापूर्वक पारम्परिक रूप से मनाया जा रहा है। आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी महाराज एवं वेणु गोपाल के मार्गदर्शन में 33 दिवसीय शीत कालीन सेवा में अभिनव गोस्वामी एवं सुवर्ण गोस्वामी ठा. राधारमण देव जू की भाव पूर्ण सेवा कर रहे हैं। नित्य सेवा प्रातः काल में 5:30 बजे मंगला आरती से आरम्भ होकर रात्रि 9 बजे शयन आरती तक होती है। जिसमें शीत काल के मौसम के अनुसार ठाकुर जी को गर्म वस्त्र पहनाये एवं ओढ़ाये जा रहे हैं। साथ में भीषण ठंड से सुरक्षित रखने के लिए ठाकुर राधारमण लाल को मेवा युक्त भोग अर्पित किए जा रहे हैं। विभिन्न पदार्थों से बनी मेवा युक्त खिचड़ी से ठाकुर जी का भोग लगाया जा रहा है। ठाकुर राधा रमण लाल के



सामने प्रति दिन रजत सिगड़ी धरा जा रहा है जिससे ठाकुर जी आँच तापते हैं। प्रति दिन प्रातः काल 25 ब्राह्मणों से भागवत कथा, नारायण कवच, गोपाल सहस्त्रनाम, चैतन्य चरितामृत आदि का पाठ कराया जा रहा है। माध्वगौडेश्वर डॉ अच्युत लाल भट्ट द्वारा प्रतिदिन प्रातः भागवत पाठ किया जा रहा है।

सुबह शाम मन्दिर में भक्तों के लिए प्रसाद वितरण हो रहा है। राधा रणम जू के अष्टयाम सेवा के अनुसार राग सेवा का आयोजन हो रहा है, जो कि नित्य मदन गोपाल शर्मा द्वारा गायन एवं कृष्ण गोपाल शर्मा द्वारा वादन किया जा रहा है। भक्तों के साथ साथ विभिन्न अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्तित्व भी श्री राधा रमण जी के दर्शन का लाभ ले रहे हैं। रविवार को मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्य पालक अधिकारी राधा रमण लाल के दर्शन किया एवं देहरी पूजन किया। इस अवसर पर आस्था गोस्वामी, देवाशीष डे, मनीषा अग्रवाल, देवादित्य चक्रवर्ती, कुंवर किशोर, अमित मलिक, सौम्या डे, शुभंकर डे, संगीता बंदोपाध्याय आदि ने राग सेवा कर अपने इष्ट को मंत्र मुग्ध किया।

# वात्सल्य ग्रामः दो दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का हुआ समापन



जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** वृंदावन वात्सल्य ग्राम स्थित प्रेमवती गुप्ता नेत्र चिकित्सालय में दो दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर संपन्न हुआ जिसमें भरतपुर, फरुखाबाद, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, बदायूं, पीलीभीत, आगरा, एटा आदि जिलों के लोगों ने अपना मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया। हरियाणा सम्मेलन एवं रामलीला प्रसार समिति मुंबई द्वारा प्रायोजित, ब्रह्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित निश्शुल्क मोतियाबिंद शिविर में 300 मोतियाबिंद रोगियों का डा. श्याम अग्रवाल के नेतृत्व में डा. आनंद जयपुरिया, डा. अनुज बाहुवा, डा. आरती बाहुवा, डा. जुगल शाह, डा. सौरभ रामुका द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। शिविर समापन पर साध्वी ऋतंभरा द्वारा औषधि एवं चश्मा वितरण करते हुए कहा कि जो सेवा को समर्पित होता है वह एक विशेष आभा के साथ जीता है।

जिसने समस्त किसी को नेत्र ज्योति प्रदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। जिसने समस्त तृष्णाओं को ऐष्णानाओं को समेटकर राष्ट्रदेव के चरणों में अर्पित कर दिया है, वह दुनिया की दृष्टि में तो सफल होता ही है, अंतर्दृष्टि में आनंद भी तृप्ति की गहरी अनुभूति से भर जाता है। सेवा का कार्य ईश्वरिय कार्य होता है। हम बिना दृष्टि के प्रकृति के सौंदर्य के दर्शन नहीं कर सकते, दृष्टि न होने पर हम अपनों के होते हुए भी अपनों से दूर रहते हैं आंख है तो सबअच्छा रखा है वरना चारों ओर अंधकार ही अंधकार होता है। हम जब किसी को कुछ देते हैं तो मन में संकोच होना चाहिए और जब किसी से कुछ लेते हैं तो मन में संतोष होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि हेमंत तिवारी ने कहा कि यदि कहीं पर वात्सल्य देखना है तो वात्सल्य ग्राम आना चाहिए। वात्सल्य ग्राम दुनिया का वह पहला सेवा प्रकल्प है जहां सच्चे अर्थों में मानवीय सेवा हो रही है, दीदी मां सेवा की प्रत्यक्ष प्रतिमूर्ति हैं उन्होंने जो भी किया है देश और धर्म को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एल. डी. ग्रुप और कंपनी के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी, देवकीनंदन जिंदल, अजय गुप्ता, सतीश कुमार, हनुमान गाडोड़िया, विनोद अग्रवाल, नरेश कदमावला आदि उपस्थित रहे। संयोजन मीनाक्षी अग्रवाल ने और संचालन डा. उमाशंकर राही ने किया।

## गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया




**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा रविवार को गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रभात आर्य पुत्र मुकेश कुमार निवासी दादूनगर हिमायुपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। थाना टूंडला प्रभारी अंजिश कुमार पुलिस टीम के साथ गस्त कर रहे थे,गस्त के दौरान संज्ञान में आया कि अभियुक्तगण गैंग लीडर मानवेन्द्र उर्फ मोनू पुत्र रघुराज सिहं निवासी जरौली कला थाना टुण्डला जनपद फिरोजाबाद,आकाश पुत्र दिनेश चन्द्र निवासी नई वस्ती थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद,आकाश पुत्र चन्द्र सिहं राठौर निवासी टापा कला थाना उत्तर फिरोजाबाद,प्रभात आर्य पुत्र मुकेश आर्य निवासी दादूनगर हिमायुपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद,घनश्याम पुत्र मुन्नालाल निवासी रूधऊ थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद मनीष कुमार पुत्र कुंजबिहारी निवासी नरौरा थाना अवागढ जिला एटा हाल पता निधौली कला जिला एटा का जनता में काफी भय व आंतक व्याप्त है ये लोग एक संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु चोरी व डकैती की तैयारी डकैती के लिए एकत्रित होने जैसे संगीन अपराध करते हैं। उक्त अभियुक्तगण का यह कृत्य उ0प्र0 गिरोहबन्द एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी मे आता है जिसके सम्बन्ध में गैंगस्टर एक्ट मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। रविवार को थाना पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रभात आर्य पुत्र मुकेश कुमार निवासी दादूनगर हिमायुपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद को बन्ना कट थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है।

## सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने पर गिरफ्तार किया

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक युवक द्वारा अभद्र धार्मिक टिप्पणी की गयी थी,सोशल मीडिया सेल पुलिस टीम द्वारा उक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गयी टिप्पणी का संज्ञान लिया गया जिसपर थाना नारखी पुलिस टीम ने मामले में धारा 196 पंजीकृत कर वांछित अभियुक्त लोकेन्द्र कुमार पुत्र चोब सिंह निवासी ग्राम दौलतपुर थाना नारखी को ग्राम दौलतपुर से गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की है।

## शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के 11 मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत 2 लाख 75 हजार रुपए बरामद किए। रविवार को थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर अभियुक्त आसिफ पुत्र बदूद खान निवासी पार्षद छोटेलाल वाली गली, छोटी छपेटी कोटला मौहल्ला थाना दक्षिण फिरोजाबाद को गोमती नगर में निमार्णाधीन प्लाट के पास थाना क्षेत्र उत्तर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 11मोबाइल भिन्न-भिन्न कम्पनी के बरामद हुए। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की है।

## धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा धोखाधडी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। रविवार को थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त जितेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी छिकाऊ थाना पचोखरा फिरोजाबाद को ग्राम गढी ठाकुरान से आगे बने अपने मुर्गी पालन केन्द्र के पास से गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## मिशन शक्ति नशा मुक्ति अभियान के तहत किया जा रहा जागरूक

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।साथ ही मिशन शक्ति फेज 05 के तहत ही जनपद में एक युद्ध नशे के विरुद्ध नशा विरोधी जनजागरुकता अभियान के तहत छात्र छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान के क्रम में रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षिकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के तहत सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरूक किया गया साथ ही विभिन्न टोल फ्री हैल्पलाइन नम्बरों की जानकारी भी दी गई।

## भाकियू भानू पदाधिकारियों ने निकाली जागरूकता रैली



**टूंडला।** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला प्रभारी शीलू सिकरवार के नेतृत्व में किसान जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे सैकड़ों किसान शामिल रहे। रविवार को भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों ने किसान जागरूकता रैली निकाली रैली टूंडला चौराहे से दीपा चौराहे तक ओर दीपा चौराहे से बड़े चौराहे पर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान रहन कला टोल आगरा के पास चल रहे किसानों के आंदोलन के लिए सभी किसानों को जागरूक किया और अनिश्चितकालीन आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की गई,वहीं नवयुक्त पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष हिमांशु प्रजापति का सम्मान भी किया गया। इस दौरान शहजाद खान बिपिन सिसोदिया विक्रम यादव विनोद पुंढीर निक्कू पंडित अर्पित सिसोदिया नरेंद्र यादव आदि सैकड़ों किसान शामिल रहे।

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का दीक्षोत्सव माह प्रारंभ

*मथुरा।* उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा का दीक्षोत्सव माह - 2025 विगत दिवस से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान द्वारा शुभारंभ किया गया ।जिसमें विश्वविद्यालय के की राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया । अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि प्लास्टिक में प्रयोग होने वाले रसायन,




मनुष्य तथा पशुओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है ।इसलिए समस्त परिसर वासियों को प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए तथा परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करना चाहिए। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि दीक्षोत्सव माह -2025 के अंतर्गत 4 जनवरी से 3 फरवरी, 2025 तक विभिन्न प्रकार की पठन-पाठन तथा पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा तथा 3 फरवरी 2025 को विश्वविद्यालय की कुलाधिपति तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, महामहिम श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह के आयोजन के साथ संपन्न होगा। प्लास्टिक मुक्त कैंपस परिसर अभियान के संयोजक डॉ रजनीश सिरोही तथा डॉ अवनीश द्वारा विश्वविद्यालय के संपूर्ण परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान चलाया गया ।दीक्षोत्सव माह- 2025 के उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर विकास पाठक, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय; प्रोफेसर अर्चना पाठक, अधिष्ठाता, परास्नातक; प्रोफेसर अरुण कुमार मदान; कुलसचिव डॉ नित्यानंद पांडे, अधिष्ठाता मात्सिकी महाविद्यालय; प्रोफेसर रश्मि सिंह,प्रकाश सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बांकेबिहारी जी के दर्शन को उमड़ा सैलाब

**मथुरा।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में रविवार को सुबह से ही श्रद्धालु ठाकुरजी के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर से लेकर विद्यापीठ चैराहा तक 500 मीटर लंबी श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। जुगालघाट मार्ग तक भक्तों की भीड़ देखी गई। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भक्तों की भीड़ का दबाव कम नहीं हुआ है। भीड़ से हालात बिगड़ते रहे और घंटों भीड़ के दबाव में श्रद्धालु रेंगते हुए मंदिर तक पहुंचे। विद्यापीठ व जुगलघाट से मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को करीब डेढ़ घंटे का समय लगा। मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं के ठहराव से हालात बदतर होते रहे। मंदिर की गलियों में सुबह से शाम तक आपाधापी का माहौल बना हुआ है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए पहुंचना शुरू हो गई। मंदिर के रास्तों में पुलिस ने बैरियर पर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू किया, तो हालात बदतर होते चले गए। श्रद्धालुओं का दबाव लगातार बढ़ रहा था और आगे बढ़ने की अनुमति श्रद्धालुओं को इसलिए नहीं मिल रही थी कि मंदिर के अंदर ठहराव खत्म नहीं हो रहा था। मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं के ठहराव ने व्यवस्थाओं को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जबकि गलियों में भीड़ के दबाव में हालात बदतर हो गए। मंदिर चबूतरे पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं में आपाधापी का माहौल बन रहा था। भक्तों की भीड़ के दबाव के आगे प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। बाजार एवं गलियों में श्रद्धालुओं की भीड़ के दबाव से महिलाओं और बच्चों की हालत बिगड़ रही थी।मंदिर के चबूतरे तक पहुंचने में



श्रद्धालुओं को दो घंटे इंतजार करना पड़ा। चबूतरे पर श्रद्धालुओं को रोका तो हालात बिगड़ गए। आपाधापी के माहौल में महिलाएं चीख रही थीं। पुलिसकर्मियों व सुरक्षागार्डों ने बच्चों को भीड़ के दबाव और आपाधापी के माहौल से निकालकर राहत दी। भीड़ का दबाव ऐसा कि बाजार में कदम रखने तक को जगह नहीं थी। गलियों में होकर श्रद्धालु आगे बढ़ रहे थे। विद्यापीठ चैराहा से लेकर मंदिर के गेट संख्या तीन तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को डेढ़ से दो घंटे का समय लगा। हालात ये कि हर कोई एक- दूसरे को धकियाकर आगे बढ़ने की जिद्दोजहद में लगा था। ऐसे में आपाधापी का माहौल बन रहा था और बीच में फंसी महिलाओं और बच्चों की बीख निकल रही थी।

# भाजपाइयों ने कल्याण सिंह की जयंती मनाई

जिला संवाददाता(vol)

**टूंडला।** गाँव मोहम्मदाबाद में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर रहे,संचालन भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र क्षेत्रीय सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक ने किया।इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं द्वारा कल्याण सिंह के जीवन पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए क्षेत्रीय विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि राम मन्दिर आन्दोलन में मुख्य भूमिका निभाने वाले परम पूज्य कल्याण सिंह का जन्म आज ही के दिन पांच जनवरी उन्नीस सौ बत्तीश में अतरौली के एक छोटे से गांव में किसान परिवार में हुआ था। वे शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य बन गए थे, वें दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ साथ दो बार दो राज्यों के



राज्यपाल भी बने।देश वासी उनको हिंदू राष्ट्रवादी और अयोध्या में राम मन्दिर बनाने के आंदोलन का प्रतीक मानते हैं व लोग उनको रामभक्त के रूप में देखते थे,सैकड़ों सालों बाद आज अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मन्दिर बनने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा हैं।बाबरी मस्जिद के विध्वंस के के बाद भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने कल्याण सिंह के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई शुरू की यह बाबरी मस्जिद विध्वंस के कुछ महीने पहले उसके बगल में एक मंच के निर्माण को रोकने में उनकी सफलता से उत्पन्न हुए जबकि अदालत ने इसे प्रतिबंधित करने का आदेश दिया था इसके परिणाम स्वरुप कल्याण सिंह को एक दिन के लिए जेल भेजा गया था बाबूजी कल्याण सिंह द्वारा राम मंदिर में अपना सर्वोच्च समय भगवान श्री राम को समर्पित किया था।इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां,किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौ,उदय प्रताप सिंह एवं भाजपा जिला महामंत्री दीपक चौधरी एवं तरुण शर्मा ने भी विचार रखे इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री राजीव राजपूत,नेत्रपाल सिंह,बीनू वर्मा,रामनाथ लोधी,धीरज राजपूत,टीटू लोधी,चंद्रपाल सौरभ लोधी,जय सिंह,भोले निषाद,मोहन सिंह लोधी,सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# दिव्य और भव्य नगर कीर्तन में दिखा आस्था का सैलाब

**आगरा।** सरबस दानी गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के मौके पर आज शहर में भव्य और दिव्य नगर कीर्तन निकाला गया। श्री गुरु सिंह सभा माईथान के इस आयोजन में शहर के समस्त 29 गुरुद्वारों के अलावा आसपास के शहरों और कस्बों की संगत की भी भागेदारी है। नगर कीर्तन में सड़कों पर प्राचीन युद्ध कला गतका के प्रदर्शन को देख लोग रोमांचित हो उठे। नगर कीर्तन के दौरान आस्था का सैलाब उमड़ता रहा। पौने चार बजे

**● प्राचीन युद्ध कला के हैरतअंगेज प्रदर्शन देख सभी रोमांचित**

नगर कीर्तन का अगला सिरा सदर भट्टी पर था तो अंतिम सिरा फुलट्टी बाजार से गुजर रहा था।नगर कीर्तन गुरुद्वारा माईथान से प्रारंभ हुआ।इसकी प्रारंभता की अरदास संत बाबा प्रीतम सिंह ने की। यह विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा बालूगंज पहुंचकर समाप्त होगा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में निकले नगर कीर्तन की अगुवाई पांच प्यारे कर रहे थे।इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, भरतपुर, टूंडला, अलीगढ़ एवं मथुरा समेत दूसरे अन्य शहरों से कीर्तन जत्थे और संगत आगरा पहुंचे हुए हैं।जगह-जगह बने तोरण द्वारों पर स्वागतसमूचे नगर कीर्तन मार्ग पर स्वागत के लिए तोरण द्वार बने हुए हैं। हर तोरण द्वार पर नगर



कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। 21 घोड़े और पंजाब से विशेष रूप बुलाया गया बैगपाइपर बैंड नगर कीर्तन की आभा में चार चांद लगा रहे थे। धर्मावलंबी पुरुष केशरिया पगड़ी में थे तो महिलाएं पीली चुन्नी धारण किए हुए थीं, जिससे नगर कीर्तन की शोभा देखते ही बन रही थी।

नौजवानों का एक जत्था हरपाल सिंह और प्रवीन अरोरा की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी के आगे झाड़ू एवं फूलों की सेवा करते हुए चल रहा था। समूचे नगर कीर्तन मार्ग पर जगह-जगह खाने के स्टॉल लगाए गए, जहां नगर कीर्तन में शामिल संगत की सेवा की जा रही थी।बच्चों की झांकियां मन मोह रही थींगुरुद्वारा नानकपाडा के जीतू बागड़ी के निर्देशन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी एवं पांच प्यारों की सेवा गुरुद्वारा नानकपाड़ा की ओर से की जा रही थी।इसी गुरुद्वारे की ओर से बच्चों की कई झांकियां अपनी प्रस्तुति देती चल रही थीं। डीवी संतोख सिंह खालसा स्कूल, श्री गुरु तेग बहादुर हाईस्कूल के अलावा कई स्कूलों के बच्चे नगर कीर्तन में शामिल थे। नगर कीर्तन में शामिल नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन की गाड़ी स्वच्छता का संदेश देते हुए चल रही थी।समन्वयक बंटी ग्रोवर ने बताया कि गुरुद्वारा बालूगंज के प्रधान इंदरजीत सिंह गुजराल एवं महामंत्री राजेंद्र सिंह मिट्ठू की देखरेख में बालूगंज गुरुद्वारे पर नगर कीर्तन की अगवानी के लिए बेनी सिंह स्कूल से गुरुद्वारा तक दोनों तरफ भव्य सजावट की गई है। शाम के समय भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन होगा।गतका का प्रदर्शन देख चकित थे सभीनगर कीर्तन में समूचे मार्ग पर रंजीत अखाड़े के वीरों ने प्राचीन सिख मार्शल आर्ट गतका का शानदार प्रदर्शन किया। 5 वर्ष की उम्र के बच्चों से लेकर 18 वर्ष तक के नौजवानों ने गतका प्रदर्शन मेंपैंतरेबाजी, तलवार, ढाल, दोधारी तलवार, कटार, खंजर, भाला, बरछा, खुखरी, नेजा, गोला, कांटेदार गोला, चक्र, दस फुटी तलवार समेत अन्य प्राचीन शस्त्रों का इतना शानदार प्रदर्शन किया कि देखने वालों ने दांतों तले उंगलियां दबा लीं। यही नहीं रंजीत अखाड़े में प्रशिक्षित छोटी-छोटी बालिकाओं ने भी प्राचीन युद्ध कला का प्रदर्शन कर सभी को वाह-वाह करने को मजबूर कर दिया।प्रसासन के बहुत अच्छे इंतजामनगर कीर्तन में प्रशासन और पुलिस तथा नगर निगम की ओर से हर तरह के इंतजाम किए गए थे। भारी पुलिस बल नगर कीर्तन मार्ग पर तैनात था। प्रशासन ने क्षेत्रवार चार मजिस्ट्रेट तैनात कर रखे थे जबकि नगर निगम की ओर से नगर कीर्तन मार्ग पर बेहतर सफाई की गई। कीर्तन जिन-जिन मार्गों से गुजर रहा था, वहां पीछे-पीछे आ रही नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की टीम साथ साथ कूड़ा उठाते हुए चल रही थी।

# बर्फीली हवाओं ने कंपायीं हड्डियां, घरों में कैद हुए लोग

**आगरा।** आगरा और आसपास के जिलों में आज घना कोहरा तो नहीं था, लेकिन बफीर्ली हवाओं ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है। दो दिन घने कोहरे में हाथ से हाथ नहीं सूझ रहा था, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था, अब कोहरा थोड़ा छंटा तो बफीर्ली हवाओ ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी है।

ठंड का आलम यह है कि लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे। सड़कों पर ट्रैफिक आम दिनों के मुकाबले बहुत कम है। वैसे आज रविवार भी है, जिसके कारण सामान्य दिनों के मुकाबले सड़कों पर कम ट्रैफिक है।

आज सुबह सोकर उठे लोगों ने ज्यादा कोहरा न दिखने पर राहत की सांस ली थी, लेकिन घरों से बाहर निकलते ही बफीर्ली हवाओं की वजह से लोग फिर घरों में कैद होने को मजबूर हो गए। ठंड का असर पार्कों में भी देखा जा रहा है, जहां इन दिनों बहुत कम लोग म ?निंग व ?क के लिए पहुंच रहे हैं।

पिछले दो-तीन दिन के घने कोहरे और आज बफीर्ली हवाओं ने ठिठुरन इस कदर बढ़ा दी है कि इसका असर बाजारों में भी देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख बाजार देरी से खुल रहे हैं और समय से पहले बंद हो रहे हैं।



पिछले दो-तीन सरकारी दफ्तरो में पहुंचने वाले आम लोगों की संख्या में भी कमी देखने को मिली।कोहरे के बाद अब हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सबसे बुरा असर ट्रेनों के परिचालन पर पड़ रहा है। दो दिन पहले चार से छह घंटे देरी से चल रही ट्रेनें अब आगरा में दस से 12 घंटे देरी से पहुंच रही हैं। भीषण ठंड में रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों का इंतजार करते यात्रियों की तो हालत बहुत खराब हो रही है। भीषण ठंड में प्लेटफ ?र्म पर एक पल रुकना भी मुश्किल हो रहा है। यही हाल बस स्टेशनों का है।शहर में आज जगह-जगह लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते दिखे। टीटीजेड में लगी रोक के कारण नगर निगम तो अब लकड़ियों के अलाव नहीं जलवाता, लेकिन पिछले सालों में नगर निगम ने गैस से चलने वाले हीटर जरूर लगवाए थे, जिससे गरीब लोगों को बहुत राहत मिलती थी।




# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को डब्ल्यूटीसी से किया बाहर

## दस साल बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया के नाम

एजेंसी

सिडनी। शीर्ष खिलाड़ियों की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट से हार के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-। से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। बदलाव के कठिन दौर से गुजर रही भारतीय टीम को अब स्वदेश लौटने के बाद काफी आत्ममंथन करना होगा।

वहीं गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें जहां अब लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी मेस (गदा) जीते पर टिकी होंगी तो वहीं इस चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से यह पहला मौका होगा जब भारत फाइनल नहीं खेलेगा। भारतीय टीम पिछली दो बार की उप विजेता है। कप्तान जसप्रीत बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था। बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी। बुमराह ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में दौरान दूसरी पारी में गेंदबाजी करने में असमर्थता पर कहा, यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना होता है। आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद श्रृंखला के सबसे अच्छे विकेट पर गेंदबाजी करने से चूक गया। बुमराह की गैरमौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा (65 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (69 रन पर एक विकेट) मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे जबकि कप्तान



की भूमिका निभा रहे विराट कोहली ने इन्हीं दोनों तेज गेंदबाजों पर भरोसा बरकरार रखा। कुछ सफलताओं के बावजूद कृष्णा और सिराज ने कई खराब गेंदें फेंकी जिससे मेजबान टीम ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (41), ट्रेविस हेड (नाबाद 34) और पदार्पण करने वाले ब्यू वेबस्टर (नाबाद 39) की पारियों की बदौलत 27 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। इसके साथ ही बुमराह पर भारत की अति निर्भरता भी उजागर हुई। सुबह के वार्म-अप सत्र के दौरान बुमराह ने गेंदबाजी का प्रयास किया लेकिन वह सहज महसूस नहीं कर रहे थे और उनकी अनुपलब्धता से तय हो गया था कि भारत के लिए छोटे लक्ष्य का बचाव करना असंभव होगा। इससे पहले स्कॉट बोलैंड (45 रन पर छह विकेट) और कप्तान पैट कमिंस (44 रन पर तीन विकेट) ने दूसरी पारी में भारत को 39.5 ओवर में सिर्फ 157 रन पर ढेर कर दिया। अगर ज षभ पंत के 61 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 22 रन को निकाल दिया जाए तो अन्य नौ खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से 74 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम ने सुबह के सत्र में सिर्फ 16 रन जोड़कर अपने बाकी बचे चार विकेट भी गंवा दिए।

यह श्रृंखला भारतीय क्रिकेट जगत के उन अधिकारियों को काफी सोचने को मजबूर करेगी जिन पर देश की टीम को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी है। भारत श्रृंखला छह पूर्ण पारियों में 200 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया इसलिए यह बताने की जरूरत नहीं है कि दौरे में क्या गलत हुआ। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली तकनीकी समस्याओं के कारण पूरे सत्र में एक अदद अच्छी पारी के लिए जूझते रहे। यशस्वी जायसवाल (391 रन) तीन बार शून्य पर आउट होने के बावजूद भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। उनके बाद नवोदित नितीश कुमार रेड्डी (298 रन), लोकेश राहुल (276 रन) और ज षभ पंत (255 रन) का नंबर आता है। रोहित और कोहली की खराब फॉर्म को लेकर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दोनों दिग्गजों के लिए अपनी बल्लेबाजी में आई गिरावट को रोकना मुश्किल होता जा रहा है। टीम में कुछ अच्छे युवा खिलाड़ी हैं और नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में उन्हें समय के साथ विकसित होने का मौका दिया जाना चाहिए। कोहली और रोहित पर कड़े फैसले का इंतजार है जबकि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि कोच गौतम गंभीर सभी प्रारूपों में जिम्मेदारी संभालने के लिए सही व्यक्ति हैं या नहीं। गंभीर के नेतृत्व में भारत ने इस सत्र में 10 में से छह टेस्ट गंवाए हैं। इसके अलावा टीम को श्रीलंका में एकदिवसीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। अगर कोहली और रोहित को जिम्मेदार ठहराया जाता है तो गंभीर को सिर्फ इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। मुख्य कोच का जिद्दी रवैया सभी को पता है और इससे ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी उनके साथ बहुत सहज नहीं हो पा रहे हैं।

# जसप्रीत बुमराह बने गावस्कर ट्रॉफी के प्लेयर ऑफ द सीरिज

सिडनी। पीठ की जकड़न से पीड़ित जसप्रीत बुमराह श्रृंखला के सबसे अनुकूल विकेट पर गेंदबाजी करने से चूकने से निराश हैं लेकिन भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज ने इस बात पर जोर दिया कि कभी-कभी खिलाड़ी के लिए अपने शरीर का सम्मान करना अनिवार्य हो जाता है। बुमराह तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर सके जब भारत को गेंदबाजी की मददगार पिच पर 162 रन के छोटे लक्ष्य का बचाव करना था।



जसप्रीत बुमराह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट लेकर प्लेयर आफ द सीरिज। ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 27 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत ली। श्रृंखला में 32 विकेट चटकाने के लिए बुमराह को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना होता है। आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद श्रृंखला के सबसे अच्छे विकेट पर गेंदबाजी करने से चूक गया। उन्होंने कहा, पहली पारी में अपने दूसरे स्पैल के दौरान थोड़ी असहजता महसूस हुई और मुझे इस पर ध्यान देना पड़ा। तीसरे दिन दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन से आगे खेलते हुए भारत ने अपने बाकी चार विकेट 16 रन पर गंवा दिए और दूसरी पारी में 157 रन पर आउट हो गया। सुबह हुई बातचीत के बारे में पूछे जाने पर बुमराह ने कहा, आज सुबह की बातचीत इसी बारे में थी, विश्वास रखने और जज्बा दिखाने के बारे में। बहुत सारे अगर-मगर, पूरी श्रृंखला में कड़ी टक्कर देखने को मिली। हम आज भी मुकाबले में थे, ऐसा नहीं कि हम इससे बाहर थे, टेस्ट क्रिकेट ऐसे ही चलता है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, लंबे समय तक खेल में बने रहना, दबाव बनाना, दबाव को झेलना और स्थिति के हिसाब से खेलना सभी कुछ महत्वपूर्ण हैं। आपको परिस्थितियों के हिसाब से ढलना होता है और ये सीख हमें भविष्य में मदद करेगी। बुमराह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव नितीश रेड्डी और हर्षित राणा जैसे युवा खिलाड़ियों को भविष्य में मदद करेगा।

## संक्षेप

### दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी की 17 सदस्यीय टीम घोषित

नयी दिल्ली। विक्रांत रविंद्र केनी को 12 जनवरी से श्रीलंका में शुरू होने वाली दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को 17 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए यह टूर्नामेंट 2019 के बाद पहली बार आयोजित किया जा रहा है और भारत अपने अभियान की शुरुआत पहले दिन पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के राष्ट्रीय चयन पैनल ने मुख्य कोच रोहित जलानी के नेतृत्व में जयपुर में ट्रेनिंग शिविर के बाद टीम का चयन किया। जलानी ने कहा, यह संतुलित टीम है जो किसी भी प्रतिद्वंद्वी से मुकाबला करने के लिए तैयार है।

### नागल ऑकलैंड में मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

ऑकलैंड। भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां अपने से बेहतर रैंकिंग वाले फ्रांसीसी खिलाड़ी एड्रियन मनारिनो पर सीधे सेट में जीत के साथ एटीपी 250 प्रतियोगिता एएसबी क्लासिक के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। दुनिया के 98वें नंबर के 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी नागल को क्वालीफायर के अंतिम दौर में 7-6, 6-3 से जीत हासिल करने से पहले दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी मनारिनो से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। नागल खराब फॉर्म से उबरने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि 2024 सत्र के अंत में शीर्ष 100 में जगह बनाए रखने में कामयाब होने से पूर्व वह कई टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हुए थे। मुख्य ड्रॉ में खेलने से नागल को 12 जनवरी से मेलबर्न में शुरू होने वाले सत्र के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले तैयारी का अच्छा मौका मिलेगा। पिछले साल इसी समय शीर्ष 20 में शामिल रहे मनारिनो के खिलाफ जीत नागल के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली होगी जिन्होंने नई दिल्ली में टोगो के खिलाफ भारत के आगामी डेविस कप मुकाबले में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

### मांडविया ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का किया नेतृत्व

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुजरात के पोरबंदर में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का नेतृत्व किया जबकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने गुवाहाटी से इस पहल का समर्थन किया। मांडविया के साथ 150 से अधिक साइकिल सवारों ने उनके लोकसभा क्षेत्र पोरबंदर के उपलेटा में म्यूनिसिपल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज से तालुका स्कूल क्रिकेट ग्राउंड तक पांच किलोमीटर का सफर तय किया। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता बोरगोहेन देश के विभिन्न हिस्सों से अन्य प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के साथ गुवाहाटी में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के क्षेत्रीय केंद्र से साइकिलिंग पहल में शामिल हुईं।

# मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए उठाए उचित कदम

एजेंसी

गुवाहाटी। मुक्केबाजी का जब ओलंपिक खेल के रूप में भविष्य अधर में लटका हुआ है तब भारत की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने रविवार को इस खेल को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाने की अपील की। मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक के शुरुआती कार्यक्रम में जगह नहीं मिल पाई और इस खेल को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए प्रयास जारी हैं। लवलीना अब विश्व मुक्केबाजी (वर्ल्ड बॉक्सिंग) की नवगठित एशियाई इकाई के एथलीट आयोग का हिस्सा हैं। लवलीना ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, इस समिति में होना सौभाग्य की बात है क्योंकि निर्णय लेने में अब भारत की आवाज भी सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी की तकनीकी पहलुओं विशेष रूप से स्कोरिंग और जजिंग की निष्पक्ष आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है। लवलीना ने कहा, अभी तक भारत सिर्फ एक सामान्य सदस्य था जिसके पास विरोध जताने या व्यवस्था में खामी बताने के बहुत कम मौके होते थे। यह अब बदलने जा रहा है क्योंकि एशियाई निकाय में हमारे पास सात पद होंगे। उन्होंने कहा, यह उन खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदे वाली बात है जो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और ओलंपिक पदक जीतना चाहते



हैं। मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाए जाने चाहिए। मुक्केबाजी को अगर लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया जाता है तो लवलीना लगातार तीसरी बार इन खेलों का हिस्सा बनना चाहती हैं। उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था लेकिन पिछले साल पेरिस ओलंपिक से उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ा था। लवलीना ने कहा, तोक्यो ओलंपिक का आयोजन कोविड के समय हुआ था जबकि पेरिस ओलंपिक सीखने का दौर था। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे इसका कोई मलाल नहीं है कि मैं पदक नहीं जीत पाई। प्रत्येक खिलाड़ी को कुछ नए सबक सिखाने के लिए मिलते हैं और लॉस एंजिल्स में मैं अधिक समझदारी के साथ आगे बढ़ना चाहती हूं। उन्होंने कहा, लेकिन मैं अपनी तैयारियों में जल्दबाजी नहीं करूंगी। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में अभी काफी समय है। अभी उचित वजन बनाए रखना और चोट से बचना मेरी योजनाओं में शामिल हैं। मैं अभी उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों से आगे के बारे में नहीं सोच रही हूं।

**नितेश ने अर्जुन पुरस्कार पर कहा, यह सोने पर सुहागा**

नयी दिल्ली। वार्षिक राष्ट्रीय सम्मान में कथित अनदेखी के कारण कुछ पैरालंपिक पदक विजेताओं के बीच असंतोष के बीच पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी कुमार नितेश अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद समान रूप से आभारी और उत्साहित हैं और उन्होंने निकट भविष्य में खेल रत्न के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया है। हरियाणा के इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने 2009 में एक रेल दुर्घटना में अपना बायां पैर खो दिया था।

# टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता है तो घरेलू क्रिकेट खेलो : गंभीर

सिडनी। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली में उत्कृष्ट प्रदर्शन की ललक है लेकिन उन्होंने इन दोनों के समेत सभी सीनियर खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लिये अपनी प्रतिबद्धता साबित करने का आग्रह किया। दो बार विश्व कप विजेता रह चुके स्पष्टवादी गंभीर ने इसे लेकर भी कोई आश्वासन नहीं दिया कि रोहित या कोहली आगे टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे या नहीं। भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ।. 3 से मिली हार के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का मौका भी गंवा दिया। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अभी इस पर बात करने का समय नहीं है कि पांच महीने बाद हम कहां होंगे। खेल में बहुत कुछ बदलता है। फॉर्म बदलता है, लोग बदलते हैं, तेवर बदलते हैं, सब कुछ बदल जाता है। हमें पता है कि पांच महीने लंबा समय है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला (जुलाई) के समय देखेंगे कि क्या होता है। लेकिन जो भी होगा, वह भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में होगा। रोहित ने खराब फॉर्म के कारण आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखने से पहले पांच पारियों में 31 रन बनाये जबकि कोहली नौ पारियों में 190 रन ही बना सके। कोहली आठ बार स्लिप में कैच देकर आउट हुए।

# मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को हराया

एजेंसी



लंदन। एर्लिंग हालेंड के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार को यहां वेस्ट हैम को 4-। से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने प्रीमियर लीग में अक्टूबर के बाद पहली बार लगातार दो मैच जीते हैं। गत चैंपियन टीम इस बीच छह हफ्तों में नौ मैच में सिर्फ एक ही जीत पाई थी। नॉर्वे के स्ट्राइकर हालेंड ने 42वें और 55वें मिनट में गोल दागे। वेस्ट हैम की ओर से एक आत्मघाती गोल हुआ जबकि सिटी की ओर से चौथा गोल फिल फोडेन ने किया। वेस्ट हैम की ओर से एकमात्र गोल निकलास फुलक्रुग ने दागा। इस जीत के बावजूद हालांकि सिटी की टीम छठे स्थान पर बरकरार है। अन्य मुकाबलों में ब्राइटन और आर्सेनल का मैच ।-। से बराबर रहा जबकि चेल्सी ने भी क्रिस्टल पैलेस से ।-। से ड्रॉ खेला।

**फायोरेंटिना को हराकर नेपोली ने सिरी ए में तीन अंक की बढ़त बनाई**

फ्लोरेंस। नेपोली ने फायोरेंटिना को शनिवार को यहां एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन अंक की बढ़त बना ली। नेपोली की ओर से डेविड नेरेस, रोमेलु लुकाकु और स्कॉट मैकटोमिने ने गोल दागे जिससे टीम ने लगातार चौथी जीत दर्ज की। नेपोली के अब 19 मैच में 44 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद अटलांटा पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। अटलांटा ने हालांकि एक मैच कम खेला है। इंटर मिलान की टीम 40 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है लेकिन उसने 17 ही मैच खेले हैं। एक अन्य मुकाबले में एम्पोली और वेनेजिया ने ।-। से ड्रॉ खेला।

# आईएचएफ ट्रॉफी : भारतीय यूथ टीम लगातार दूसरी जीत से सेमीफाइनल में

खेल संवाददाता

लखनऊ। मेजबान भारत की यूथ अंडर-18 टीम ने आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज - एशिया) के तीसरे दिन रोमांचक मैच में कजाखिस्तान को 36-35 से शिकस्त देते हुए लगातार दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प ा, व े श ा ि क य ा । केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में भारत की यूथ टीम ने कजाखिस्तान के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और उम्दा विंग अटैक के साथ शानदार डिफेंस का नजारा पेश किया। कजाखिस्तान के खिलाड़ियों की चुस्ती का सामना मेजबान खिलाड़ियों ने खासी आक्रामकता से दिया और लगातार अंक जुटाए। भारत ने मध्यांतर तक 19-15 की बढ़त बनाई। दूसरे हॉफ में भी भारत ने जवाबी अटैक का सहारा लिया।

अंतिम क्षण तक चले इस रोमांचक मैच में भारत ने अनुभवी कोच मो. तौहीद की सीख के सहारे 36-35 से जीत दर्ज की। भारत से प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए रवि ने सर्वाधिक 11 गोल दागे। अंशु ने 8, रोहित ने 7 व सुयश अवस्थी ने 4 गोल करने में सफलता हासिल की। वहीं भारतीय गोलकीपर नवीन ने कई उम्दा बचाच किए। कजाखिस्तान से वादिम कैसिन ने सर्वाधिक 11 व इगोर



सुदारिकोव ने 10 गोल किए। चैंपियनशिप में आज के अतिथिगण प्रसार भारती के चेयरमैन डा. नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन डा. सुधीर एम बोबडे व पूर्वी विधानसभा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व अतिथिगण का स्वागत व सम्मान हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय व चतुर्थ वाहिनी एसएसबी के कमांडेट अरविंद कुमार भी मौजूद रहे। इससे पूर्व उज्बेकिस्तान ने यूथ वर्ग में बांग्लादेश को 41-23 से हराया। विजेता टीम से एसिम्बेटोव जसुरबेक ने सबसे ज्यादा 10 गोल किए। उज्बेकिस्तान ने जूनियर अंडर-20 वर्ग में कजाखिस्तान को 31-30 से हराया। उज्बेकिस्तान से जोकिरोव उमिडजोन ने सर्वाधिक 7 गोल किए।

# चैंम्पियनशिप : पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में चमके वरुण तोमर

एजेंसी

नयी दिल्ली। मौजूदा एशियाई चैंपियन वरुण तोमर ने रविवार को यहां 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप (एनएससीसी) में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में सीनियर और जूनियर वर्ग के खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं। सेना के 21 वर्षीय निशानेबाज तोमर पिछले साल मामूली अंतर से पेरिस ओलंपिक खेलों में जगह बनाने से चूक गए थे। उन्होंने सीनियर वर्ग के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए सेना की अपनी टीम के साथी प्रद्युम्न सिंह को 0.8 अंक से पीछे छोड़कर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता। राजस्थान के आकाश भारद्वाज ने कांस्य पदक जीता।



तोमर ने इसके बाद जूनियर फाइनल में भी धीमी शुरुआत की लेकिन वह जल्द ही बढ़त बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के निखिल सरोहा को हराकर दोहरा खिताब जीता। सीनियर वर्ग के फ़ाइनल में तोमर का स्कोर 238 था जबकि जूनियर वर्ग के फाइनल में उन्होंने इससे भी बेहतर प्रदर्शन करके 246.2 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रद्युम्न जूनियर वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे। युवा वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश के चिराग शर्मा ने अपने ही राज्य के 14 वर्षीय निशानेबाज देव प्रताप को 1.3 अंक के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। राजस्थान के मयंक चौधरी ने कांस्य पदक जीता। पिस्टल निशानेबाजी में हरियाणा 23 स्वर्ण पदक लेकर पहले, राजस्थान 22 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे और महाराष्ट्र 13 स्वर्ण पदक लेकर तीसरे स्थान पर रहा।

**द्रोणाचार्य पुरस्कार महत्वपूर्ण है : दीपाली देशपांडे**

नयी दिल्ली। कई वर्षों तक ओलंपिक, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता निशानेबाजों को ट्रेनिंग देने वाली दीपाली देशपांडे को इस साल के द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है जिससे अब टीवी चैनल उनका साक्षात्कार लेने के लिए उनके घर पर पहुंच रहे हैं जो इस पूर्व राइफल निशानेबाज के लिए नयी चीज है।

# विकसित राष्ट्र बन गया है निश्चित लक्ष्य

## बुनियादी ढांचों के विकास के साथ उभरता हुआ देश है भारत : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं, बल्कि एक निश्चित लक्ष्य है। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली छावनी में एक समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने यह टिप्पणी की। उन्होंने एनसीसी सदस्यों की प्रशंसा की और कहा कि वे राष्ट्र की सेवा की भावना के साथ एकता व अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा, आप (एनसीसी कैडेट) हमारी युवा आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 2047 में हमारा विकसित राष्ट्र का दृष्टिकोण अब एक सपना नहीं है। यह हमारा निश्चित लक्ष्य है। उन्होंने कहा, आप सभी 2047 में भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने औपनिवेशिक शासन से देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। धनखड़ ने एनसीसी कैडेट से कहा, आप भाग्यशाली हैं कि आप ऐसे समय में रह रहे हैं जब भारत संभावनाओं वाला देश नहीं रह गया है। यह बेजोड़ बुनियादी ढांचे के विकास के साथ उभरता हुआ देश है। उन्होंने नए हवाई अड्डों और महानगरों समेत विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का हवाला दिया। देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट एक महीने तक चलने वाले गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा ले रहे हैं, जो 30 दिसंबर को शुरू हुआ और 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा। वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भाग ले रही हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। 2,361 कैडेट में से 114 जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से, जबकि 178 पूर्वोत्तर क्षेत्र से हैं।



# स्थानीय निकायों की 500 से अधिक महिला प्रतिनिधियों को संसदीय प्रक्रियाओं की दी जायेगी जानकारी : ओम बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को पंचायत से पार्लियामेंट कार्यक्रम के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे, जिसका उद्देश्य देश भर की पंचायती राज संस्थाओं की 500 से अधिक महिला प्रतिनिधियों को संविधान और संसदीय प्रक्रियाओं की जानकारी देना है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यशाला और सत्र आयोजित किये जाएंगे, प्रतिभागियों को नये संसद भवन, संविधान सदन, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रपति भवन का दौरा कराया जाएगा, जिससे उन्हें भारत की विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली की गहन जानकारी मिलेगी।

लोकसभा सचिवालय ने रविवार को कहा कि इस कार्यक्रम में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की अनुसूचित जनजातियों (एसटी) की 502 निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा, जिससे एक विविध और समावेशी समूह सुनिश्चित होगा। इसका उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं से अनुसूचित जनजातियों की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना तथा प्रभावी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन के बारे में उन्हें जानकारी देना है।



महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख विजया रहाटकर इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम एक सत्र को संबोधित करेंगे।

संक्षेप

## नेहरू कार्यकाल में भारतीय क्षेत्र पर चीन ने किया कब्जा : भाजपा

नयी दिल्ली। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारतीय क्षेत्रों पर चीन के कब्जे का आरोप लगाने के लिए रविवार को कांग्रेस की आलोचना की। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस ऐसे झूठे बोलकर बच नहीं सकती क्योंकि यह सब जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुआ था। इससे पहले शनिवार को कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, चीन भारत की जमीन पर कब्जा करता रहा। नरेन्द्र मोदी क्लीन चिट देते रहे। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने इसपर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे की बात करना कांग्रेस की बेईमानी है जबकि तथ्य यह है कि यह सब प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुआ था। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सोचिए, नेहरू के विश्वासघात के लिए प्रधानमंत्री मोदी को दोषी ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस इस तरह के झूठ बोलकर बच नहीं सकती। मालवीय ने कहा कि वास्तविकता यह है कि हेआन काउंटी अक्साई चिन का नया नाम है, जिस पर चीन ने 1962 में कब्जा कर लिया था। मालवीय ने कहा, हेआन काउंटी का महत्व जी219 राजमार्ग से समझा जा सकता है, जिसे चीन ने औपचारिक रूप से 1957 में खोला था।

# नांदेड़ विस्फोट मामले में आरोपियों को बरी करना कांग्रेस को तमाचा : विहिप

नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद ने रविवार को 2006 के नांदेड़ विस्फोट मामले में आरोपियों को बरी किए जाने को कांग्रेस के मुंह पर करारा तमाचा बताया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से हिंदू समाज से माफी मांगने को कहा।

महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सत्र अदालत ने 2006 के विस्फोट मामले में सभी नौ जीवित आरोपियों को शनिवार को बरी कर दिया, जिसके बाद यह प्रतिक्रिया आई है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, नांदेड़ में 2006 में हुए विस्फोट मामले में कांग्रेस के शासन में आरोपी बनाए गए सभी लोगों को अदालत द्वारा बरी किए जाने से हिंदुओं को आतंकवादी साबित करने के कांग्रेस के दिवास्वप्न की आज पोल खुल गई। उन्होंने दावा किया कि मालेगांव विस्फोट मामले में कांग्रेस और महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते का पहले ही पर्दाफाश हो चुका है। बंसल ने कहा, 19 साल बाद, नांदेड़ की अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है और कांग्रेस के हिंदू विरोधी कृत्यों के लिए उसके मुंह पर करारा तमाचा मारा। उन्होंने कहा, कम से कम अब तो कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

# बाइडेन ने हिलेरी क्लिंटन व सोरोस को दिया प्रेसिडेंशियल मेडल

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, विवादित निवेशक जॉर्ज सोरोस, वोग की प्रधान संपादक एना विंटोर, वैज्ञानिक बिल नेई और अभिनेता डेनजेल वाशिंगटन सहित 19 लोगों को शनिवार को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम प्रदान किया। प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अमेरिका की समृद्धि, उसके मूल्यों, सुरक्षा, विश्व शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो या सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में



महत्वपूर्ण काम किए हों। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के कारण अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी अमेरिकी राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से व्हाइट हाउस में उपस्थित नहीं हो सके। बाइडन ने व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में आयोजित समारोह में कहा, राष्ट्रपति के रूप में अंतिम बार मुझे हमारे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान मेडल ऑफ फ्रीडम को असाधारण लोगों के एक समूह को प्रदान करने का सम्मान मिला है। ऐसे लोग जिन्होंने अमेरिका की संस्कृति और उद्देश्य को आकार देने में योगदान दिया।

पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन, कई मंत्रियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह में अपने संबोधन में बाइडन ने कहा, लोगों के इस समूह ने अपनी अंतर्दृष्टि और प्रभाव से हमारे देश पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी है जिसे दुनिया भर के प्रमुख शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

# मोदी ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया वे केन्द्र-दिल्ली के बीच सहयोग का नतीजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन की गयी दो परियोजनाओं को दिल्ली के बुनियादी ढांचे के लिए मील का पत्थर बताया और दावा किया कि ये केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उपक्रम हैं। मोदी ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के साहिबाबाद से यहां न्यू अशोक नगर तक दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से और दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के जनकपुरी पश्चिम-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन खंड का उद्घाटन किया। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, दिल्ली के लोगों को बधाई दी और कहा कि ये परियोजनाएं शहर और केंद्र सरकारों के बीच सहयोग का नतीजा हैं। केजरीवाल ने अपने आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा, ये उद्घाटन उन लोगों को जवाब है जो कहते हैं कि आप केवल लड़ाई-झगड़े करती है। उन्होंने अपनी पार्टी के सामने आने वाली चुनौतियों का जिक्र करते हुए दावा किया कि आप नेताओं को जेल में डाला गया और उन्हें प्रताड़ित किया गया, लेकिन उन्होंने अपना ध्यान शासन पर केंद्रित रखा। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में हमारे कार्यकाल ने यह दिखाया है कि हमने काम को हर चीज से ऊपर रखा है।



उन्होंने मोदी पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण का अधिकांश हिस्सा दिल्ली सरकार की आलोचना करने में लगाया। केजरीवाल ने कहा, आज, प्रधानमंत्री दिल्ली के लोगों और दिल्ली की चुनी हुई सरकार को कोसते रहे। मैं इसे सुन रहा था, मुझे बुरा लगा। 2020 में प्रधानमंत्री ने जो वादा किया था - दिल्ली देहात के लोग अभी भी उसके पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मोदी से भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने का आग्रह भी किया। सत्तर सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव फरवरी में होने की संभावना है। केजरीवाल ने अपनी टिप्पणी में केंद्र के साथ जारी खींचतान के बीच आप के विकास पर ध्यान केंद्रित करने को रेखांकित किया।

# सरपंच हत्या मामले की दृढ़ता से जांच कर रही सरकार

एजेंसी

नागपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार बीड जिले के मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले की पूरी दृढ़ता के साथ जांच कर रही है और अपराध में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।



फडणवीस ने पत्रकारों से कहा कि संतोष देशमुख की हत्या मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। देशमुख की नौ दिसंबर को उस समय हत्या कर दी गई थी, जब उन्होंने बीड में पवनचक्की परियोजना संचालित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास किया था। महाराष्ट्र के मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता धनंजय मुंडे के सहयोगी वाल्मीक कराड को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया था। हत्या के मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा, बीड मामले में सरकार और पुलिस पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

उन्होंने कहा कि देशमुख एक लोकप्रिय सरपंच थे लेकिन उनकी मौत मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। फडणवीस ने कहा, आरोपी भले ही फरार हों, लेकिन कार्वाई की जा रही है। हम उन लोगों को नहीं बख्श रहे हैं जिन्होंने आरोपियों की मदद की। जांच एजेंसियों को मामले की सही तरीके से जांच करने की अनुमति दी जानी चाहिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि उन्होंने फरार आरोपियों सुदर्शन चंद्रभान घुले (26) और सुधीर सांगले (23) को पुणे से पकड़ लिया है और सिद्धार्थ सोनवणे को गिरफ्तार कर लिया है।

# आजादी के बाद अच्छे को बुरे से अलग करने की खो दी क्षमता : योगेन्द्र यादव

एजेंसी

बेंगलुरु। राजनीतिक नेता एवं चुनाव विश्लेषक योगेन्द्र यादव ने कहा कि लोकतंत्र के विफल होने का एक कारण यह है कि धर्मनिरपेक्ष उदारवादियों ने राष्ट्रवाद, सभ्यतागत गौरव और धर्म को उन लोगों को सौंप दिया जो आज उनसे छेड़छाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्रीय आंदोलन ने हमारे अतीत से सर्वश्रेष्ठ को चुना और जो स्वीकार्य नहीं था उसे त्याग दिया। हमारे उदार, शिक्षित, आधुनिक संभ्रांत वर्ग ने हमारे अतीत से मुंह मोड़ लिया। यादव बेंगलुरु स्थित विचार समूह विस्तार द्वारा यहां आयोजित एक व्याख्यान कार्यक्रम में शनिवार को बोल रहे थे। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में उदारवादियों के धर्म के प्रति अविश्वास को रेखांकित किया।

स्वराज अभियान के संस्थापक सदस्य ने कहा, हमारे देश के सभी धर्मों में गहरी परंपराएं हैं। हमारे राष्ट्रीय आंदोलन के नेता इस तथ्य के प्रति सचेत थे कि उन्हें इसे संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, आजादी के बाद हमने अच्छे को बुरे से अलग करने की क्षमता खो दी और इसके साथ ही अपनी विश्वसनीयता भी खो दी।

इंटरटेनमेंट...

# सलमान खान के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई

**मुंबई।** सलमान खान की सुरक्षा को लेकर लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को सलमान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी में मरम्मत का काम जारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। दरअसल, पिछले कुछ समय से सलमान खान को लॉरेंस गैंग से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सलमान खान के अपार्टमेंट की बालकनी में चल रहे मरम्मत की तस्वीरें।

लॉरेंस गैंग के टारगेट पर हैं सलमान खान सलमान खान को बीते कुछ सालों से लगातार जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकियां मिल रही हैं। 1998 में हुई काले हिरण के शिकार की घटना से बिश्नोई समुदाय नाराज है, जिसका हवाला देते हुए लॉरेंस ने एक टीवी इंटरव्यू में सलमान को मारने की धमकी दी थी। एनआईए ने कहा था कि खान उन 10 लोगों की लिस्ट में टॉप पर हैं, जिन्हें जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस ने मारने की धमकी दी थी। 14 अप्रैल को सलमान के घर पर हुई थी फायरिंग, एक्टर घर में ही थे सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने 14 अप्रैल, 2024 की सुबह 5 बजे फायरिंग की गई थी। एक बाइक से आए दो हमलावरों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे। 12 अक्टूर को हुई थी सलमान के करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी की हत्या बता दें, सलमान खान के सबसे करीबी दोस्त और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूर, 2024 को हत्या कर दी गई थी। वहीं, लॉरेंस गैंग ने इस घटना की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद से ही सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर तगड़ी सिक्योरिटी तैनात कर दी गई।



# उर्वशी रौतेला का नया गाना देख भड़के फैंस

**मुंबई।** हाल ही में साउथ फिल्म डाकू महाराज का गाना दबिड़ी दिबिड़ी रिलीज हुआ है। नए गाने में फिल्म के लीड एक्टर नंदमुरी बालाकृष्णा के साथ उर्वशी रौतेला डांस करती नजर आई हैं। हालांकि कई सोशल मीडिया यूजर्स और फैंस इस गाने को अश्लील और घटिया कह रहे हैं।

उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से गाना रिलीज होने की अनाउंसमेंट की थी। वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा, ये रहा इलेक्ट्रिफाइंग दबिड़ी दिबिड़ी का पूरा गाना हमारी मेगा पीरियड ड्रामा फिल्म डाकू महाराज से। मासेस ऑफ गॉड म्यूजिक थामन और नंदमुरी मालाकृष्णा की तरफ से ये एक परफेक्ट न्यू ईयर गिफ्ट है। एनर्जी एंजॉय कर सेलिब्रेट करें। फिल्म 12 जनवरी 2025 को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। गाना रिलीज होते ही कई यूजर्स गाने की कोरियोग्राफी और डांस स्टेप देखकर भड़क गए हैं।



## अनुपमा शो छोड़ने पर रूपाली गांगुली ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। पिछले कुछ समय से टीवी शो अनुपमा सुर्खियों में बना हुआ है। इसी बीच खबरें आई थीं कि शो की लीड एक्ट्रेस रूपाली गांगुली (अनुपमा) शो छोड़ रही हैं। अब रूपाली ने इन खबरों का खंडन किया है और कहा कि वह आखिर तक अनुपमा का हिस्सा बनी रहेंगी। 'न्यूज 18' के मुताबिक, रूपाली ने कहा, ह्यवाह, लोग सच में बहुत ज्यादा कल्पना करते हैं। लेकिन मेरे बारे में और शो के बारे में बात करने के लिए धन्यवाद। मैं क्या कहूं? हर इंसान का एक कोर होता है और मेरा कोर आभार है। मेरे पति और मैं दोनों मानते हैं कि राजन जी ने मुझे एक अलग पहचान, प्लेटफॉर्म और पोजीशन दी है। मैं इस जीवन में कभी भी उसका बदला नहीं चुका पाऊंगी।

# अहमदाबाद कॉन्सर्ट से पहले कोल्डप्ले को नोटिस

मुंबई। कोल्डप्ले का अहमदाबाद कॉन्सर्ट 25-26 जनवरी को हो रहा है। कॉन्सर्ट से पहले अहमदाबाद की चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट ने सिंगर क्रिस मार्टिन और कोल्डप्ले ऑर्गेनाइजेशन को नोटिस जारी की है। यूनिट की चेतावनी है कि कॉन्सर्ट में किसी भी फॉर्म में बच्चों का इस्तेमाल नहीं करें।

ऑर्गेनाइजेशन को यह भी निर्देश दिया गया है कि किसी भी बच्चे को बिना इयरप्लग या हियरिंग प्रोटेक्शन के कॉन्सर्ट में एंट्री की परमीशन नहीं दी जाएगी। यूनिट ने यह भी कहा कि कॉन्सर्ट के दौरान 120 डेसिबल से अधिक साउंड लेवल बच्चों के हेल्थ के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। एडवाइजरी में यह भी मेंशन किया गया है कि अगर निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो ऑर्गेनाइजेशन के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह नोटिस चंडीगढ़ में सोशलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर पंडित राव धरनेवर द्वारा दायर की गई शिकायत के जवाब में जारी किया गया है। धरनेवर ने न्यूज एजेंसी अठक से बात करते हुए कहा- तेज आवाज और चमकदार रोशनी वाले म्यूजिक इवेंट्स में बच्चों को शामिल करना उनके फिजिकल हेल्थ और मेंटल ग्रोथ को नुकसान पहुंचा सकते हैं। मुंबई में होंगे कोल्डप्ले के तीन शो कोल्डप्ले ने सितंबर में 18 और 19 जनवरी 2025 को मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो कॉन्सर्ट करने की घोषणा की थी। लेकिन लोगों की मांग को देखते हुए बैंड ने 21 जनवरी को उसी जगह पर तीसरा शो करने का भी ऐलान किया था।

भारत में 9 साल बाद कोल्डप्ले की परफॉर्मेंस कोल्डप्ले बैंड ने 2016 में मुंबई में आयोजित गोल्डन सिटिजन फेस्टिवल में परफॉर्म किया था। 80 हजार लोग इस शो का हिस्सा बने थे, जिनमें कई बॉलीवुड सेलेब्स भी शामिल थे। अब 9 साल बाद बैंड फिर भारत में आ रहा है। भारत में कोल्डप्ले के गाने हाय्म फॉर द वीकेंड, यलो, फिक्स यू बेहद पॉपुलर हैं। लंदन में शुरूआत, 7 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीते कोल्डप्ले बैंड की शुरूआत साल 1997 में लंदन में हुई थी।






आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com